आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 49 | उज्जैन, शुक्रवार 06 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 3 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जेडीयू कार्यालय में तोडफोड़ सीएम हाउस के बाहर हंगामा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्य सभा जाने के ऐलान के बाद, जेडीयू कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है। पटना में जेडीयू ऑफिस में आज दोपहर जमकर तोडफोड़ की गई। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऑफिस के अंदर हंगामा किया, फर्नीचर और पोस्टर को नुकसान पहुंचाया। उनका साफ आरोप है कि पार्टी के कुछ सीनियर नेताओं ने चाल चली है और वे नीतीश कुमार को बिहार की राजनीति से हटाने की साजिश कर रहे हैं। सुबह से ही हजारों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास (1 अणे मार्ग) के बाहर जमा हैं। वहां का माहौल बेहद इमोशनल और तनावपूर्ण है। कई कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर रो रहे हैं, जबकि कुछ ने तो आत्मदाह करने तक की धमकी भी दी है। कार्यकर्ता हम जान दे देंगे लेकिन नीतीश कुमार को नहीं जाने देंगे जैसे नारे लगा रहे हैं।

### चांदी 2 दिन में 32 हजार सस्ती हुई, 2.58 लाख किलो पर आई

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में 5 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.63 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 2 दिन में 7 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, एक किलो चांदी 13 हजार रुपए गिरकर 2.58 लाख पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये दो दिन में 32 हजार रुपए सस्ती हो चुकी है। सोना चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है। सोना इस साल 26 हजार और चांदी 27 हजार महंगी इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली।

### मंदाना करीमी भारत छोड़ेंगी

### इंडिया ने धोखा दिया काम मिलना बंद हुआ



ईरान आजाद होते ही लौटूंगी, पहले भी विवादों में रहीं एक्ट्रेस

**मुंबई।** ईरानी एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ने का फैसला कर लिया है। 25 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहीं मंदाना का कहना है कि भारत ने उन्हें धोखा दिया है और अब यहां उनकी कोई आवाज नहीं बची है। उन्होंने अपना सारा सामान पैक कर लिया है और जैसे ही ईरान में मौजूदा शासन खत्म होगा, वह वापस अपने देश लौट जाएंगी। दरअसल ईरान-इजराइल युद्ध में 28 फरवरी को हुए मिसाइल हमलों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई थी। मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस मौत पर खुशी जाहिर की थी और ईरानी शासन की कड़ी आलोचना की थी। इसी विरोध के बाद से मंदाना को भारत में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। जनवरी 2026 से मुझे काम मिलना बंद हो गया है और मेरे पुराने कॉन्ट्रैक्ट भी कैंसिल कर दिए गए हैं। मंदाना का कहना है कि वह अब भारत से अपना नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, जैसे ही ऐलान होगा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिर गई है, मैं तुरंत चली जाऊंगी। मैंने अपना बैग पैक कर लिया है। मैं एक ऐसा ईरान देखना चाहती हूं जहां महिलाएं आजाद हों, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सकें और किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकें।

### अधेड़ की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या, आरोपियों ने मरते दम तक पीटा

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धनवाही कौड़िया में होली के दिन खून की होली कुछ लोगों ने खेली। एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 52 साल के अधेड़ पर अज्ञात लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। घटना बुधवार शाम 4 बजे की है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतक की पहचान धनवाही कौड़िया निवासी किशोरी बसोर (52 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को होली के पर्व के दौरान उसका गांव के कुछ लोगों से सामना हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने लाठियों और डंडों से किशोरी पर अचानक हमला कर दिया। इससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्लीमनाबाद थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची।

### राज्यसभा चुनाव : महाराष्ट्र से शरद पवार समेत 7 प्रत्याशियों का नामांकन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए महायुति के छह उम्मीदवारों और महा विकास अघाड़ी के शरद पवार ने नामांकन दाखिल किया। बिहार में भाजपा के दो प्रत्याशी पार्टी के नेशनल प्रेसिडेंट नितिन नवीन और शिवेश कुमार ने नॉमिनेशन किया। वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं, उन्होंने भी पर्चा भरा। अब बिहार को नया सीएम मिलेगा। नितिन और नीतीश के नामांकन में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। इधर, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के 4 उम्मीदवारों कोएल मल्लिक, मेनका गुरस्वामी, राजीव कुमार और बाबुल सुप्रियो ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। आज सुबह ही कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए 6 उम्मीदवारों का ऐलान किया।

### विधायक कार्यालय घेरने के बाद विरोध करने भाजपा कार्यालय पहुंचे चौड़ीकरण प्रभावित

# फूट-फूट कर रोई महिलाएं, भाजपा लोकशक्ति कार्यालय पहुंची

## विधायक ने कहा- 24 मीटर से अधिक चौड़ीकरण हुआ तो जनता के साथ आपके खिलाफ खड़ा रहूंगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के नाम पर शहर में किए जा रहे चौड़ीकरण में गुरूवार को जमकर विरोध की स्थिति सामने आई है। पीपलीनाका-भैरवगढ़ क्षेत्र के रहवासियों ने यह विरोध किया। महिलाएं घरों से निकली और विधायक अनिल जैन के कार्यालय पहुंची। यहां घेराव कर दिया और सड़क पर बैठकर फूट-फूटकर रोई। इधर विधायक ने भी कलेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 मीटर से अधिक चौड़ीकरण हुआ तो जनता के साथ आपके खिलाफ खड़ा रहूंगा।

पिपलीनाका क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के लिए निशान लगाने के बाद गुरुवार को रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। करीब 400 से अधिक लोग क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के आगर रोड स्थित कार्यालय पहुंचे और घेराव कर नारेबाजी की। इस दौरान विधायक कहीं जाने के लिए निकले तो उनके वाहन को घेर लिया गया।







#### महिलाओं ने रोते हुए जताया विरोध-

विरोध के दौरान कई महिलाएं अपने घर टूटने के डर से रोती-बिलखती नजर आईं। लोगों ने विधायक से कहा कि उन्होंने वोट देकर उन्हें चुना, लेकिन अब उनके घरों को ही तोड़ा जा रहा है। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने प्रदर्शनकारियों की बात सनने के बाद कलेक्टर रौशन सिंह से फोन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित लोगों को कलेक्टर से मिलवाएंगे और इस मुद्दे पर समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।

#### नोटिस में भवन स्वामियों को प्रभावित हिस्से सात दिन के भीतर खाली करने को कहा

नगर निगम ने मंगलवार को पिपलीनाका से गढ़कालिका और भैरवगढ़ तक सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों को नोटिस दिए थे। नोटिस में भवन स्वामियों को प्रभावित हिस्से सात दिन के भीतर खाली करने को कहा गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई मकानों का 10 से 20 फीट तक हिस्सा सड़क चौड़ीकरण में आ रहा है। इससे कई परिवारों के मकान और रोजी-रोटी पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। निगम के जोन-1 कार्यालय की टीम ने पिपलीनाका से गढ़कालिका मंदिर होते हुए ओखलेश्वर श्मशान और भैरवगढ़ जेल चौराहा तक के भवन-प्रतिष्ठान स्वामियों को नोटिस दिए हैं। पहले सड़क को 150 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव था, जिसे बाद में घटाकर 100 फीट किया गया है। स्थानीय रहवासी सड़क की चौड़ाई 80 फीट रखने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे कई रहवासियों को बेघर होने से बचाया जा सकेगा। उनके पास मकान किराए तक के पैसे नहीं हैं। मकानों को टूटने से बचाया जा सकता है। वहीं प्रशासन जल्द ही मौके पर काम शुरू करने की तैयारी में है।

# करोड़पति कॉन्स्टेबल का 100 करोड़ का गोल्ड-कैश जब्त होगा

## आयकर विभाग ने बेनामी माना, सौरभ शर्मा को वास्तविक मालिक, चेतन गौर को बेनामीदार बताया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

आरटीओ के पूर्व करोड़पति कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर से जुड़े मामले में बरामद 100 करोड़ रुपए के सोना और नकदी को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा। आयकर विभाग की एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी ने भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) की कार्रवाई को सही ठहराया है। अथॉरिटी ने सौरभ शर्मा को सोने का वास्तविक मालिक बताया है।

सौरभ शर्मा दिसंबर 2024 में तब चर्चा में आया था, जब लोकायुक्त, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने उसके ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की थी। इसी दौरान 18 और 19 दिसंबर की दरमियानी रात भोपाल के मेंडोरी में इनोवा कार से 11 करोड़ रुपए कैश और 51.8 किलो गोल्ड जब्त किया था और इसका लिंक भी सौरभ से जुड़ा था।





#### सौरभ, चेतन को अपील का मिलेगा मौका

एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी द्वारा आयकर विभाग की बेनामी विंग की कार्रवाई को सही ठहराने के बाद अब सौरभ शर्मा और चेतन सिंह गौर के पास अपील का विकल्प है। दोनों यदि अपील करते हैं, तो सुनवाई के बाद इस पर फैसला होगा। यदि तय समय सीमा के भीतर अपील नहीं की जाती है, तो भारत सरकार इस मामले में नीलामी की कार्रवाई कर गोल्ड और कैश को जब्त कर सकती है।

इसके बाद सौरभ और उसके सहयोगियों की बेशुमार संपत्ति सामने आई थी। हालांकि, अब तक हुई पूछताछ में सौरभ शर्मा ने यह स्वीकार नहीं किया है कि मेंडोरी में इनोवा कार में मिला सोना और कैश उसका है।

#### अगस्त 2025 में की गई थी अस्थायी कुर्की

आयकर विभाग की भोपाल स्थित बेनामी निषेध इकाई ने पीबीपीटी अधिनियम, 1988 के तहत अगस्त 2025 में सोना, नकदी और इनोवा वाहन की अस्थायी कुर्की की थी। उस समय इसकी कुल कीमत करीब 52 करोड़ रुपए आंकी गई थी। जांच एजेंसियों के अनुसार बरामद सोना और नकदी का वर्तमान मूल्य करीब 100 करोड़ रुपए आंका गया है। अब एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के फैसले के बाद इन संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

#### चेतन सिंह गौर को बेनामीदार घोषित किया

आयकर विभाग ने इस लेनदेन को पीबीपीटी अधिनियम की धारा 2(9) (ए) के तहत बेनामी लेनदेन माना है। जांच में चेतन सिंह गौर को बेनामीदार और रिटायर्ड आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा को वास्तविक मालिक बताया गया है।

# ट्रेन के वाशरूम में जज की पत्नी की मौत

## दरवाजा तोड़कर शव निकाला, साईलेंट अटैक से मौत, पति स्टेशन पर करते रहे इंतजार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

रतलाम जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ट्रेन यात्रा के दौरान एक जज की पत्नी की वॉशरूम में मौत हो गई। घटना कांचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस में हुई, जहां महिला को अचानक साइलेंट अटैक आने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार राजस्थान के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान और उनकी पत्नी उषा चौहान जोधपुर से निंबाहेड़ा जा रहे थे। दोनों पति-पत्नी ट्रेन में अलग-अलग कोच में सफर कर रहे थे। निंबाहेड़ा पहुंचने से पहले उषा चौहान ने अपने पति को फोन कर बताया कि वह वॉशरूम जा रही हैं। इसके बाद जब ट्रेन निंबाहेड़ा स्टेशन पहुंची तो जज राजकुमार चौहान ट्रेन से उतर गए, लेकिन उनकी पत्नी बाहर नहीं आईं। पत्नी के ट्रेन से नहीं उतरने पर राजकुमार चौहान को चिंता हुई। उन्होंने तुरंत इस बात की सूचना रेलवे पुलिस को दी। इसके बाद रेलवे पुलिस ने ट्रेन को मंदसौर में रुकवाया, लेकिन वहां वॉशरूम का दरवाजा नहीं खोला जा सका। बाद में रतलाम जिले के जावरा अनुभाग में पुलिस ने ट्रेन रुकवाकर वॉशरूम का दरवाजा तोड़ा। अंदर देखने पर उषा चौहान का शव पड़ा मिला।

### सरकार की अपील पर किसानों ने लगाई मक्का

## एमएसपी पर खरीद नहीं हुई, मंडी में आधे रेट मिले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

केंद्र सरकार की नीति है कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिक्स किया जाए, ताकि ईंधन के लिए विदेशों पर निर्भरता कम हो। इसके लिए किसानों से कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा मक्का उगाएं। केंद्र ने मक्का का समर्थन मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल तय किया।

तेल कंपनियों ने भी मक्का से बने एथेनॉल के लिए प्रति लीटर 5.79 रुपए तक बोनस की घोषणा की। नतीजा ये कि मप्र में एक साल में मक्का का रकबा 7 लाख हेक्टेयर से ज्यादा और उत्पादन 21 लाख मीट्रिक टन बढ़ गया। लेकिन, जब बेचने की बारी आई तो किसानों की लागत भी नहीं निकल पाई। समर्थन मूल्य पर खरीदी तो हुई ही नहीं, मंडियों में भी औसत दाम 1500 से 2000 तक रहे। यानी न सरकार से समर्थन मिला और न बाजार से। कुछ हफ्तों पहले मांग बहुत कम होने से मालवा-निमाड़ की दूरदराज मंडियों में दाम 1100 रुपए प्रति क्विंटल तक हो गए थे, जबकि इसकी लागत ही करीब 1500 रु. प्रति क्विंटल है। अब किसान खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। जिस सरकार के कहने पर उत्पादन बढ़ाया, वही अब खरीद न करने के तमाम कारण गिना रही है।

### ब्रिटेन के एश्मोलियन संग्रहालय ने प्राचीन मूर्ति लौटाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के ऐश्मोलियन संग्रहालय ने 16वीं शताब्दी की एक कांस्य प्रतिमा भारत को लौटाई है जिसे तमिलनाडु में उसके मूल मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संत थिरुमनकाई अलवर की पवित्र प्रतिमा को संग्रहालय ने 1967 में सोथबी की नीलामी में हासिल किया था। नवंबर 2019 में एक स्वतंत्र शोधकर्ता ने थाडिकोम्बु में श्री सौंदराजा पेरुमल के मंदिर से इसकी उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी थी।

### इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो: पीएम मोदी

## सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही।



उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

#### भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक जताया

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी।

### अमेरिका ने ईरान के मोबाइल मिसाइल लॉन्च ट्रक को उड़ाया

# इजराइल-ईरान जंग के दौरान बंकर में शादी



एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज छठा दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने गुरुवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान के इजराइल और गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो चुकी है। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 2000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। इससे ईरान में 1,045 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मिशा नाम के एक शख्स ने बुधवार को इजराइल के तेल अवीव स्थित एक भूमिगत बम शेल्टर में शादी की। इस दौरान अपनी दुल्हन लियोर के चेहरे पर घूंघट डाला।

#### अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग के बीच कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के कारण मिडिल ईस्ट के देशों में भारत के लिए उड़ान सेवा प्रभावित हुई है। हालांकि बीते 2 दिन में हालात आंशिक रूप से सुधरे हैं। स्पाइसजेट मिडिल ईस्ट में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए गुरुवार को वअए से 13 स्पेशल फ्लाइट्स चलाएगी। इनमें 12 फुजैराह से और 1 दुबई से चलेंगी। फुजैराह से मुंबई के लिए सात और दिल्ली के लिए पांच स्पेशल फ्लाइट्स चलेंगी। वहीं एक फ्लाइट दुबई से मुंबई आएगी। इधर, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए। 1 मार्च से आज लगातार पांचवे दिन श्रीनगर में लाल चौक पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षाबल की तैनाती है। गलियों के बाहर तार फैंसिंग की गई है।



इस बीच 4 दिन बंद पड़ी कोलकाता-दुबई की उड़ानें आज से दोबारा शुरू की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट गुरुवार सुबह एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसमें 130 यात्री थे। बोइंग 737 मैक्स वाला यह प्लेन यहां से 55 यात्रियों को लेकर दुबई रवाना हुआ।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## पोल भी खोली, सुझाव भी दिया...

किसी ज्ञानी ने कहा है कि राजनीति दुधारी तलवार है। ये तो उसके धारक पर निर्भर करता है कि वह कब किस और की धार का उपयोग करता है और कब दोनों और की धार को एक साथ उपयोग करता है। चौडीकरण पर भी कुछ ऐसे ही हाल हैं। मसले पर दुधारी तलवार बडी ही गजब तरीके से चली है। माननीय ने अपने बयान में पोल भी खोल कर रख दी और कैसे जमीन बचेगी यह भी साफ कर दिया। बयान में पोल ऐसे खोली गई कि




"जैसे मेघदूत परिसर के सामने अधिकारियों ने वहां पर रोड डिवाइडर छोटा कर दिया, वहां आसपास के जो पाथवे थे वे छोटे करके और उसको बचाने का काम किया।" सुझाव ऐसे दिया कि 'पाथवे तीन-तीन मीटर के बजाय मात्र डेढ़ मीटर का पाथवे कर लें। सेंटर को मात्र एक मीटर, आधा मीटर का कर लें और जितनी रोड जितनी बनना उतनी बना लें ताकि लोगों के मकान नहीं टूटें। दोनों तरफ से 10-10 फीट छूट जाए अर्थात 20 फीट छूट जाए... । खुसूर-फुसूर है कि चौडीकरण में गेल से नीलगंगा मार्ग पर भी यही स्थिति है। इस सुझाव को अगर मान लिया जाए तो इस मार्ग पर कई रहवासी बेघर होने से बच जाएंगे। कईयों को किराए के मकान में जाने से बचाया जा सकेगा। कईयों को अतिरिक्त आर्थिक मार एवं भार से मुक्त किया जा सकेगा। यहां 15 मीटर के चौडीकरण में ही बहुत कुछ किया जा सकता है। जबरिया 18 मीटर चौडीकरण कर रहवासियों को समेटने का काम अंजाम दिया जा रहा है। यही हाल पीपलीनाका झभैरूगढ एवं गढकालिका क्षेत्र में है। इन मार्गों पर 1 मीटर का सेंट्रल डिवाईडर होगा। मार्ग के दोनों और एक एक मीटर का फूटपाथ होगा। सौंदर्यकरण किया जाएगा। अब इन्हें कौन समझाए की गरीब का घोंसला तोडकर सौंदर्यकरण नहीं मिलता हला-कला,बद्दुआएं मिलती है।

## ट्रैंडिंग

रूस
यूक्रेन
इज़रायल
फिलिस्तीन
ईरान
अफगानिस्तान
पाकिस्तान
सीरिया
यमन
सूडान
इराक
जॉर्डन
कुवैत
सऊदी अरब
बहरीन सब लड़ रहे



और भारत में होली मनाई जा रही है।
क्योंकि हमारे पास मोदीजी हैं।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने किए महाकाल दर्शन



उज्जैन। भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अहीर का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सभी जमकर गानों की धुन पर थिरके और आनंद उठाया, होली खेलने में महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं रहीं, लोग ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी

# होली पर जमकर उड़ा रंग गुलाल, मस्ती में झूम लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन













भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में रंगों का पर्व होली बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जमकर रंग गुलाल उड़ा और लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर खुशियां बांटी। हर आयु वर्ग के लोगों ने रंगों की होली खेली और बच्चे,बड़े, बुजुर्ग सभी जमकर गानों की धुन पर थिरके और आनंद उठाया। होली पर कोई लाल हुआ तो कोई पीला। हर तरफ रंग व गुलाल उड़ रहा था और लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दे रहे थे।

फ्रीगंज,शहीद पार्क, नानाखेड़ा, देवास गेट, मालीपुरा, छत्री चौक, बुधवारिया, दौलतगंज, गोपाल मंदिर सहित अन्य चौराहों पर युवाओं की टोलियां ने जमकर होली खेली सुबह से लेकर शाम तक लोग रंग व गुलाल में सराबोर रही। छोटे बच्चों ने भी जमकर होली खेली पिचकारी में पानी लेकर सड़कों व गलियों में आने जाने वालों को भीगने में मस्त दिखे।

सुबह से ही महिला पुरुष होली खेलने के लिए ग्रुपों में घर से निकले। महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं थीं। महिलाओं की टोलियां भी अलग अलग होली खेल रही थीं। बच्चे व युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया और सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की खुशी मनाई।

### एक-दूसरे को 'बुरा न मानो, होली है' कहते हुए गले मिले

होली पर भांग की बिक्री भी जमकर हुई भांग का सेवन करने में पुरुष के साथ महिलाएं भी पीछे नहीं थी। भांग के नशे में लोग जमकर नाचे और झूमें। वही बुजुर्गों की टोलियां ने घर-घर जाकर लोगों को रंग व गुलाल लगाकर आशीर्वाद दिया। होली का पर्व देशभर में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है, और आज भी लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को 'बुरा न मानो, होली है' कहते हुए गले मिल रहे थे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष पंचमी के अवसर पर भी खूब होली खेली जाएगी।

# चौड़ीकरण में चौतरफा गरीब पर मार

पीपलीनाका-भैरवगढ,गेल से नीलगंगा आदि गरीब क्षेत्रों में अधिक चौड़ीकरण का विरोध, - पीपलीनाका रहवासी 80 फीट पर अड़े, गेल-नीलगंगा रहवासियों की 15 मीटर की मांग, बोले विकास के पक्षधर विनाश को रोकें





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरीब क्षेत्रों पर चौडीकरण की गाज गिरने से शहर में बवाल की स्थिति बन रही है। इसी के तहत पीपलीनाका-भैरवगढ के रहवासियों ने गुरूवार को सडक पर आकर मोर्चा खोल दिया। विधायक अनिल जैन कालूहेडा के कार्यालय का घेराव किया गया। भाजपा लोकशक्ति कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान महिलाएं जमकर बिलख बिलखकर रोई और उन्होंने दुहाईयां भी दी। गेल से नीलगंगा मार्ग चौडीकरण को 18 मीटर किया जा रहा है। क्षेत्रीय रहवासी इसे 15 मीटर करने की मांग करते आ रहे हैं।

पीपलीनाका-भैरवगढ के साथ गढकालिका मार्ग पर भी चौडीकरण किया जाना है। इसके चलते रहवासियों ने अपने घरों के सामने फ्लैक्स लगाकर विकास का समर्थन विनाश का विरोध प्रदर्शित किया था। यहां के रहवासियों की मांग 80 फीट मार्ग की है। इसका समर्थन विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने भी करते हुए 24 मीटर सडक चौडीकरण की पक्षधरता की है। गेल झनीलगंगा मार्ग 18 मीटर चौडा किया जा रहा है। यहां भी रहवासियों की मांग 15 मीटर की है। दोनों ही क्षेत्र बीपीएल से भरे हुए हैं। यहां के अधिकांश रहवासियों की आर्थिक स्थिति कमजोर ही है। चौडीकरण की जद में आने वाले मकानों में कुछ का तो मात्र कुछ भाग ही बच रहा है और कुछ का अंश मात्र भाग ही बच रहा है। इससे रहवासियों में आक्रोश भडकता जा रहा है।

### रहवासियों की मांग 80 फीट किया जाए

सिंहस्थ के चौडीकरण में पीपलीनाका चौराहे से सेंट्रल जेल भैरवगढ़ एक गढ़कालिका मार्ग शामिल हैं। इसके लिए नोटिस बाँट दिए हैं। इसमें मकान बड़ी संख्या में प्रभावित हो रहे हैं। आज क्षेत्र के समस्त रहवासी अपना व्यवसाय बंद कर विधायक का कार्यालय घेरने पहुँचे थे।विधायक कार्यालय पर इन्होंने धरना दिया। गढ़कालिका और पीपलीनाका मार्ग का चौड़ीकरण को लेकर 7 दिन की अवधि के नोटिस रहवासियों को दिए गए हैं। योजना के अनुसार पीपली नाका चौराहा से सेंट्रल जेल चौराहे तक 100 फीट सड़क चौड़ी होना है। इसके स्थान पर रहवासी 80 फीट और गढ़कालिका मार्ग की भी चौड़ाई कम करने की माँग कर रहे हैं।इस क्षेत्र में कई लोगों के तो पूरे मकान प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में रहवासियों के सामने आवास का भी संकट है।

### महिला ने घर में आत्महत्या के लिए चाकू उठाया

चौडीकरण में विकास के पक्षधर और विनाश का विरोध करने वाले इस क्षेत्र में अधिकारी नोटिस देने पहुंचे तो एक अन्य महिला ने इसका विरोध जताते हुए कहा कि हम कहां जाएंगे। अगर ऐसा है तो आज ही तुम्हारे सामने ही मर जाते हैं। इसके बाद महिला चाकू से आत्महत्या को बोल कर घर के अंदर गई जिसे पडोसियों ने ऐसा करने से रोका । इस घटनाक्रम का भी विडियो सोश्यल मिडिया पर वायरल हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान कई महिलाएं फूट-फूटकर रोती नजर आईं। स्थानीय रहवासी संगीता भारती ने रुंधे गले से बताया कि पति और बेटे को खोने के बाद वह परिवार में अकेली कमाने वाली हैं और मजदूरी कर गुजारा करती हैं। बीमारी और गरीबी के कारण उनके पास किराए के कमरे तक के पैसे नहीं हैं। वहीं, ममता सैनी ने गुहार लगाई कि छोटे बच्चों को लेकर वे कहां जाएंगी। घर टूटने के डर से लोग आत्महत्या करने की चेतावनी दे रहे हैं।

### विधायक अनिल जैन बोले 24 मीटर कर दिया जाए

मामले को लेकर अपने बयान में विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने कहा कि जिस क्षेत्र में विकास जितना आवश्यक है, उतना ही किया जाए तो ठीक रहे। क्योंकि ऑलरेडी पहले से ही उस क्षेत्र में रोड चौड़ी है और उस क्षेत्र के निवासियों की डिमांड है कि भाई 24 मीटर कर दिया जाए। भाई 24 मीटर भी फोर-लेन, सिक्स-लेन जैसी होती है। उन्होंने अपने बयान में सवालिया स्थिति में कहा कि आवश्यक जैसे मेघदूत परिसर के सामने अधिकारियों ने वहां पर रोड डिवाइडर छोटा कर दिया, वहां आसपास के जो पाथवे थे वे छोटे करके और उसको बचाने का काम किया। ऐसे कई लोगों को यदि बचाने का काम किया है तो ये तो क्षेत्र की जनता है, गरीब जनता है और जो कि बिलख-बिलख के आज रो रही थी। आज माता और बहने भी रो रही थी। वास्तव में उनकी वेदना को समझते हैं तो ये अधिकारी वर्ग को ध्यान देना चाहिए। विधायक ने अपने बयान में अधिकारियों को सुझाव देते हुए कहा कि भाई पाथवे तीन-तीन मीटर के बजाय मात्र डेढ़ मीटर का पाथवे कर लें। सेंटर को मात्र एक मीटर, आधा मीटर का कर लें और जितनी रोड जितनी बनना उतनी बना लें ताकि लोगों के मकान नहीं टूटें। दोनों तरफ से 10-10 फीट छूट जाए अर्थात 20 फीट छूट जाए जो ये 100 मीटर की चाहते हैं अपन चाहते हैं 80 फीट की रोड हो जाए और ताकि और जनभावनाओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य भी है। आज जनता के बीच में हम रहे और हमने प्रशासन को आज कलेक्टर को हमने दो-टूक शब्दों में कहा भी है कि यदि 24 मीटर से ज्यादा आपने करने का प्रयास किया तो आपका जो विधायक है वो जनता के साथ आपके सामने मिलेगा वो भी पिपली नाका के क्षेत्र में ही मिलेगा।

विधायक ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जी से कल बात हुई थी और आज भी चूंकि जनभावनाओं के सम्मान के लिए आपके द्वारा भी ये बात पहुंचेगी, मैं भी रात में बात करूँगा कि साहब जनता की भावना है और एम.आर. 4 पर भी चूंकि हम 18 मीटर करते हुए ले जा रहे हैं तो रिवर्स में भी 18 मीटर ही ले जाएं। अनावश्यक गरीब वर्ग के लोगों के जो मकान बड़ी मात्रा में टूट रहे हैं, वो बड़े दुखदायी हैं। और एक मकान, एक मंदिर, पहले भी मैं कह चुका हूँ, मेरे चुनाव घोषणापत्र में भी मैंने कहा है। तो इसलिए मकानों को... भाई जनता आपके साथ खड़ी है इतने बड़े चौड़ीकरण के काम में। विधायक ने अपने बयान में अधिकारियों पर सवालिया निशान खडे करते हुए कहा कि जो काम तेलीवाड़ा का टाइम लिमिट में हो जाना चाहिए वो आज तक अधिकारी वर्ग से हो नहीं रहा और जो काम अभी खोलना नहीं चाहिए वो परीक्षा के समय, परीक्षा के समय वो भी होली के दिन नोटिस देना, ये कौन सी जायज चीजें हैं? इस तरह कौन सा क्या मुगल काल की स्थिति है क्या यहाँ पे? अरे यहाँ पर डॉक्टर साहब का शासन है। अधिकारियों को ध्यान में रखना चाहिए मुख्यमंत्री जी का सम्मान करते हुए और सारा काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री जी को सही बात से अवगत अधिकारियों को कराना चाहिए। मुख्यमंत्री जी को सही बात से अधिकारी अवगत नहीं कराते हैं इस कारण से कहीं न कहीं बीच में ये स्थिति बनती है। मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी से आह्वान करता हूँ और मैंने तो यहाँ तक कह दिया आज प्रदेश अध्यक्ष जी से कि यदि जनभावनाओं का सम्मान नहीं होगा तो आप उपचुनाव करा लें।विधायक जनता के साथ मैं हर मामले में खुलकर समर्थन में हूँ जायज कामों को लेकर के और जनता का यदि सम्मान नहीं होता है तो मुझे विधायक रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ठीक है चौड़ीकरण में जनता साथ में है। चौड़ीकरण में शहर की जनता मना नहीं कर रही है पर अधिकारी वर्ग को जो टाइम लिमिट में काम करना चाहिए। इन सब बातों से प्रदेश अध्यक्ष जी को भी अवगत कराया है और मैं हरदम जनता के साथ रहने वाला हूँ। जनता की जायज मांगों के लिए जनता के साथ हूँ। उनका कहना था कि जो भी अधिकारी गलत फीडबैक के द्वारा गलत काम करवाना चाह रहे हैं, जनता को बरगलाना चाहते हैं और इस तरह से काम नहीं होता है। जनता को साथ में लेके, जनता को विश्वास में लेकर के यदि काम किया जाएगा तो मैं हरदम साथ में खड़ा हूँ।

### गरीब महिलाएं कहां जाएगी

पीपलीनाका मार्ग पर रहने वाली दो बुजुर्ग महिलाएं घरेलू कामकाज कर अपना जीवन ज्ञापन करती हैं। चौडीकरण में उनका पूरा मकान ही जद में आ रहा है। ऐसे में उनके पास रहने का ही संकट पैदा हो रहा है। उनके पास न तो किराए के पैसे हैं न ही कोई और आसरा ही है। सोश्यल मिडिया पर इन महिलाओं का विडियो वायरल हो रहा है।

### मेहमानों का ही नहीं,घर वालों का भी सोचें

चौडीकरण का विरोध करने वाली महिलाओं का कहना था कि सिंहस्थ में आने वाले मेहमान तो 2 महीने में चले जाएंगे,लेकिन इस चौडीकरण की आपदा से घर वाले सालों नहीं उबर पाएंगे। चौडीकरण विकास की स्थिति में किया जाए विनाश की स्थिति में नहीं । जब घर वाले ही चौडीकरण से पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएंगे तो मेहमाननवाजी कौन करेगा ये भी विचार किया जाना चाहिए। मात्र 2 माह के मेहमानों के लिए पूरे घर को उजाडना किसी भी स्तर पर विकास नहीं कहा जा सकता है।

### कांग्रेस बोली 'बलपूर्वक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं'

शहर में पिपलीनाका से गढ़कालिका मंदिर होते हुए भैरवगढ़ तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में जनता सड़कों पर उतर आई है। इस घटना और चौड़ीकरण की कार्रवाई पर कांग्रेस ने प्रशासन तथा प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और बलपूर्वक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में मुकेश भाटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से प्रभावित रहवासियों की चर्चा भी कराई। नेताद्वय ने प्राचीन नगर के स्वरूप को देखते हुए सड़क की चौड़ाई कम करने और पुलिस के दबाव में की जा रही कार्रवाई तुरंत रोकने की मांग की है। कांग्रेस ने प्रशासन से तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने का आह्वान किया है। प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाते हुए नेताओं ने कहा कि शहर में एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी मुआवजा देते हैं, लेकिन नगर निगम भेदभाव कर रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 2004 और 2016 के सिंहस्थ के पूर्व हुए चौड़ीकरण में सभी प्रभावित रहवासियों को मुआवजा दिया गया था। इसी तर्ज पर जिन लोगों के मकान टूट रहे हैं, उन्हें उचित मुआवजा और भवन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। शहर में एमआर-4 और अन्य चौड़ीकरण का भी नागरिक कड़ा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि किसी नागरिक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर लड़ेगी। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस क्षेत्रीय रहवासियों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी और इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### परमिट से अतिरिक्त मदिरा का उपयोग, प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** इन्दौर कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में कंट्रोलर देवेश चतुवेर्दी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल एवं फ्लाइंग स्क्वॉड प्रभारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में खंडवा रोड स्थित नेउरा फार्म हाउस में कार्रवाई की गई। उक्त स्थल पर आयोजित पार्टी हेतु बुधवार का एक दिवस का एफ.एल.-5 (आकस्मिक) लाइसेंस ड्राई डे अवधि समाप्त होने पश्चात निर्धारित समय के लिए जारी किया गया था। आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन एवं स्टाफ द्वारा परिसर में मदिरा की जांच की गई। जांच के दौरान परमिट में अनुमत मदिरा के अतिरिक्त अन्य मदिरा पाए जाने पर उक्त मदिरा को विधिवत जप्त किया गया।

### संचालकों से नाराज होकर बैठक छोड़ भागे देअविवि के कुलगुरु

**इंदौर।** देवी अहिल्या विवि में सोमवार की शाम को बुलाई गई बैठक से कुलगुरु भाग निकले। इसका कारण कुलगुरु का कालेज संचालकों की बात से नाराज होना बताया जा रहा है। दरअसल, बीएड की परीक्षा के खराब परिणाम की समीक्षा के लिए कॉलेज संचालकों के साथ शाम 4 बजे एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें कुलगुरु तय समय से 1 घण्टा देरी से पहुंचे। इससे भी कालेज संचालक नाराज तो थे ही, तो किसी ने कह दिया कि आप आए, तब से परिणाम की हालत खराब हुई है। बस यह सुनकर कुलगुरु ने बोला कि ऐसे बात की तो मैं चला जाऊंगा। इस पर कालेज संचालकों ने कहा कि आप अहसान नहीं कर रहे हैं। इसके बाद नाराज होकर कुलगुरु बैठक छोड़कर निकल गए।

### कैशलेस उपचार योजना को लेकर आज होगी बैठक

**इंदौर।** प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार 6 मार्च 2026 को दोपहर 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 210 में एक आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर शिवम वर्मा करेंगे। बैठक में जिले के समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों तथा मेडिकल कॉलेजों के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित रहेंगे। साथ ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होकर योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी और प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएंगे। सभी चिकित्सालयों के संचालक और प्रबंधकों से कहा गया है कि वे अपने आयुष्मान मित्र के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करें।

## पुलिसकर्मियों ने मनाई होली, कलेक्टर-एसपी भी शामिल हुए

### फिल्मी गीतों पर जमकर थिरके अफसर-जवान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन पुलिस ने लगातार तीन दिन की ड्यूटी के बाद पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और डीआईजी नवनीत भसीन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जवान शामिल हुए।

दरअसल, होली के दिन शहर की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी 24 घंटे से अधिक समय तक लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे। इसी परंपरा के तहत हर साल होली के अगले दिन पुलिस लाइन में यह आयोजन किया जाता है, जिसमें पुलिस अधिकारी और जवान एक साथ रंगों के त्योहार का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने जोरदार अंदाज में मंच पर प्रवेश किया। दोनों अधिकारी गले में हाथ डालकर नाचते हुए मंच तक पहुंचे, इसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। ढोल की थाप और तेज डीजे की धुन पर पूरा माहौल रंगीन हो गया।

समारोह में पुलिस अधिकारी और जवान बॉलीवुड गानों पर जमकर थिरकते नजर आए। जोगी जी वाह जोगी जी, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, आज ब्लू है पानी-पानी, नागिन धुन, लुंगी डांस और बलम पिचकारी जैसे गीतों पर उन्होंने खूब डांस किया। महिला पुलिसकर्मी भी पीछे नहीं रहीं और वुमनिया जैसे गीतों पर झूमती दिखाई दीं।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि हर साल की परंपरा के अनुसार, होली के दिन पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहते हैं। इसलिए अगले दिन पुलिस लाइन और सभी थानों में होली मनाई जाती है, जिसमें पुलिस परिवार भी शामिल होता है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने लगातार ड्यूटी कर शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभाली है। ऐसे में आज पुलिस लाइन में पुलिस परिवार के साथ होली मिलन समारोह मनाया जा रहा है।

### होटल सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज के मैनेजर ने दर्ज कराया प्रकरण

## ईमेल का एक्सेस प्राप्त कर निकाला डिजिटल लेटर हेड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल हेरिटेज सम्राट विक्रमादित्य बनी हुई है। जिसके शासकीय ई-मेल का एक्सेस प्राप्त कर डिजिटल लेटर हेड निकाला गया और होटल मैनेजर की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई। यही नही सीसीटीवी कैमरो का एक्सेस लेकर उसके विडियो/फोटो प्राप्त कर उसमे छेडछाड कर भ्रामक जानकारी फैलाई गई। होटल मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज के मैनेजर सतीश पाठक ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की हेरिटेज होटल का शासकीय ईमेल एक्सेस प्राप्त कर चार लोगों द्वारा डिजिटल लेटर हेड निकाला और होटल की छवि धूमिल करने के लिए उनके नाम पर झूठी शिकायत मुख्यमंत्री और अधिकारियों को की गई। यही नहीं सीसीटीवी कैमरो का एक्सेस प्राप्त कर फुटेज भी निकल गए और उसमें छेड़छाड़ कर भ्रामक जानकारी फैलाई गई। डिजिटल लेटर हेड निकालकर दुरुपयोग करने का मामला 23 फरवरी का सामने आया है। थाना प्रभारी के अनुसार हेरिटेज होटल मैनेजर की शिकायत पर मामले में बीएनएस की धारा 319(2), 336 (3), 336 (4) का प्रकरण दर्ज जांच शुरू की गई है। निकले गए लेटर हेड पर होटल मैनेजर के खिलाफ ही शिकायत कर पद का दुरुपयोग करने और शुद्ध शाहकारी होटल के किचन में छुपकर नॉनवेज बनाने की बात कही गई है।

### तीन माह से लापता है 4 कर्मचारी

थाना प्रभारी बादल के अनुसार जिन चार लोगों के खिलाफ होटल मैनेजर द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया है उन्हें ट्रेनिंग देने के बाद 3 साल के एग्रीमेंट पर होटल में काम पर रखा गया था। लेकिन चारों तीन माह से लापता है उन्हें होटल मैनेजर की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था और काम पर लौटने की बात कही गई थी। चारों लापता कर्मचारी में राजेश जैन, हरिशंकर साहू, अर्पित तिवारी और एक महिला भी शामिल है।

### नॉनवेज नहीं डिश 'दही के शोले' हैं



होटल मैनेजर द्वारा पुलिस को बताया गया कि झूठी शिकायत में भेजे गए सीसीटीवी फुटेज में जिसे नॉनवेज बताया जा रहा है वह डिश दही के शोले है। इसमें पनीर और दही का उपयोग होता है, जिसे भ्रामक तरीके से पेश किया गया. महाकाल मंदिर के आसपास नॉनवेज पूरी तरह प्रतिबंधित है और होटल प्रशासन इसकी गरिमा का पूरा ख्याल रखता है। उनके नाम से मुख्यमंत्री अधिकारी को की गई शिकायत पूरी तरह से झूठी है।

## रंग पंचमी पर रहेगी आकस्मिक चिकित्सा और एंबुलेंस की व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होली और रंग पंचमी के अवसर पर चिकित्सालयों में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीएमएचओ कार्यालय भोपाल द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। होलिका दहन, जुलूस एवं चल समारोह में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए आकस्मिक चिकित्सा के साथ 108 एंबुलेंस वाहनों को भी निर्धारित पॉइंट्स पर उपलब्ध रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीष शर्मा ने होली के दौरान स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से बचने के लिए सलाह जारी की है। जिसमें केमिकल फ्री रंगों के उपयोग, अल्कोहल एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने, रंगों में भीगने से पहले शरीर पर तेल या मॉश्चराइजर के उपयोग, पूरी बांह के कपड़े पहनने और चिकित्सकीय आपात स्थिति में तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए कहा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि केमिकल वाले रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट और माइका जैसे केमिकल्स का भी इस्तेमाल होता है। केमिकल वाले रंगों से त्वचा के साथ साथ आंखों को भी बहुत नुकसान हो सकता है। इन रंगों के आंखों में जाने पर जलन या आंखें लाल हो सकती हैं। अस्पतालों को आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए हैं। होली खेलने के दौरान या बाद में त्वचा में जलन, आंखों में धुंधलापन या खुजली हो अथवा सांस लेने में दिक्कत होने पर डॉक्टर से सलाह ली जाए।

**केमिकल वाले रंगों से त्वचा व आंखों को भी बहुत नुकसान हो सकता**

### घरों की छतें भी ऑनलाइन होंगी बुक

## रविवार और बढ़ाएगा इंदौरी की रंगारंग गेर की रौनक...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में इस बार निकलने वाली परम्परागत गेर पर रविवार होने के चलते जहां प्रशासन ने छुट्टी घोषित नहीं की, तो छुट्टी का दिन होने से भीड़ में हर बार के मुकाबले अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना है। वैसे तो हर बार शहर में स्थानीय इंदौरियों के लिए तो अवकाश घोषित किया जाता है, लेकिन रविवार के चलते बाहर से भी अधिक लोगों के पहुंचने का अंदेशा है।

दूसरी तरफ गेर मार्ग शीतला माता बाजार से लेकर गौराकुंड और खजूरी मार्केट में आने वाली करीब आठ छतों पर 200 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इन छतों की बुकिंग व्यवस्था बुक माय शो पर की जा रही है, जिसके माध्यम से लोग छतें बुक कर सकेंगे। बता दें हर साल गेर के चलते दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और इंदौरी अपने रिश्तेदारों को भी बाहर से बुलाकर इन छतों पर छोटी-मोटी पार्टियां भी करते हैं, हालांकि इस बार भागीरथपुरा जलकांड सहित इंदौर में हुए कुछ दुःखद हादसों के चलते महापौर पुष्यमित्र भार्गव भले ही इस बार गेर में शामिल ना हों, लेकिन गेर की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करवा में वे जुटे हैं। इधर, गुरुवार सुबह भी आयुक्त क्षितिज सिंघल संबंधित झोनल अधिकारी सहित अपनी टीम लेकर करीब 4 किलोमीटर लम्बे गेर मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे और सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए

### इंदौर के 32 थानों में धुलेंडी पर कडी सुरक्षा व्यवस्था रही

इंदौर में होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने शहर भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की। जिसमें धुलेंडी पर्व पर 32 थाना क्षेत्रों में पुलिस की विशेष टीमों ने एरियल सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल पेट्रोलिंग के जरिए लगातार निगरानी रखी। सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाकर ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। दरअसल इंदौर पुलिस द्वारा के द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने 245 वाहन चालकों के खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने के चलते मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र की खिलाड़ी बिटिया की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए किए प्रयास

### परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का माना आभार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अल्बानिया के तिराना शहर में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप रैंकिंग सीरीज में हिस्सा लेने गई मध्यप्रदेश की बेटी सुश्री प्रियांशी प्रजापति की सुरक्षित स्वदेशी वापसी के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जिसके फलस्वरूप खिलाड़ी बेटी वापस भारत पहुंच गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुश्री प्रियांशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन, रजत पदक जीतने के लिए बधाई भी दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज वीडियो कॉल से प्रियांशी के पिता श्री मुकेश प्रजापति से चर्चा की। श्री प्रजापति ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। गत 24 फरवरी से 28 फरवरी तक अल्बानिया में हुई वर्ल्ड रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी ने 26 फरवरी को यह मुकाबला जीता था। प्रियांशी ने कजाकिस्तान, अमेरिका और अल्बानिया की पहलवानों को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। पिछले वर्ष एशियन सीरीज में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मध्य-पूर्व एशिया में बढ़ते युद्ध तनाव के कारण प्रियांशी और उनके साथ गए सभी खिलाड़ी वहाँ फँस गए थे। इस कठिन समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगातार खिलाड़ी बिटिया की सुरक्षित वापसी के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध करवाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हमेशा उन्हें अपनी बेटी के समान स्नेह और समर्थन दिया है। जब वे मध्यप्रदेश कुश्ती क्षेत्र के अध्यक्ष थे, तब भी उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान की थी।

### मप्र के मुख्य सचिव जैन अवकाश पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन अवकाश पर चले गए हैं। उनके स्थान पर सीनियर आइएएस आफिसर डॉ.राजेश राजौरा को प्रभार सौंपा गया है। अनुराग जैन के ससुर के निधन के कारण वे अवकाश पर रहेंगे। जैन पांच दिनों तक अवकाश पर रहेंगे। अनुराग जैन के स्थान पर मध्यप्रदेश कैडर के सबसे सीनियर आइएएस आफिसर डॉ.राजौरा को मुख्य सचिव का प्रभार सौंपा गया है। अनुराग जैन मध्यप्रदेश के 35वें चीफ सेक्रेटरी हैं। इससे पहले अनुराग जैन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सबसे अहम मंत्रालय रोड, ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे का जिम्मा संभाल रहे थे। अच्छे वित्त प्रबंधन के रूप में भी जैन को माना जाता है।

### सांसद अनिल फिरोजिया ने जमकर लगाए ठुमके

## संतों संग खेली सिंहस्थ वाली होली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में दुगने उत्साह से धुलेंडी का पर्व बुधवार को पूरे शहर में हर्षोल्लास मनाया गया। इस दौरान सड़कों पर बच्चे, महिला और पुरुषों की टोली जमकर गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई देते नजर आई। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी चौक चौराहों पर अलर्ट रही।

मोक्षदायिनी शिप्रा के पावन तट पर स्थित 'श्री सत पंच परमेश्वर पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े' में होली का पर्व एक अलौकिक उत्सव के रूप में मनाया गया। यहां का नजारा किसी मिनी सिंहस्थ जैसा प्रतीत हो रहा था, जहां साधु-संतों और उनके अनुयायियों ने भक्ति के रंगों में सराबोर होकर पर्व का आनंद लिया। उत्सव का आगाज अखाड़े के भीतर संतों द्वारा किए गए दिव्य कीर्तन और भजनों के साथ हुआ। इसके पश्चात, पारंपरिक मर्यादाओं का पालन करते हुए हर्बल गुलाल और ताजे पुष्पों से होली खेली गई। उत्सव में उज्जैन-आलोट क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की और संतों का आशीर्वाद लिया। साधु संतों के साथ रंग में रंगे सांसद अनिल फिरोजिया फिल्मी गानों पर थिरकते हुए नजर आए।



**अखाड़े में फूलों की होली-** शिप्रा नदी किनारे पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े में फूलो की होली मनाई गई। यहां साधु संतों ने पहले परंपरानुसार पूजा पाठ की। फिर स्थानीय संतों के साथ प्रयागराज और हरिद्वार से आए पंच परमेश्वर के साथ मिलकर होली का पर्व एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया। पहले शिष्य साधुओं ने गुरु के पैर पड़कर फूलों की बारिश की। परंपरा निर्वहन करने के बाद आम श्रद्धालुओं ने भी साधु संतों के साथ होली खेली और डीजे पर डांस किया।

## इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इंदौर जिले में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्ष 2025-2026 के दौरान अब तक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। इस अभियान के तहत जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष उपस्थिति में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में इंदौर जिले में हुए कार्यों को सराहा गया। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स शामिल हुए। इंदौर से इस बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला दिवस 8 मार्च को अधिकार, न्याय और कार्यवाही की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये अधिकार, न्याय, कार्यवाही महिलाओं और बालिकाओं के लिए थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा।

न्यूज-कॉलम



## लोक अदालत के वाहन को न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार नैशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया न्यायाधीश महोदय असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा साहब द्वारा कहा की नेशनल लोक अदालत वाहन को सम्पूर्ण नगर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विस्तृत प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोगो को नेशनल लोक अदालत के बारे में मालूम हो ताकि आमजन को मान. न्यायाधीश ने कहा लोक अदालत में छोटे मोटे लड़ाई झगड़े, पति पत्नी विवाद, प्री लिटिगेशन मामले, चेक बाउंस, जल कर ,संपत्ति कर नगर पालिका के मामलों में छूट दी जाती है आप सब लाभ लेवे सम्माननीय अधिवक्ता गण कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा गणेश मालवीय जी ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा।

# श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट में आध्यात्मिक रंगों के साथ संपन्न हुआ होली वार्षिक मेला महोत्सव

### संभवनाथ भगवान की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

दो चक्री, दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की पावन निर्वाण स्थली श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट में 4 मार्च 2026 को होली वार्षिक मेला महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी और संपूर्ण परिसर सिद्धवरकूट की जयज्ज एवं जय संभवनाथ भगवान के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। क्षेत्र कमेटी के प्रचार संयोजक राजेन्द्र जैन महावीर (सनावद) मेला संयोजक बाबूलाल जैन बस वाले बड़वाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा रही, जो अहिंसा स्तंभ से धार्मिक गरिमा एवं अनुशासन के साथ



प्रारंभ हुई।

शोभायात्रा में स्वर्ण एवं रजत कलशों को सिर पर धारण किए पुण्यार्जक परिवार अग्रभाग में चल रहे थे। ढोल-ताशों, मंगल वाद्यों एवं भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लिए चल रही थीं, वहीं युवा वर्ग ध्वज-पताकाएं लेकर धर्मध्वजा लहरा रहा थाभगवान बाहुबली के महामस्तकाभिषेक में स्वर्ण कलश का सौभाग्य प्राप्त करने वाले पुण्यार्जक परिवार इस प्रकार रहे डॉ. सुभाष सुनीता जैन (खंडवा), बाबूलाल मीना जैन (भीकनगांव), विकास वर्षा कासलीवाल (भीकनगांव), नवल मंजू जैन (इंदौर),पंकज शालिनी जटाले (बेड़ियां),करण श्वेता जैन (बड़वाह), प्रवीण भावना जैन (पुनासा),रजत कलश से अभिषेक का सौभाग्य कैलाशचंद मोटाघर (बड़वाह), दीपक गोधा (बड़वाह) एवं अतुल जैन (बीड़) को प्राप्त हुआ। निमाड़ मालवा के हजारों श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव से सहभागिता की। भव्य शोभायात्रा भगवान बाहुबली मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। स्वर्ण-रजत कलशों से जैसे ही अभिषेक प्रारंभ हुआ, संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। उस दिव्य क्षण में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। विधानपूजन भक्ति भजन आरती कमल जैन संगीतकार बड़वाह ने संपन्न कराए। मूलनायक संभवनाथ मंदिर में बाबूलाल बड़जात्या (ध्वजाधारी, इंदौर), पहाड़िया परिवार (इंदौर), बाबूलाल कैलाशचंद जैन बस परिवार (बड़वाह), स्वाति विपिन जैन (इंदौर), जीवेश कुमार जैन (पुनासा), दीपक गोधा, अशोक जैन (बड़वाह), बाबूलाल कासलीवाल (भोखाखेड़ी) एवं मामाजी परिवार (दिल्ली) द्वारा अन्य सभी मंदिरों में ध्वजारोहण संपन्न किया गया।प्रातः ६:३० बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मूलनायक भगवान सम्भवनाथ का मंडल विधान जीवनलाल जैन परिवार (गोयल नगर, इंदौर) द्वारा भक्तिभाव से संपन्न किया गया। मंडल विधान की आकर्षक रंगोली रचना बड़वाह के ऋषभ जैन, संजय जैन मोहना, मनीष जैन, पूर्णिमा जैन, वैशाली जैन एवं मीतू जैन द्वारा की गई।

इसके पश्चात विमानोत्सव एवं घटयात्रा आयोजित की गई, जिसमें भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य नवल जैन, अशोक जैन, प्रवीण जैन, रूपेश पहाड़िया एवं अतुल जैन को प्राप्त हुआ।दोपहर 12.30 बजे भगवान बाहुबली का 108 स्वर्ण एवं रजत कलशों से भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। अभिषेक के साथ समस्त मंदिरों पर ध्वजारोहण एवं सामूहिक आरती भी संपन्न हुई। यह आयोजन श्रद्धा, संगठन और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण बनकर सभी श्रद्धालुओं के हृदय में अमिट छाप छोड़ गया।

## अभिव्यक्ति संस्था द्वारा पुलिस कर्मियों को दी गई होली की शुभकामनाएं



**नेपानगर।** अभिव्यक्ति संस्था द्वारा पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं देने का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। पुलिस विभाग के जवानों को तिलक लगाकर और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना समाज के प्रति उनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देने का एक अच्छा तरीका है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के जवान अपने परिवार से दूर रहकर समाज की सेवा करते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे होली का पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाएं और पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करें।इस कार्यक्रम में संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें सचिव नितेश वर्मा, मोहम्मद हुसैन, मयूर सोनवाने, गणेश सोनवाने, चंदन पाटिल, और महेश सोनवाने शामिल थे।

## लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1,रीजन- 11,झोन-1 लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल के मुख्य आथित्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन ने की।ध्वज वंदन ला.सपन जैन ने किया।

खंडेलवाल ने लायंस क्लब सनावद स्नेह की सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की और अध्यक्ष भागचंद जैन एवं क्लब एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन को इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट पिन और डिस्ट्रिक्ट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानीत किया। खंडेलवाल ने अध्यक्ष ला.भागचंद जैन की सेवा भावना की सराहना की और कहा कि क्लब द्वारा 3 यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना,11 नवीन लायंस क्लब का गठन एवं





पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया है।

इसी प्रकार क्लब द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद और रचनात्मक सामाजिक कार्यों की दिशा में निरंतर सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन ला.राजीव मालवीय ने कहा कि पिछले दौरे के समय ला.अनिता जैन ने नगर में विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड लगवाए थे और इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री प्रतीक्षालय स्थापित किया है। लायंस क्लब सनावद स्नेह हमारा गौरव है।अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट सचिव ला.संजय डिंगडांग,रीजन सचिव घनश्याम वाधवा,ला.संतोष सोनी उपस्थित थे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का परिचय ला. अनिता चौधरी,सचिव प्रतिवेदन का वाचन ला.शिवानी मौर्य ने किया। स्वागत गीत ला.हेमन्त दातार ने प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों और लायन सदस्यों ने फाग उत्सव मनाया और सूखे रंग तथा फूलों की होली का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया।

सदस्यों ने वेल ड्रेस और तंबोला खेल में भाग लिया। इस नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला,लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत के अध्यक्ष ला.मुश्ताक मलिक, ला. डॉ. सुरेश रांका, ला. विपिन गुप्ता, ला. डॉ.श्वेता पंचोलिया, ला.बाबूलाल जैन, का. कैलाश पुरोहित,ला.गुरदीप भाटिया, ला. डॉ.आशा चौहान, भावना प्यासे, ला.सुधा लाठिया, ला. शांतिलाल जैन,अंगूरबाला जैन,ला. रजत जैन, ला. हितेश जैन ला. अनुपमा वर्मा, ला.आरती पाटील, ला.दीपिका वर्मा,ला.अनुपमा जैन, ला. रेखा जैन, ला.कमल पटेल, ला.अजय मिश्रा, ला.विभूति जटाले आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन ला.अंतिम जैन ने किया और आभार ला.राजेश जटाले ने माना।

## आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे क्षेत्र के बच्चों ने मारी बाजी

**बड़वानी।** आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 के कक्षा 6 ठी एवं कक्षा 9 वी मे प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम में क्षेत्र के बच्चों ने बाजी मार ली। इस क्षेत्र मे कार्यरत संस्था वर्मा अकादमी के संचालक वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी अकदमी मे अध्ययनरत 15 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं के 9 तथा कक्षा 8वीं के 4 विद्यार्थी शामिल हैं। कक्षा 6 मे प्रवेश हेतु चयनित विधार्थियो मे हिंद राज सपने, अभिजीत बडोले, मीमांसा भंवर, मिताली भाबर, आर्यना रंधे, रितिका वर्मा, कशिष मौर्या एवं कमलेश उचवारे शामिल है, इसी प्रकार कक्षा 9 वी मे प्रवेश हेतु भूपेंद्र उचवारे, भाविक निगवाल, तनिष्क डुड़वे एवं आरव डावर शामिल है। श्री वर्मा ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासित अध्ययन पद्धति एवं अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी, नियमित टेस्ट श्रृंखला, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने से निरंतर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। बच्चों की सफलता बढ़ने से जनजातीय बाहुल्य जिले के अन्य पालक भी अपने बच्चों को सैनिक स्कूल मे प्रवेश दिलवाने हेतु उत्साहित और जागृत हो रहे है, जिसका लाभ क्षेत्र के बच्चों को मिलेगा और उनके सुनहरे भविष्य की राह खुलेगी।

## प्रजापति समाज द्वारा ने उत्सव मनाया

**सनावद।** चैत्र मास की पड़वा को प्रजापति समाज ने फाग उत्सव मनाया। प्रजापति समाजजनों ने होलिका दहन स्थान से रंगों की टोली के साथ समाजजनों के घर जाकर रंगों और गुलाल के साथ होली खेली।प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी धूलंडी पर्व पर प्रजापति समाज द्वारा फाग उत्सव के रूप में मनाया गया होलिका दहन के स्थान से होली का में रंग गुलाल डालकर मां का आशीर्वाद लेकर समाज साथी रंग गुलाल और लोकगीतों की धुन और भजनों के साथ विभिन्न घरों पर जहां पर गामी हुई थी उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित किया प्रजापति मोहल्ले से होते हुए टोड़ीपुरा पहुंचे बुंदेली गली वहां से होलिका दहन के स्थान पर आकर फाग उत्सव का समापन हुआ इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ उपस्थित हुए नरेश प्रजापति, नानूराम प्रजापति, बालमुकुंद प्रजापति, प्रजापति हुकुमचंद कटारिया, प्रजापति रामचंद्र कटारिया ,प्रजापति बाबूलाल कटारिया, राजू प्रजापती ,मुकेश प्रजापती, रमेश प्रजापति, ओमकार प्रजापति हेमंतकटारिया, प्यारा प्रजापति, हेमराज प्रजापति, धर्मेंद् प्रजापति ,मनोहर प्रजापत, किशोर प्रजापती, दुलीचंद प्रजापती ,शंकर प्रजापति, इंदर प्रजापती, रुपेश प्रजापति ,प्रकाश प्रजापती आदि समाज जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अर्चना चिटनिस ने देखी फिल्म शतक

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने बुरहानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आधारित प्रेरणादायी फिल्म "शतक" को देखा।

फिल्म को देखने के बाद श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वर्ष 1925 में पहले सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भारत के आजाद होने से पहले ही कल्पना कर ली थी कि आजाद भारत का स्वरूप कैसा हो। उन्होंने वर्ष 1925 में जो सोचा था कि भारतीय सनातनी समाज में एकता का भाव, राष्ट्र वाद की चेतना जागृत कर परकीय आतताइयो की हिन्दुओं को दबाने वाली मानसिकता से मुकाबला करने हेतु



संगठन जरूरी है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने के लिए की गई। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार अपने जीवनकाल में पं. मदनमोहन मालवीय, महात्मा गांधी सहित कई लोगों के संपर्क में रहे। हेडगेवार जी स्वयं क्रांतिकारी थे। संघ की स्थापना के पहले उन्होंने क्रांतिकारियों से संपर्क कर देश की आजादी के लिए कार्य किया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, नेपानगर की पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, मनोज लधवे, चिंतामन महाजन एवं ईश्वर चौहान सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवाओं के साथ आमजन उपस्थित रहे।

## गेहूं निकालते समय कम वोल्टेज के कारण बिजली फाल्ट होने से आग लगी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम वानदा में किसान कालूसिंह मंडलोई के खेत में गेहूं निकालते समय कम वोल्टेज के कारण बिजली फाल्ट होने से आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 क्विंटल गेहूं और एक थ्रेसर मशीन जलकर खाक हो गई। किसान को करीब 40 हजार रुपए का गेहूं और 50 हजार रुपए का थ्रेशर मशीन का नुकसान हुआ है।

किसान कालूसिंह ने बताया कि गेहूं निकालने के लिए खेत में थ्रेसर मशीन लगाई गई थी। मशीन चालू करने के दौरान करीब 15 बार बिजली गुल हुई। कम वोल्टेज के कारण अचानक फाल्ट हुआ और धुआं निकलने लगा। हवा चलने के



कारण आग तेजी से फैली और गेहूं की फसल के पूले जलने लगे। उन्होंने मदद के लिए लोगों को पुकारा, लेकिन तेज गर्मी में आग ने विकराल रूप ले लिया।

ग्रामीणों ने बिजली वितरण कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी ने ग्राम वानदा की २४ घंटे की बिजली आपूर्ति काटकर दूसरे गांव घटबोरी में कर दी है। अब वानदा में केवल १२ घंटे बिजली मिलती है, जिसके कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसी वजह से मोटरों में लगातार फाल्ट होते हैं और आग लगने की घटनाएं होती हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।

**मौके पर जाकर प्रकरण तैयार करेंगे**

ग्राम के पटवारी सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि उन्हें ग्राम वानदा में किसान के गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि कल मौके पर जाकर नुकसानी का आकलन किया जाएगा और प्रकरण बनाया जाएगा।

## नवागत पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित



**बड़वानी ।** नवागत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागृह में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं अपराध पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत व वर्तमान में त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किए जाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया बंधुओं से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस एवं मीडिया के समन्वय से समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। प्रेस वार्ता के अंत में मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया गया तथा जिले में पारदर्शी एवं जवाबदेह पुलिसिंग का आश्वासन दिया

## मातृशक्ति एकता ग्रुप द्वारा भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया

**मंडलेश्वर ।** नगर में लक्ष्मीनारायण कालोनी की मातृशक्ति एकता ग्रुप द्वारा बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ फाग उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के प्रति अपनी आस्था और प्रेम प्रकट किया।उत्सव की शुरूआत श्री राधा-कृष्ण के पूजन एवं आरती से हुई। सबसे पहले महिलाओं ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर नन्हे बाल कलाकार कनिष्का पाटीदार , केशवी सोलंकी,पोशीका पाटीदार श्री राधा और श्री कृष्ण के



रूप में सजे हुए थे, जिनके साथ सभी महिलाओं ने प्रेमपूर्वक होली खेली।कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक रसिया और भक्ति गीतों पर महिलाओं ने आनंदपूर्वक नृत्य किया। पूरे वातावरण में भक्ति, उल्लास और रंगों की छटा देखने को मिली। फूलों की सुगंध और भक्ति गीतों के बीच फाग उत्सव ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।मातृशक्ति एकता ग्रुप की महिलाओं द्वारा समय-समय पर ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिनसे समाज में धार्मिक भावना और आपसी एकता को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर रूपकमल यादव,सीमा पाटीदार, मंजुला पाटीदार, सुनीता तोमर, कीर्ति पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## तीन साल के मासूम अली ने रखा रोजा दिनभर रहा भूखा प्यासा

**बाग।** मुस्लिम समाज के सबसे महत्वपूर्ण पर्व रमजान मुबारक का महिना चल रहा है ।उसी के चलते रोजदार सुबह चार बजे उठकर रोजे के लिए शेहरी करते ओर वहीं से सबकुछ खाना पीना बंद हो जाता इस रोजे के रखने के बाद पांच टाइम की नमाजों का भी एहतराम कर रहे हैं ।रमजान पाक के 15 रोजे पुर्ण हो चूके हे आधा असरा बीत चूका हे ।जामा मस्जिद के मोलाना हाजी हैदर बैग सहाब ने रमजान की बहुत सी फजीलत बताई ओर कहा रमजान में की गई इबादत का बहुत बड़ा महत्व है ।

# सिंहस्थ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए -अपर मुख्य सचिव श्री दुबे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने सिंहस्थ 2028 के लिए चल रहे अधोसंरचना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। श्री दुबे ने इंदौर रोड पर नगर निगम द्वारा डी मार्ट के सामने निमाणार्धीन सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री दुबे ने निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी लेने के साथ ही निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिए।अपर मुख्य सचिव श्री दुबे इसके बाद नानाखेड़ा क्षेत्र में विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किए जा रहे नैवेद्य लोक का निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने नैवेद्य लोक में निर्मित दुकानों, पार्किंग और नैवेद्य लोक में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी ली। श्री दुबे ने निर्देश दिए कि दुकानों का आवंटन होने के बाद यह ध्यान रखें कि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी नही हो। दुकानदारों को सामान आदि रखने के लिए एक निश्वित जगह दी जाए। जिससे अन्य लोगों को परेशानी नही हो। यहां के बाद अपर मुख्य श्री संजय दुबे ने नगर निगम द्वारा शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा चौराहे तक निमाणार्धीन फोरलेन सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीएस श्री दुबे ने निर्देश दिए कि फोर लेन के मार्ग में हरियाली के लिए प्लांटेशन किए जाए, जिसमें बरगद, पीपल, नीम, जैसे बड़े और हरे पौधों को लगाया जाए। बड़े पेड़ लगने के बाद यहां हरियाली दिखाई दें। जिससे मार्ग पर आने-जाने वाले लोगों को भी पेड़ों की छाया का अनुभव हो।अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने कोयला फाटक से कंठाल तक मार्ग निर्माण का अवलोकन कियाअपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने नगर निगम द्वारा निमार्णाधीन कोयला फाटक से कंठाल तक के मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री दुबे ने सड़क के बीच में सीवेज के चेंबर का लेबल सड़क से मिलाकर करने के निर्देश दिए दिए। जिससे सड़क पर चेंबर के कारण परेशानी न हो। श्री दुबे ने कहा कि पहले से प्लानिंग कर लें कि सीवेज के चेंबर उंचे-नीचे नहीं हो। श्री दुबे ने मार्ग के दोनों ओर निमार्णाधीन नाली और वाटर सप्लाय की लाईन की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि वाटर सप्लाय लाईन और सीवेज लाईन के बीच पर्याप्त दूरी रहे।

## कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने किया केडी गेट,ढाबा रोड मार्ग चौड़ीकरण का निरीक्षण

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रविवार शाम केडी गेट से



खजूर मस्जिद मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने पोल शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए और समयसीमा में लक्ष्यनुसार कार्य पूर्ण ना होने पर ब्लैकलिस्टिंग की जाने की चेतावनी भी संबंधित ठेकेदार को दी। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों की सुविधा दृष्टिगत उक्त कार्य को जल्दी पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने ढाबा रोड सवारी मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण कर कार्य को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री सिंह ने रीगल टॉकीज पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी कि उक्त साइट पर पुराना भवन डिस्मेंटल करने का कार्य पूर्ण हो कर, खुदाई का कार्य प्रगतिरत है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और नगर निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# साडू माता बावडी तिराहे पर 14 घंटे में 2 सड़क हादसे

## रात में एक की मौत 2 घायल, सुबह दर्शनाथियों की पलटी कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साडू माता बावडी तिराहे पर बुधवार-गुरूवार के बीच 14 घंटे में 2 सड़क हादसे होना सामने आये। एक हादसे में युवक की मौत हो गई। बेटी और रिश्तेदार घायल हुआ है। दूसरे में मुम्बई के पांच लोग कार पलटने पर घायल होना सामने आये है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के गणेश नगर में रहने वाला संजय पिता अम्बाराम मीणा 30 साल जावरा से आये रिश्तेदार राकेश पिता रमेश 35 साल और अपनी बेटी साक्षी 8 साल के साथ उन्हेल मार्ग स्थित ढाबे पर बुधवार रात खाना खाने गया था। तीनों वापस पैदल गणेश नगर लौट रहे थे। साडू माता बावडी तिराहे पर सडक पार करते समय तेजगति से आई कार ने तीनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना में संजय, उसकी बेटी साक्षी और रिश्तेदार राकेश गंभीर घायल हो गये। चालक कार लेकर भाग निकला। इस दौरान वहां लगे पुलिस स्टॉपर भी क्षतिग्रस्त कर गया। तीनों घायलों को एम्बुलेंस से रात में चरक अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद संजय मीणा की मौत हो गई। उसकी बेटी और रिश्तेदार घायल थे, जिन्हे उपचार के लिये भर्ती किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ मार्ग कायम किया और गुरूवार सुबह मृतक संजय का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख कार चालक का पता लगाया जायेगा। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि संजय मजदूरी करता था। उसकी बेटी और रिश्तेदार की हालत डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताई है।

### हादसों का स्पॉट बना तिराहा

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र में आने वाला साडू माता बावडी तिराहा अब आवगमन का बढ़ा मार्ग बन चुका है। उन्हेल, नागदा, बडनगर के साथ मार्ग इंदौर को भी जोडता है। यहां पहले भी कई सडक दुर्घटना होना सामने आ चुकी है। जिसमें लोगों की जान गई है। मार्ग सिंहस्थ बायपास भी है। इस मार्ग पर दो पहिया, चार पहिया वाहनों के साथ बडे भारी वाहन भी तेजगति से गुजरते है। तिराहा हादसों का स्पॉट बन चुका है।

### सुबह तेजगति से दौडती कार पलटी

रात में हुई दुर्घटना के बाद गुरूवार सुबह 10 बजे के लगभग साडू माता बावडी तिराहे पर तेजगति से दौडती कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई। हादसा देख लोग राहत बचाव के लिये पहुंचे। कार में पांच लोग सवार थे, जिनके घायल होने पर उन्हे चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनके नाम शांति पति ओमप्रकाश 50 साल, वैष्णवी पति अनिकेत 25 साल, अजय पिता दिलीप 26 साल, पूनम 24 साल और सोनल पिता ओमप्रकाश निवासी मुम्बई होना सामने आये। घायलों ने बताया कि वह महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। अचानक तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई। परिवार ने मामले में शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया। अस्पताल में सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई।

## न्यूज -कॉलम

### उज्जैन-देवास हाइवे किनारे जुआ खेलते पकडाये 7 जुआरी

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के उज्जैन-देवास हाईवे किनारे बने प्रतिक्षालय की आड में जुआ खेला जा रहा था। नरवर थाना पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस टीम जुआरियों की घेराबंदी करने पहुंची। प्रतिक्षालय के पीछे बाउंड्रीवाल की आड से 7 लोगों को पकडा गया। जिनके पास से ताशपत्ती और साडे तीन हजार से अधिक की नगद राशि जप्त की गई। जुआरियों को थाने लाया गया जहां सामने आया कि सभी नरवर क्षेत्र की कालोनी में रहने वाले है। पूछताछ में उनके नाम शंकर पिता भैरूलाल सोलंकी सावरिया नगर, नगजीराम पिता बाबूलाल सोलंकी, संतोष पिता पूनमचंद्र सोलंकी, श्याम पिता पूनमचंद्र सोलंकी, भोला पिता लालूजी परमार, निवासी कृष्णा कॉलोनी नरवर, बबलू पिता भैरूलाल सोलंकी पटेल कॉलोनी और राहुल पिता घीसालाल गढ़ मोहल्ला नरवर सामने आये। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि सभी को जमानत में रिहा किया गया है। न्यायालय में जल्द चालान पेश किया जायेगा।

### युवक ने घर में लगाई फांसी

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सॉलिटर में रहने वाले राकेश पिता महेश प्रजापत ने गुरूवार शाम घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्तपाल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष रख पुलिस को सूचना दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच शुरू करेगी।

### रात को बिस्तर में लगी आग, बालिका के झुलसे पैर

**उज्जैन।** रात में बिस्तर में लगी आग से सो रही खुशी पिता विनोद सूर्यवंशी के पैर झुलस गये। उसकी चिख सुनकर परिवार नींद से जागा। खुशी को रात में ही चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि रात में सोने से पहले घर में मच्छर भगाने के लिये अगरबत्ती लगाई थी। जो बिस्तर पर गिर गई थी, जिसके चलते धीरे-धीरे बिस्तर सुलग गया था। घटनाक्रम की जानकारी अस्पताल स्टॉफ की ओर से पुलिस को दी गई। पुलिस ने बयान दर्ज किये है।

### मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** नागदा थाना पुलिस ने अदनान मेव के खिलाफ मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने का प्रकरण बीएनएस की धारा 291 में दर्ज किया है। उक्त प्रकरण पुलिस ने विजय पिता सुन्दरलाल तुलसानी निवासी जवाहर मार्ग नागदा द्वारा दर्ज कराया गया। विजय ने शिकायत में बताया कि वह दुकान चलाता है। अदनान ने एक राड वायलर कुत्ता पाल रखा है। जिसे खुला छोड देता है। शाम को अदनान का कुत्ता आने-जाने वाले राहगिरों को कटाने के लिये दौड रहा था। कई लोग बचने के लिये भागते समय संतुलन बिगडने पर गिरकर घायल हो गये। उसने भी कुत्ते को भगाने का प्रयास किया लेकिन कुत्ता उसके ऊपर ही लपकने लगा था। पुलिस के अनुसार उक्त घटनाक्रम मानव जीवन को संकट में डालने का है। अदनान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सख्त एक्शन लिया जायेगा।

### गाली देने से मना करने पर युवक को मारा चाकू

**उज्जैन।** ग्राम पांडलिया थाना झारडा में रहने वाला लालसिंह पिता भेरूनाथ 28 साल ग्राम कढ़ाई रिश्तेदार के यहां गया था। जहां घर के बाहर खड़ा था उसी दौरान भगवान नाथ आया और गाली-गलौच करने लगा। लालसिंह ने बेवजह गाली देने से मना किया तो भगवान ने चाकू से हमला कर दिया। लालसिंह ने बचाव किया तो चाकू हाथ पर लगा। भगवान ने लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में महिदुपर थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर भगवान नाथ की तलाश शुरू की है।

### महिला के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**उज्जैन।** मक्सीरोड आईटीआई के पास राजीव नगर में रहने वाली सोनू पति कमलेश जाटवा के साथ पडोस में किराये से रहने वाले युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बीती रात मारपीट की। महिला सोनू के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। महिला ने बताया कि पडोस में रहने वाले युवक की हरकते ठीक नहीं है। जिसके चलते उसके मकान मालिक को शिकायत की गई थी। मकान मालिक ने युवक से मकान खाली करने को कहा था। जिसके चलते उसने मारपीट की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| कल्याण नाइट | 335-1 | 680-4 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |
| मधुर डे | 357-5 | 880-6 |
| मधुर नाइट | 358-6 | 559-9 |
| शुभांक | 2 7 | 8 |

## उत्तर प्रदेश के युवक का उज्जैन में अंतिम संस्कार

### मामा से मिलने आया था, अज्ञात वाहन ने कुचला

**उज्जैन।** मुंह बोले मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया।

ग्राम जैथल में ईंट भट्ठे पर राजकुमार काम करता है जिसका मुंह बोला भांजा राजवीर पिता नंदलाल 23 वर्ष 2 दिन पहले मिलने आया था। मंगलवार-बुधवार रात आगर रोड नाकोडा पेट्रोल पंप के समीप पैदल सडक पार करते समय राजवीर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई। मुंह बोला मामा राजकुमार मौके पर पहुंचा। मृतक युवक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाई गई और पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान राजकुमार ने बताया कि राजवीर के आगे पीछे कोई नहीं है वह ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। राजवीर की मुंहबोली बहन उसके गांव में रहने वाली है। जिसके चलते वह राजवीर को पहचानता था। उसकी मन क्लीनर में नहीं लग रहा था जिसके चलते वह काम छोडकर जैथल आया था। उसके माता-पिता नहीं है जिसके चलते उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजकुमार के बयान दर्ज कर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी युसुफ मोहम्मद पिता फजल मोहम्मद कुरेशी, निवासी 37 व 38, अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक 37 व 38 का भाग, वार्ड नंबर 31 स्थित अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 862 वर्गफीट को क्रय करने का सौदा भूमि स्वामी से तय किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूमि के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। दिनांक-6/03/2026

**डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट**
**उज्जैन ऑ.नं. 04, तल मंजिल, मकान नंबर 15, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9300707767**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रंजना कुंवर पति श्री शिवपालसिंह जी पंवार, निवासी 73, पुरानी आबादी, ग्राम मालीखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 370/2 रकबा 0.600 हेक्टर, सर्वे नम्बर 177/3 रकबा 0.200 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.800 हेक्टर भूमि, ग्राम सनावद तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी।

सो सूचित हो। दिनांक-05/03/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड शाखा 37 द्वितीय मंजिल घटकरपर मार्ग उज्जैन ट्रेड सेंटर बीजेपी लोकशती ऑफिस के पीछे फ्रिंगज उज्जैन ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 110 टाइप-बी स्थित अंजुषा इनक्लेव सेक्टर-बी मक्सी रोड़ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 31.97 वर्गमीटर है। तथा उक्त संपत्ति की चतुर्सीमा पूर्व मे - कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे - भवन क्रमांक 122/बी, उत्तर मे- भूखण्ड/भवन क्रमांक 109, दक्षिण मे - भूखण्ड/भवन क्रमांक 111 स्थित है। उक्त सम्पत्ति अनिल कुमार व्यास ने इसके पूर्वस्वामी अंजुश्री कन्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिकृत सुरेश कुमार पिता श्री भगवती प्रसाद मोद से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 4586 दिनांक 06/03/1996 के माध्यम से क्रय कि। एवं अनिल कुमार व्यास का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति पर हिमांशी व्यास पुत्री अनिल कुमार व्यास ने आपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 1072/2019/7पीटी दिनांक 20/01/2020 को अपना नाम दर्ज करवाया। हिमांशी व्यास ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी17जीआर18842025ए100283684 दिनांक 07/05/2025 के माध्यम से अनिल राठौर पिता श्री दिनेश राठौर को विक्रय कि। एवं अनिल राठौर ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैध उत्तराधिकारी के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार जे. एम. फायनेन्शियल होम लोन्स लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 05/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रंमाक 11, भवन क्रंमाक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**


### जहरीला पदार्थ खाने से 16 वर्षीय किशोरी की मौत

**उज्जैन।** जहरीला पदार्थ खाने वाली 16 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान गुरुवार रात 10 बजे लगभग मौत हो गई। पुलिस निजी अस्पताल से किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल लेकर आई।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ग्राम चंदूखेडी में रहने वाली रानू पिता अर्जुन आंजना 16 साल ने दिन में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस निजी अस्पताल पहुंची, जहां परिजनों ने बताया कि रानू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उसका उपचार भी चल रहा था। परिवार खेती किसानी का काम करता है। घर में रखा कीटनाशक जहर उसने संभवत: गलती से गटक लिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच शुरू की जायेगी।

**पति ने काटा पत्नी का गला-** महिदुपर से रात में सलमा पति जगदीश 35 साल को चरक अस्पताल लाया गया। उसका गला कटा हुआ था। बताया जा रहा था कि सलमा नर्मदापुरम की रहने वाली है। महिदपुर में मेला लगा था, जहां विवाद होने पर पति ने गले पर धारदार वस्तु से वार किया। घायल महिला पारदी समुदाय की प्रतीत हो रही है। जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## दिल का दौरा पहचानने में महत्वपूर्ण ईसीजी जांच जरूर करावे



**उज्जैन।** आपातकालीन स्थिति में दिल के दौरों को पहचानना और उस से उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को समझने मैं ईसीजी का महत्व श्रेष्ठ है। उपरोक्त कथन 21 वी अखिल भारतीय ईसीजी सोसाइटी सम्मेलन जो की जयपुर में 27 फ़रवरी से 1 मार्च तक आयोजित हुआ था उसमे अपने अतिथि उद्बोधन मैं प्रसिद्ध सीनियर हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफ डॉ. विजय गर्ग ने व्यक्त किए। आपने बताया अगर मरीज़ को ईसीजी मैं बदलाव कि साथ साथ छाती मैं दर्द हो तो इसका महत्व दिल के दौरों को जानने मैं 90 प्रतिशत हो जाता है। डॉ. गर्ग ने बताया कितनी ही जांचे हो जाए परंतु गहन चिकित्सा में ईसीजी का कोई मुकाबला नहीं है। यह एक सरल सुलभ सस्ती नुकसान रहित बार बार की जाने वाली मरीज़ को बिना कठिनाई से की जाने वाली जाँच है। हर इंसान को अपना एक ईसीजी करा कर अपने पास रखना चाहिए। जिससे की तकलीफ़ के दौरान डॉ उस से तुलना कर सके एवं फालतू की जाँचो से मरीज़ो को बचाया जा सकता है। समेलन के अन्य निष्कर्ष निकले, आगामी वर्षों मैं ईसीजी कि साथ आई का समावेश मील का पत्थर साबित हो रहा है। अब हम घर बैठे दिल की बीमारियों और उस से होने वाली कठिनाइयों को नए तकनीकों ( स्मार्ट वॉच/ पैचेस) से बता सकते है। कसरत के दौरान जिम कि अंदर अकस्मात होने वाली मृत्यु भी चिंता का विषय है। उसके लिए सलाह है की कसरत का अनुपात धीरे धीरे बढ़ते है। और अगर आप डायबिटीज ब्लड प्रेशर और मोटापे से ग्रसित है और ये पारिवारिक बीमारी है सिगरेट तंबाकू का सेवन करते है तो जिम जाने के पहले अपनी जाँच डॉ. से कराए। सम्मेलन मैं उज्जैन कि लिए गर्व की बात थी की दूसरी बार ईएसजी सोसाइटी के लिए डॉ. विजय गर्ग को निर्विरोध ईएसजी सोसाइटी के उपाध्यक्ष चुने गये। आपके साथ उज्जैन के डॉ. हर्षल पामेचा ने भी भाग लिया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रंजना कुंवर पति श्री शिवपालसिंह जी पंवार, निवासी 73, पुरानी आबादी, ग्राम मालीखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 370/2 रकबा 0.600 हेक्टर, सर्वे नम्बर 177/3 रकबा 0.200 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0.800 हेक्टर भूमि, ग्राम सनावद तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

दिनांक 05/03/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन मो. 94248 78460**

### जाहिर सूचना

कृषि भूमि सर्वेक्षण संख्या 72/1/1 क्षेत्रफल 0.1800 वर्ग मीटर और आवासीय भूखंड संख्या 71 बी, भूखंड संख्या 119 पी क्षेत्रफल 64 वर्ग मीटर ग्राम पिपलियाबीछा तह. व जिला उज्जैन के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित कृषि भूमि एवं उक्त आवासिय भूखण्ड मेरे पक्षकार के द्वारा कृषि भूमि स्वामी पीरीया उर्फ पीरूलाल पिता केशा जाति बागरी व भूखण्ड स्वामी श्रीमती रामकुंवरबाई पति पीरूलाल निवासीगण ग्राम पिपलियाबीछा तह. व जिला उज्जैन से विधिवत क्रय करने का बंधपत्र संपादित किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा विक्रय पत्र का संपादन होना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमि एवं भूखण्ड पर किसी व्यक्ति संस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ आदि बकाया हो या अन्यथा भारीत हो या किसी दीगर व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति के विक्रय पर कोई विधिक आपत्ति हो या अन्यथा कोई हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मेरे कार्यालय में लेखी में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं नियत अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं रहेगी सूचित हो । दिनांक- 06/03/2026

**गणेश कुमावत, अश्विन कुमावत अधिवक्तागण**
**कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती**
**चौराहा फ्रीगंज उज्जैन मो.9827381808,9200092666**


### श्री गुजराती रामी माली समाज उज्जैन के अध्यक्ष श्री द्वारकाधीश चौहान की देह पंचतत्व में विलीन..!





**उज्जैन।** मिलनसार, विनम्र, हंसमुख स्वभाव के धनी, सदैव खुश रहने वाले.. उज्जैन पंच के अध्यक्ष श्री द्वारकाधीश चौहान का आज प्रात: हृदय गति रूकने के कारण 58 वर्ष की उम्र में असामयिक निधन हो गया। श्री चौहान के निधन की खबर सुनते ही मालीपुरा सहित आसपास के क्षेत्र में लोग स्तब्ध रह गए..! क्योंकि कल समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री हरिनारायण परमार के निधन से लोग उबर नहीं पाए थे कि यह दुखद खबर मिली, और जैसे-जैसे यह खबर बाहर गांव पहुंची,समाज वरिष्ठ जन व मुखियागणों मे बड़ी ही विचलन की स्थिति निर्मित हो गई। क्योंकि श्री चौहान का स्वभाव ही इस तरह का था, कि वह बाहर गांव के लोगों में भी लोकप्रिय थे। हजारों की संख्या में समाजजन, इष्ट मित्र इकट्ठा हो गए..पश्चात शव यात्रा निज निवास मालीपुरा से चक्र तीर्थ पहुंची।

चक्रतीर्थ पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रेम नारायण परमार की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई,जिसमें माली-समाज उज्जैन संरक्षक श्री शिवनारायण जागीरदार ने स्व. श्री चौहान के जीवन पर प्रकाश डाला, पश्चात श्रद्धांजलि में मालवा प्रांत अध्यक्ष श्री यशवंत नेहरू, नरसिंहघाट धर्मशाला अध्यक्ष श्री आनंदीलाल सोलंकी, हरसोला समाज अध्यक्ष श्री सुरेश बारोड, सांवेर समाज अध्यक्ष श्री जगदीश हारोड, बिजलपुर समाज अध्यक्ष श्री शंकर लाल पटेल, देवास समाज अध्यक्ष श्री मुकेश गोयल, इंदौर समाज अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण चौहान, न. नि. स्वास्थ्य समिति प्रभारी श्री सत्यनारायण चौहान, मालवा प्रांत युवा अध्यक्ष श्री संदीप राजनोद, माली- समाज उज्जैन अध्यक्ष श्री लीलाधर आडतीया, ताजपुर समाज पूर्व अध्यक्ष श्री विजय पटेल, देवास समाज पूर्व अध्यक्ष श्री मनोहर जादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री ओम प्रकाश रामी, इंका नेता श्री सुरेश गहलोत, देवास पेंशनर संगठन के श्री अशोक चौहान, श्री सुरेश चौहान (बाबूजी), मारवाड़ी माली समाज से श्री नारायण दादा द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। चूकिं स्व. श्री चौहान माच मंडली के भी कलाकार थे, अत: माच मंडली के कलाकार सर्वश्री लीलाधर दादा,सत्यनारायण बारोड, गोपाल बारोड, राजेश सांवरिया, पुरुषोत्तम परमार, राम प्रसाद परमार आदि माच कलाकारों ने माच गायन कर, श्री चौहान को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पश्चात उपस्थित महानुभावों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए..! श्रद्धांजलि सभा का संचालन गजानंद रामी ने किया।

## माहेश्वरी परिवारों का होली मिलन तथा सहभोज संपन्न



**उज्जैन।** होली के पावन, पवित्र, त्योहार पर माहेश्वरी समाज तथा माहेश्वरी सभा का संयुक्त होली मिलन समारोह तथा सहभोज 8 मार्च की शाम को माहेश्वरी भवन श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर पर सरलता, समभाव पूर्ण तथा स्नेह युक्त वातावरण में संपन्न होकर सभी माहेश्वरी परिवारों ने उपस्थित सभी को होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं देकर स्नेह व्यक्त किया तथा सुस्वादु भोजन प्रसादी ग्रहण की । सिर्फ पीने के पानी के लिए डिस्पोजल का उपयोग हुआ। सहभोज में करीब ५५ सदस्यों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर दोनों थोक (माहेश्वरी समाज उज्जैन तथा माहेश्वरी सभा उज्जैन)से पदाधिकारियों क्रमशः श्री राधेश्याम चोखडा, कैलाश नारायण राठी, सत्यनारायण मूंदड़ा, विरेन्द्र कुमार गट्टानी, लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा,श्री ओमप्रकाश काबरा,श्री भूपेन्द्र भूतड़ा,श्री सुरेश काकाणी, रूपनारायण झंवर महेश लड्ढा,श्री महेश चांडक श्री दिलीप लोया श्री दामोदर अटल, नरेन्द्र राठी, निरंजन हेड़ा, दिनेश लड्ढा, कैलाश जैथल्या, संजय बजाज, राजेन्द्र भूतड़ा,श्री नवनीत काबरा, गिरीश भट्टर, महेंद्र लखोटिया, वीरेंद्र लड्ढा राजेश झवर लक्ष्मी निवास झंवर, नृसिंह देवपुरा,श्री पुष्कर बाहेती, गोपाल मूंगड, संजय लड्ढा, राजेश गिलडा, नरेन्द्र लड्ढा, मंगल भट्टड़ महेश तोषनीवाल,गोरव सारडा,कैलाश सोमानी रमेश जाजू, सचिन बजाज, भरत झंवर, सुरेन्द्र माहेश्वरी ,विजय बांगड़,श्री भूपेन्द्र जाजू, अंतरिक्ष धूत,भगवान सारडा, श्रीमती रेखा लड्ढा, श्रीमती किरण अटल, श्रीमती समता लखोटिया, श्रीमती एकता झंवर अंकुश धूत, अंकित जाजू, शुभम झवर, संदीप जेथलिया अर्पण इनानी, दीपक लाठी, सहित सम्माननीय कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### लघुशंका से रोकने पर युवकों ने किया विवाद

**उज्जैन।** घर के सामने और लघुशंका कर रहे युवकों को रोकने पर बुधवार-गुरूवार रात विवाद की स्थिति बन गई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि शास्त्रीनगर गली नम्बर 9 में चार युवक घर के सामने लघुशंका कर रहे थे। जिन्हे बलराम नामक व्यक्ति ने रोका तो युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, युवकों को थाने लाया गया।

# सत्य की खोज में एक बालक ने की यूनानी संत अगस्टिन की मदद



यूनानी संत अगस्टिन एक सुबह काला सागर के तट पर अकेले ही घूमने निकले। सूर्योदय हो रहा था। रात भर जगने से उनकी आंखें थकी हुई थीं। सत्य की खोज में उन्हें पता ही नहीं चलता था कि दिन और रात कब बीत जाते थे। शास्त्र, शब्द और विचार के बोझ के तले ही वे दब गए थे। सागर के किनारे उन्होंने एक बालक को खड़ा देखा, जिसके हाथ में छोटी सी प्याली थी। वह किसी सोच में डूबा हुआ था। संत ने बच्चे से पूछा, बेटे, तुम यहां क्या कर रहे हो? बच्चे ने संत की ओर देखा और कहा, पहले आप बताएं कि आप यहां क्या कर रहे हैं? उन्हें हंसी आ गई, लेकिन इससे पहले कि कुछ कहते बच्चे ने दूसरा सवाल दाग दिया, आपकी प्याली कहां है?

संत की समझ में कुछ नहीं आया। फिर भी उन्होंने गंभीरता से बच्चे के सवाल का जवाब देते हुए कहा, मैं सत्य की खोज में हूं और उसी कारण चिंतित हूं। बच्चा बोला, मैं इस प्याली में सागर को भरकर ले जाना चाहता हूं। लेकिन सागर है कि प्याली में नहीं आ रहा। संत ने सुना तो उन्हें अपनी बुद्धि की प्याली भी दिखाई दी और सत्य का सागर भी। वह हंसने लगे और बच्चे से बोले, मित्र, हम तुम बिल्कुल एक जैसे हैं। हम दोनों ही सागर को प्याली में भरना चाहते हैं और किसी न किसी सागर तट पर अपनी-अपनी प्यालियां लिए खड़े हैं।

संत आगे बढ़े और सोचने लगे कि संसार के सभी लोग किसी न किसी रूप में सागर तट पर अपनी अपनी प्यालियां लिए खड़े हैं। वे दूसरों को देखते हैं, जिनके पास बड़ी प्यालियां हैं। लेकिन प्याली बड़ी हो या छोटी इससे क्या फर्क पड़ता है? सागर तो उसी को मिलता है, जो अपनी प्याली भर कर घर ले जाने के बजाय उसे सागर में ही छोड़ दे।



सम्पादकीय

## आज के युग में बेटे-बेटियां और बहुएं

आज के युग में बेटे-बेटियां और बहुएंझमुझे लगभग 23 साल होने जा रहे हैं बुजुर्गों की सेवा करते हुए। मैंने लाखों बुजुर्गों और उनके बहू-बेटे, बेटियों के रिश्तों को अनुभव किया है। क्योंकि बुजुर्ग आते हैं, जाते हैं (स्वर्ग सिधारते हैं) अपनी अमिट यादें, अपने अनुभव हमारे सामने छोड़ जाते हैं। कुछ दिन पहले एक समाचार मेरे सामने आया कि एक प्रसिद्ध डॉक्टर जो अब बुजुर्ग हो चुके हैं उनका बेटा-बेटी आस्ट्रेलिया में सैटल हैं, परन्तु बूढ़े मां-बाप जिन्होंने उन्हें बड़ी मेहनत से पाला-पोसा, बाद में उन्हें अकेला भारत में छोड़कर चले गए। वो बहुत गंदी हालत में रह रहे थे, जब पड़ोसियों को बहुत बदबू आई तो उन्होंने उनकी खबर ली। पत्नी मर चुकी थी और पिता अपनी गंदगी के साथ गंदे-सड़े कपड़ों में लेटे हुए थे, जिनको बड़ी मुश्किल से पड़ोसियों ने सम्भाला और अभी मालूम पड़ा कि वो भी स्वर्ग सिधार गए हैं। ऐसे बेटे-बेटी को क्या कहूं। अक्सर कहा जाता है बेटे तो बदल जाते हैं परन्तु बेटियां नहीं, पर यहां तो बेटी का बुरा हाल है। मुझे नहीं मालूम वो अपने बच्चों को क्या शिक्षा देंगे और उनसे क्या उम्मीद रखेंगे। मेरे हिसाब से तो इतिहास दोहराता है। या कोई भी किसी का दिल दुखाता है या आह लेता है उसे भुगतना पड़ता है और बच्चों के मामले में तो मैंने अक्सर देखा जो बोओगे वही काटोगे। एक तरफ बुरे बेटे-बेटियों की खबर आती है तो दूसरी तरफ श्रवण पुत्र या राम जैसे पुत्रों बहुओं, बेटों, बेटियों की भी कमी नहीं। बहुत से ऐसे उदाहरण भी मेरे सामने आते हैं जिनको देखकर या उनके बारे में सुनकर भी गर्व महसूस होता है। पिछले दिनों की बात है बहुत बड़े उद्योगपति इनोक्स के मालिक देवेन्द्र कुमार जैन का देहांत हुआ। बहुत ही नेक इन्सान थे। जैसा कि आप सबको मालूम है मैं बुजुर्गों के साथ-साथ चौपाल नामक संस्था द्वारा जिसकी मैं चीफ पैटर्न हूं, उनके साथ मिलकर जरूरतमंद महिलाओं, लड़कियों को आत्मनिर्भर यानी अपने पांवों पर खड़े होने में मदद करने में भी सहायता करती हूं, जो संस्था देवेन्द्र जैसे लोगों की मदद से चलती है, जहां वे लोग धनराशि देते हैं और उस धनराशि से जरूरतमंद लड़कियों को स्वावलम्बी बनाने के लिए दिया जाता है और उन्हें वो राशि वापिस लौटानी होती है तथा उस राशि से और अन्य लड़कियों की मदद की जाती है, जिससे यह चेन चलती है तथा आगे बढ़ती जा रही है। लगभग 42,000 लड़कियों की सहायता हो चुकी है।

### संघर्ष का लाभ उठाते विदेशी

# दुनियाभर की साजिशों का शिकार एशिया

एशिया का भू-राजनीतिक परिदृश्य सदियों से संघर्ष, हस्तक्षेप और साजिशों से घिरा रहा है। यह महाद्वीप न केवल जनसंख्या और संस्कृति का केंद्र है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से भी विश्व का सबसे समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। फिर भी, विडंबना यह है कि यही एशिया बार-बार युद्धों, अस्थिरता और गरीबी की आग में झोंका जाता रहा है। आज ईरान-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ता तनाव हो या कंबोडिया-थाईलैंड के बीच सीमा संघर्ष, ये घटनाएँ मात्र संयोग नहीं लगतीं। इनके पीछे एक व्यापक वैश्विक रणनीति काम करती दिखती है, जिसमें एशिया को अशांत रखकर बाहरी शक्तियाँ अपने हित साधती हैं। एशिया जले, और विकसित देशों की तिजोरियाँ भरें—यही इस राजनीति का नंगा सच है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

ग्लोबल साउथ के देश संसाधनों से भरपूर हैं, लेकिन निर्णय-शक्ति से वंचित। तेल, गैस, कोयला, दुर्लभ खनिज, उपजाऊ भूमि और युवा जनसंख्या—सब कुछ होने के बावजूद ये देश कर्ज, बेरोजगारी और अस्थिरता में फँसे रहते हैं। इसका मूल कारण केवल आंतरिक कमजोरियाँ नहीं, बल्कि वह वैश्विक व्यवस्था है जो दशकों से इन्हें निर्भर बनाए रखने के लिए गढ़ी गई है। विकसित देशों ने औपनिवेशिक काल में जिस लूट की शुरूआत की थी, वही आज नए रूप में जारी है—कभी मुक्त व्यापार के नाम पर, कभी लोकतंत्र और मानवाधिकारों की आड़ में।

ईरान-पाकिस्तान तनाव इसका ताजा उदाहरण है। ईरान पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है, जबकि पाकिस्तान लगातार विदेशी कर्ज और आर्थिक दबाव में जी रहा है। ऐसे में सीमा पर उभरता तनाव केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रह जाता। बलूचिस्तान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अस्थिरता दोनों देशों को आमने-सामने खड़ा कर सकती है। यदि यह तनाव बढ़ता है, तो पूरे दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया में ऊर्जा मार्ग बाधित होंगे। तेल और गैस की कीमतें बढ़ेंगी, जिसका सीधा लाभ वैश्विक बाजारों पर नियंत्रण रखने वाली शक्तियों को मिलेगा। युद्ध भले एशिया में हो, लेकिन मुनाफा कहीं और दर्ज होगा।

इतिहास गवाह है कि बाहरी ताकतें अक्सर स्थानीय विवादों को हवा देकर अपने हित साधती रही हैं। कभी वे मध्यस्थ बनकर सामने आती हैं, तो कभी सैन्य सहायता और सुरक्षा के नाम पर अपने ठिकाने स्थापित कर लेती हैं। अफगानिस्तान इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहाँ दशकों तक युद्ध चला, समाज टूट गया, और अंततः वही देश सबसे अधिक तबाह हुआ, जिसे ह्लमददह्ल देने का दावा किया गया था। ऐसे ही हालात एशिया के अन्य हिस्सों में भी दोहराए जा रहे हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया में कंबोडिया-थाईलैंड विवाद भी इसी रणनीति की कड़ी प्रतीत होता है। सीमा क्षेत्रों में मौजूद मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों को लेकर तनाव कोई नया नहीं, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें जिस तरह सैन्य रंग घुला है, वह चिंताजनक है। यह क्षेत्र दुर्लभ खनिजों से समृद्ध माना जाता है, जिनकी मांग नई तकनीकों और ऊर्जा परिवर्तन के दौर में तेजी से बढ़ रही है। जब दो पड़ोसी देश आपस में उलझते हैं, तो बाहरी शक्तियों के लिए हस्तक्षेप आसान हो जाता है। सैन्य सहायता, निवेश और कर्ज के बदले संसाधनों तक पहुँच बना ली जाती है। अंततः नुकसान स्थानीय जनता का होता है—पर्यावरण विनाश, विस्थापन और आर्थिक असमानता के रूप में।

ग्लोबल साउथ की यह स्थिति अचानक नहीं बनी। बीसवीं सदी के मध्य से ही विकसित देशों ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को कच्चे माल के स्त्रोत और तैयार माल के बाजार के रूप में इस्तेमाल किया। औपनिवेशिक शासन खत्म हुआ, लेकिन आर्थिक संरचना नहीं बदली। आज भी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ कर्ज देती हैं, लेकिन बदले में ऐसी शर्तें थोपती हैं, जो इन देशों की नीतिगत स्वतंत्रता छीन लेती हैं। संसाधनों का निजीकरण, सब्सिडी में कटौती और आयात-निर्भरता—ये सब उसी जाल के हिस्से हैं।

इस पूरी व्यवस्था में आंतरिक कमजोरियाँ भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष, जातीय और धार्मिक विभाजन इन देशों को भीतर से खोखला करते हैं। जब समाज बँटा होता है, तो बाहरी हस्तक्षेप और आसान हो जाता है। सत्ता में बैठे लोग अल्पकालिक लाभ के लिए दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों से समझौता कर लेते हैं। जनता की आवाज दब जाती है, और निर्णय कुछ गिने-चुने वर्गों तक सीमित रह जाते हैं।

फिर भी, यह मान लेना कि ग्लोबल साउथ असहाय है, एक बड़ी भूल होगी। समाधान मौजूद हैं, बशर्ते इच्छाशक्ति हो। सबसे पहला कदम है क्षेत्रीय एकजुटता। एशिया के देशों को आपसी विवादों को संवाद और सहयोग से सुलझाना होगा। सीमा विवाद हों या संसाधनों का बँटवारा—इनका हल युद्ध नहीं, बल्कि साझा समझ में है। जब पड़ोसी देश एक-दूसरे के साथ खड़े होंगे, तो बाहरी ताकतों की गुंजाइश अपने-आप कम हो जाएगी।

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है आर्थिक स्वावलंबन। संसाधनों पर वास्तविक नियंत्रण तभी संभव है, जब स्थानीय उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र मजबूत हों। केवल कच्चा माल निर्यात करने के बजाय मूल्यवर्धन पर जोर देना होगा। तकनीक का हस्तांतरण जरूरी है, लेकिन उत्पादन क्षमता देश के भीतर विकसित करनी होगी। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से कटना नहीं, बल्कि बराबरी के आधार पर जुड़ना है।

पर्यावरणीय न्याय भी इस संघर्ष का अहम हिस्सा है। ऊर्जा परिवर्तन के नाम पर जिस तरह खनन बढ़ाया जा रहा है, उसका सबसे बड़ा बोझ आदिवासी और ग्रामीण समुदाय उठा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से भी वही देश सबसे अधिक प्रभावित हैं, जिन्होंने इसमें सबसे कम योगदान दिया है। ऐसे में वैश्विक मंचों पर न्यायपूर्ण हिस्सेदारी और जिम्मेदारी की माँग करना अनिवार्य है।

सामाजिक स्तर पर भी बदलाव जरूरी है। शिक्षा प्रणाली में केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि इतिहास, राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था की समझ विकसित करनी होगी। मीडिया और सूचना तंत्र को सजग बनाना होगा, ताकि प्रोपेगैंडा और भ्रम से समाज को बचाया जा सके। युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि स्थानीय समस्याएँ अक्सर वैश्विक संरचनाओं से जुड़ी होती हैं।

## वीकेंड का आलस और बिस्तर का 'गुरुत्वाकर्षण'

दुनिया में दो तरह की दूरियाँ होती हैं। एक वह, जिसे मील और किलोमीटर में मापा जाता है, और दूसरी वह, जो सोमवार की सुबह 'बिस्तर से दफ्तर' के बीच पैदा होती है। यह दूसरी वाली दूरी इतनी अनंत है कि प्रकाश की गति से चलने वाला आइंस्टीन भी इसे पार करने में हांफ जाए। हमारे मोहल्ले के 'आलस शिरोमणि' हैं—चतुर्भुज जी। चतुर्भुज जी के लिए शनिवार की शाम 'स्वतंत्रता संग्राम' की विजय जैसी होती है, और रविवार का दिन 'समाधि' का। रविवार को वे बिस्तर पर इस तरह पसरे होते हैं जैसे किसी पुरातात्विक खुदाई में निकला हुआ कोई विशाल जीवाश्म। श्रीलाल शुक्ल के शब्दों में कहें तो, चतुर्भुज जी का बिस्तर पर लेटना कोई शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक 'दार्शनिक शोध' है कि मनुष्य बिना हिले-डुले ब्रह्मांड को कैसे देख सकता है।

संकट तब आता है जब रविवार की रात को घड़ी की सुइयां बारह पार करती हैं। जैसे ही 'सोमवार' का आगमन होता है, चतुर्भुज जी के कमरे का वातावरण किसी 'हॉरर फिल्म' के क्लाइमेक्स जैसा हो जाता है। सुबह का अलार्म बजता नहीं, बल्कि 'चीखता' है। वह अलार्म नहीं, बल्कि दफ्तर के उस 'बॉस' की दहाड़ होती है जो अपनी कुर्सी पर बैठकर फाइलें चबाने के लिए तैयार खड़ा है। चतुर्भुज जी अलार्म को ऐसे देखते हैं जैसे वह कोई विदेशी आक्रमणकारी हो। वे उसे 'स्नूज' करते हैं। स्नूज करना दरअसल इंसान की वह आखिरी उम्मीद है जो उसे लगता है कि अगले पाँच मिनट में वह अपनी अधूरी जिंदगी जी लेगा। पाँच मिनट बीतते हैं, और बिस्तर का 'गुरुत्वाकर्षण' अचानक दस गुना बढ़ जाता है। रजाई उन्हें ऐसे जकड़ लेती है जैसे कोई बिछड़ी हुई प्रेमिका अपने प्रेमी को जाने न दे रही हो। वे मन ही मन हिसाब लगाते हैं— अगर मैं ब्रश करने में दो मिनट बचाऊँ, नाश्ता दफ्तर के रास्ते में करूँ और नहाने की प्रक्रिया को 'सांकेतिक' (केवल चेहरा धोना) कर दूँ, तो मैं अभी पंद्रह मिनट और सो सकता हूँ।₹ यह वह गणित है जो बड़े-बड़े इंजीनियरों को भी फेल कर दे। दफ्तर की दूरी महज पाँच किलोमीटर है, पर सोमवार को वह 'कैलाश मानसरोवर' की यात्रा लगने लगती है। चतुर्भुज जी जब आखिरकार एक पैर जमीन पर रखते हैं, तो उनकी हड्डियों से वैसी ही आवाज आती है जैसी किसी पुराने ट्रक के गियर बदलने पर आती है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 मार्च 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:48 सूर्यास्त 18:29
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - तृतीया 17:54 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - हस्त 09:30 उपरांत चित्रा
योग - गण्ड 07:05 उपरांत वृद्धि
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कन्या में है। 22:19 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 16 तारिख

**मेष-** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। व

**वृषभ-** णी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन-** कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। नई समस्या आ सकती है।

**कर्क-** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं।

**सिंह-** बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान हो सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

**धनु-** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। सभी ओर से सफलता मिलेगी।

**मकर-** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी।

**कुंभ-** नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## क्या अमेरिका-ईजराइल युद्ध नीति महाभारत कालीन कौरव-पांडव युद्ध से प्रेरित है?

पश्चिम एशिया में गहराता वर्तमान सैन्य गतिरोध और लैटिन अमेरिका से लेकर ईरान तक सत्ता परिवर्तन की हालिया रणनीतियां अनायास ही महाभारत के उस प्रसंग की याद दिलाती हैं, जहाँ युद्ध केवल शौर्य से नहीं बल्कि शत्रु के नेतृत्व को पंगु बनाने की सूक्ष्म कूटनीति से लड़ा जाता था। आधुनिक सैन्य शब्दावली में जिसे 'लीडरशिप डिकैपिटेशन' कहा जाता है, उसका बीज हमें कुरुक्षेत्र के मैदान में मिलता है, जब दुर्योधन ने युधिष्ठिर को बंदी बनाकर युद्ध को एक झटके में समाप्त करने की योजना बनाई थी। वो बात अलग है कि श्रीकृष्ण होते हुए यह योजना विफल हुई ,पर अभिमन्यु के रूप में बहुत बड़े योद्धा को खोना पड़ा। आज अमेरिका और इजरायल की रणनीतियों में भी प्रत्यक्ष सैन्य टकराव के बजाय शीर्ष नेतृत्व को लक्ष्य बनाने, सत्ता परिवर्तन सुनिश्चित करने या राजनीतिक अलगाव पैदा करने के तत्व प्रधान दिखाई देते हैं। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब भी किसी राष्ट्र के शीर्ष प्रतीक को हटाया गया, युद्ध का परिणाम निर्णायक रूप से बदल गया। वर्ष 2003 में इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन की गिरफ्तारी और 1989 में पनामा के राष्ट्रपति मैनुअल नोरीएगा को बंदी बनाया जाना इसके पुराने उदाहरण हैं, किंतु वर्ष 2026 की घटनाओं ने इस परिपाटी को और अधिक आक्रामक बना दिया है।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

?हाल ही में अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाना और उसके पश्चात 28 फरवरी 2026 को अमेरिका-इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से ईरान पर भीषण मिसाइल हमला कर सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई को मौत के घाट उतारना, इसी 'नेतृत्व विनाश' की नीति का चरमोत्कर्ष है। इन घटनाओं ने वैश्विक कूटनीति में खलबली मचा दी है और यह स्पष्ट कर दिया है कि अब 'अभय' माने जाने वाले नेतृत्व के सुरक्षित घेरे भी आधुनिक तकनीक और खुफिया ऑपरेशन्स के सामने बेबस हैं। सामरिक होड़ के बीच संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और अंतरराष्ट्रीय कानून एक नैतिक सीमा रेखा जरूर खींचते हैं, पर शक्तिशाली राष्ट्रों के लिए ये नियम अब गौण प्रतीत होते हैं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी सदस्य राष्ट्र की संप्रभुता के उल्लंघन को वर्जित करता है और सैन्य कार्रवाई को केवल अनुच्छेद 51 के तहत 'आत्मरक्षा' की स्थिति में ही वैध मानता है। इसके इतर किसी राष्ट्राध्यक्ष को निशाना बनाना अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है, लेकिन व्यावहारिक राजनीति में महाशक्तियाँ अक्सर 'आतंकवाद-निरोध' या 'रासायनिक या जैविक हथियारों की उपस्थिति','परमाणु अप्रसार' जैसे तर्कों का सहारा लेकर इन नियमों की व्याख्या अपने हितों के अनुरूप करती रही हैं।

भविष्य की आशंकाएं अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों के युग में भी 'नेतृत्व विनाश' की यह नीति सुरक्षित है? अयातुल्ला खामेनेई की हत्या और मादुरो की गिरफ्तारी से अमेरिका और इजरायल ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि आधुनिक युद्ध अब किसी भी मर्यादा को लांघ सकते हैं। चीन और रूस जैसी महाशक्तियां भविष्य में इस पर क्या रुख अपनाती हैं, यह देखना शेष है, लेकिन छोटे राष्ट्रों को अब यह चिंता सताने लगी है कि कब कोई शक्तिशाली देश उन्हें अपने अधीन बना ले या उनके नेतृत्व को मिटा दे। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक धरोहरों को निशाना बनाना प्रतिबंधित है, पर इक्कीसवीं सदी के युद्धों ने साबित कर दिया है कि शक्तिशाली राष्ट्रों के लिए न तो इन नियमों का कोई बंधन है और न ही उन्हें यूएन की निंदा की चिंता है। महाभारत हमें अंततः यही सिखाता है कि चतुर रणनीतियों और नियमों के उल्लंघन से युद्ध तो जीता जा सकता है, किंतु प्रतिशोध और सत्ता-लालसा पर आधारित जीत कभी स्थायी शांति नहीं लाती। आज विश्व समुदाय के सामने चुनौती कुरुक्षेत्र की इस पुनरावृत्ति को रोकने और अंतरराष्ट्रीय विधि के शासन को पुनर्जीवित करने की है।

# बदलते भारत में किसानः चुनौतियाँ, अवसर और भविष्य

भारत की पहचान लंबे समय से एक कृषि प्रधान देश के रूप में रही है। आज भी करोड़ों परिवारों की आजीविका खेती पर निर्भर है। लेकिन 21वीं सदी का किसान अब सिर्फ खेत तक सीमित नहीं है; वह मौसम, बाजार, तकनीक और नीतियों के बदलते समीकरणों के बीच अपनी जगह बना रहा है। ऐसे समय में किसानों की स्थिति पर गंभीर चर्चा और प्रभावी समाधान की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है।



भगवान सिंह बगड़ावत
(दैनिक अवन्तिका)

### बदलता मौसम, बढ़ती चिंता

हाल के वर्षों में मौसम का अनियमित होना किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। कभी असमय बारिश, कभी सूखा और कभी अचानक बढ़ता तापमान फसलों की पैदावार को प्रभावित करता है। इससे खेती का जोखिम बढ़ गया है और किसान पारंपरिक अनुभव के साथ-साथ वैज्ञानिक जानकारी पर भी निर्भर होने लगे हैं। मौसम आधारित खेती, ड्रिप सिंचाई और सूखा-रोधी बीज जैसी तकनीकें अब धीरे-धीरे गांवों तक पहुँच रही हैं।

### बढ़ती लागत और बाजार की दुविधा

खेती में बीज, खाद, डीजल और मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य हमेशा नहीं मिल पाता। कई बार फसल अच्छी होने के बावजूद बाजार में दाम गिर जाते हैं। ऐसे में किसान उत्पादन बढ़ाने के बजाय आय बढ़ाने के नए रास्ते खोज रहे हैं – जैसे फसल विविधीकरण, प्रसंस्करण और सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँच।

### सरकारी योजनाएँ और जमीनी हकीकत

कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएँ चला रही है, जिनमें आर्थिक सहायता, फसल बीमा और तकनीकी प्रशिक्षण शामिल हैं। हालांकि, कई क्षेत्रों में जानकारी की कमी और प्रक्रियाओं की जटिलता के कारण इन योजनाओं का पूरा लाभ किसानों तक नहीं पहुँच पाता। विशेषज्ञों का मानना है कि योजनाओं का सरलीकरण और स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान जरूरी हैं।

### तकनीक से बदलती खेती

डिजिटल युग ने खेती को भी प्रभावित किया है। मोबाइल ऐप्स के जरिए मौसम की जानकारी, बाजार भाव और विशेषज्ञ सलाह किसानों तक पहुँच रही है। आधुनिक मशीनें समय और मेहनत दोनों बचा रही हैं। युवा किसान अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ स्मार्ट खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, जिससे कृषि अधिक लाभकारी बन सकती है।

### किसान की सामाजिक भूमिका

किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। खेती मजबूत होगी तो रोजगार, व्यापार और गांवों की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी। इसलिए किसानों की समस्याओं को केवल कृषि मुद्दा मानना पर्याप्त नहीं है; यह सामाजिक और आर्थिक स्थिरता से भी जुड़ा प्रश्न है।

### आगे की राह

आज का समय किसानों के लिए चुनौती और अवसर दोनों लेकर आया है। जरूरत है ऐसी नीतियों की जो खेती को लाभकारी बनाएं, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें और किसानों को बाजार से मजबूत तरीके से जोड़ें। अगर तकनीक, सही नीति और किसानों की मेहनत का संतुलन बने, तो आने वाले वर्षों में भारतीय कृषि नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है।

धर्म-आस्था

# कार्मिक संबंध लंबे समय तक क्यों नहीं टिकते? जानिए असली कारण



कार्मिक संबंध अलग-अलग आध्यात्मिक प्रकृति और उद्देश्य से जुड़ा होता है। कुछ कार्मिक सम्बन्ध जीवन में सकारात्मकता लेकर आते हैं लेकिन अधिकतर विषाक्त होते हैं, जिस कारण वे आपके जीवन में टिकते नहीं। पर ऐसे कार्मिक संबंध के आने का उद्देश्य क्या होता है और उनका साथ क्या समस्या होती है, चलिए जानते हैं...

कार्मिक संबंध उन रिश्तों को माना गया है जो आपके पिछले जन्म से जुड़े होते हैं और इस जन्म में वो आपके जीवन में कुछ-न-कुछ उद्देश्य लेकर प्रवेश करते हैं। ऐसे रिश्तों की ऊर्जा सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हो सकती है। कार्मिक संबंध ऐसे रिश्ते माने जाते हैं जो गहरे आकर्षण, तीव्र भावनाओं और अधूरे कर्मों की पूर्ति से जुड़े होते हैं। ये रिश्ते अक्सर बहुत मजबूत शुरूआत करते हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में लंबे समय तक स्थिर नहीं रह पाते। कुछ मान्यताओं के अनुसार, कार्मिक संबंध पिछले जन्म के अधूरे कर्मों को पूरा करने के लिए आते हैं। जब वह 'कर्म ऋण' समाप्त हो जाता है, तो रिश्ता भी समाप्त हो सकता है। लेकिन जो रिश्ते स्थिर नहीं रह पाते, इसके पीछे कई कारण होते हैं - कार्मिक संबंध क्यों नहीं टिकते?

### 1. सीख देने के लिए आते हैं, स्थायी होने के लिए नहीं

कर्मिक संबंध आत्मा को पुराने जन्मों के अधूरे कर्मों और भावनात्मक ऋणों से मुक्त करने के लिए आते हैं। जब सीख पूरी हो जाती है, तो रिश्ता अपना उद्देश्य पूरा कर चुका होता है और स्वाभाविक रूप से टूट जाता है।

### 2. तीव्र आकर्षण और संघर्ष

शुरूआत में ये रिश्ते बहुत चुंबकीय और रोमांचक लगते हैं, लेकिन जल्दी ही इनमें झगड़े, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और विषाक्त चक्र शुरू हो जाते हैं। इन रिश्तों में आकर्षण बहुत गहरा होता है, लेकिन संतुलन कम होता है। यह अस्थिरता इन्हें टिकाऊ नहीं बनने देती।

### 3. कर्मिक ऋण का निपटारा

जब आत्मा पुराने कर्मों का हिसाब चुका देती है, तो संबंध का बंधन ढीला पड़ जाता है। यह प्रक्रिया अक्सर दर्दनाक होती है, लेकिन आत्मा को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है।

### 4. दोहराए जाने वाले पैटर्न

अक्सर ऐसे रिश्तों में बार-बार एक जैसी लड़ाइयाँ और समान गलतियाँ दोहराई जाती हैं। जब तक कोई व्यक्ति जागरूक नहीं होता, यह चक्र चलता रहता है और अंततः टूट जाता है। असल में, बार-बार टूटने और जुड़ने का चक्र व्यक्ति को थका देता है। अंततः दोनों पक्ष समझ जाते हैं कि यह रिश्ता स्थायी नहीं है और अलग होना ही बेहतर है।

अध्यात्म के अनुसार, कार्मिक संबंध दर्द देने के लिए नहीं, बल्कि जागरूक करने के लिए आते हैं। वे हमें आत्म-सम्मान, सीमाएँ और सच्चे प्रेम का अर्थ सिखाते हैं। जब सीख पूरी हो जाती है, तो जीवन हमें अधिक संतुलित और स्वस्थ संबंधों की ओर ले जाता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,63,400, रवा- 1,63,300 चांदी- टंच- 2,68,000 पाट- 2,67,000।

### उज्जैन किराना
**अशोक कुमार भगवानदास**
**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल मुस्लिम समाज द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**कानड़।** नगर के ग्राम शिवगढ़ में होली पर्व पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। रमजान महीने में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहा पर एक दूसरे के चेहरे पर रंग गुलाल लगाया और सभी हिंदू भाइयों का मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।होली के शुभ अवसर पर नंदकिशोर शर्मा , सचिव मनीष शर्मा , हाफिज साजिद खान, करीम खान,रफीक खा,शेर खान, शाकिर खां चांद खां, आंनद शर्मा आदि द्वारा रमजान माह और होली पर्व पर हिंदू मुस्लिम भाईचारे का उदाहरण देते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की गिरफ्तारी के विरोध में आंदोलन



**देवास।** पिछले दिनों ए आई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के द्वारा युवा कांग्रेस के 10 से अधिक कार्यकर्ताओं समेत युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी को भी गिरफ्तार किया गया जिन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया इसी को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्यालय पर आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें देवास से प्रदेश युवा कांग्रेस संस्कृति प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत चौहान ने अपने साथियों के साथ भाग लिया इस अवसर पर संबोधित करते हुए विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता डरेगा नहीं ना ही झुकेगा हम जब तक आंदोलन करते रहेंगे तब तक हमारे अध्यक्ष और हमारे साथियों की रिहाई नहीं हो जाती है ।इसी इसी के साथ श्री चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में आकर ट्रेड ड्रिल की है जिस से देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा आज हमारा मध्य प्रदेश सोयाबीन उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है अगर यह डील हो जाती है तो सोयाबीन के भाव में भारी कमी आ जायेगी यह सरासर किसानों और देश के लोगों के साथ अन्याय है। इसी के साथ चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस ने जो आंदोलन किया वह कोई गलत नहीं किया। आंदोलन में अनेक प्रदेश के वरिष्ठ,युवा कांग्रेस नेता एवं महिला बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में युवक गंभीर घायल, इंदौर रेफर

**शाजापुर।** जिले के ग्राम मोल्टा के पास सोमवार शाम दो बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक का सवार मौके से फरार हो गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार हादसा शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हुआ। ग्राम कांजा निवासी लाखन सिंह राजपूत अपनी बाइक पर एक महिला और बच्ची के साथ पिपलोदा से लौट रहे थे। इसी दौरान मोल्टा के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाखन सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। वहीं, दूसरी बाइक का चालक हादसे के तुरंत बाद अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। घटनास्थल से गुजर रहे एक राहगीर ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पायलट संजय और आरक्षक अभिषेक मौके पर पहुंचे और घायल लाखन सिंह को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, लाखन के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। राहत की बात यह रही कि बाइक पर सवार महिला और बच्ची को मामूली चोट आई हैं और वे सुरक्षित हैं।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण का निरीक्षण, कई खामियां मिली

**गुना।** गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने गुना में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य में मिली खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सुधार करने के सख़्त निर्देश दिए हैं। बता दें गुना बायपास दो खंभे से बिलोनिया चक तक बनाई जा रही सड़क में हो रहे घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की गुना विधायक पन्नालाल शाक्य से स्थानीय लोगों द्वारा निरंतर शिकायत की जा रही थी। इन्ही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी करने सहित कई अनियमितताएँ सामने आने पर नाराजगी जताई और तत्काल कार्य में सुधार करने एवं गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**दैनिक अवन्तिका**
**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**
बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

शहर में जगह-जगह होलिका दहन हुआ, लोगों ने की परिक्रमा

# मन्नतें मांगने के लिए चूल के अंगारों पर नंगे पैर चले ग्रामीण सतरंगी रंगों में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली का पर्व







दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सोमवार की रात 12.50 बजे भद्रा के समाप्त होते ही शहर सहित अंचलों में होलिका दहन शुरू हुआ। एक अनुमान के अनुसार तहसील में 100 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया।

होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। पर्व को लेकर प्रमुख चौराहे पर सूखी लकड़ी से होलिका का ढांचा तैयार कर फूल, हल्दी, रोली, अक्षत, गुड़ और नारियल से सजाया गया था। भगवान विष्णु, भक्त प्रह्लाद और अग्नि देव की पूजा कर मंत्रों का जप करते हुए होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई और परिवार के साथ परिक्रमा करते हुए नारियल या गेहूं की बालियां अग्नि में अर्पित की गई। अब घर में गंगाजल छिड़ककर, दीपक जलाकर और सकारात्मक ऊर्जा ग्रहण करते हुए पूजा समाप्त की जाती है, जिससे घर और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

### बिछड़ौद

नगर में मंगलवार को होली पर्व को लेकर स्थानीय श्री गलगल महादेव मंदिर परिसर में मेले का भव्य आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत बिछड़ौद (खालसा) सरपंच प्रतिनिधि मुकेश चांदना, उपसरपंच प्रतिनिधि कुलदीपसिंह चौहान सहित टीम सदस्यों द्वारा मेले में बिजली, पानी, सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था के साथ व्यापारियों को जगह आवंटन कर व्यवस्थित रूप से मेले में स्थान दिया गया। मेले में अंचल क्षेत्र के करीब 25 हजार से भी अधिक ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने मेले का जमकर आनंद लिया। क्षेत्र के प्रमुख होटलों, मिठाई, प्लास्टिक, किराना, खेल- खिलोने आदि सहित अन्य चीजों के व्यापारियों और दुकानदारों ने अपनी दुकानों को एक दिन पूर्व यानी सोमवार दोपहर से ही मेले में सजा- धझाकर तैयार की। झूला-चकरी, नाव आदि संचालकों द्वारा भी अपने झूलों, चकरियों, नाव आदि की संपूर्ण तहकीकात कर मेले प्रांगण में लगाए। मंगलवार को लगे मेले ने भव्य रूप लिया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 25 हजार से भी अधिक ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने मेले में पहुंचकर झूलों- चकरियों, नाव आदि में झुलकर तो होटलों पर पहुंचकर मिठाईयाँ, जलेबी, पकोड़े आदि का जमकर लुफ्त उठाया। साथ ही ग्रामीणों और महिलाओं ने अपने बच्चों के लिए खेल- खिलोने आदि की भी जमकर खरीददारी की। इधर श्री गलगल महादेव मंदिर समीप भभकती आग के अंगारों की चूल का भी आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी मांगी मन्नतों के पूरा होने और मन्नतें मांगने के लिए अपने मन के प्रति हढ़- संकल्पीत रहकर नंगे पाँव भभकते अंगारों की चूल पर चले। मेले आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन भी संपूर्ण रूप से मुस्तैद दिखाई दिया। पुलिस अपने दल-बल के साथ दो दिवसीय लगे मेले के आयोजन में अपनी सक्रियता के साथ तैनात नजर आए। वहीं प्रशासनिक अमले ने तपती धूप के बीच भी दिनभर अपनी ड्यूटी निभाते हुए असामाजिक तत्व के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए मेला आयोजन को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया। मेले में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। दिनभर चलने वाला मेला शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। जानकारी दिपांशु जैन ने दी।

### शाजापुर

होलिका दहन के साथ ही शहर में रंगों के त्यौहार की भव्य शुरूआत हो गई। त्यौहार के पहले और दूसरे दिन जमकर रंग-गुलाल बरसा, जिससे पूरा शहर सतरंगी रंगों में डूबा हुआ नजर आया। होली के डांडे को जलाए जाने के साथ ही नागरिकों ने होली तापने और होला (गेहूं की बालियां) सेंकने की चली आ रही प्राचीन परंपरा का पूरे उत्साह के साथ निर्वहन किया। इस दौरान महिलाओं ने जलती होलिका की परिक्रमा की और उसके चारों ओर जल का घेरा बनाकर होलिका माता को नमन करते हुए परिवार व शहर की सुख-शांति के लिए मंगलकामनाएं कीं। इसी के साथ नागरिकों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और फिर शुरू हुआ रंगों का दौर, जो अगले दिन दोपहर बाद तक चलता रहा।

होली के इस पर्व पर जहां बच्चे और युवा टोलियों में एक-दूसरे को रंगते दिखाई दिए, वहीं महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं रहीं और उन्होंने भी पूरे उल्लास के साथ जमकर होली खेली। शहर के हर गली-मोहल्ले में रंगोत्सव की धूम रही और लोगों ने आपसी गिले-शिकवे भुलाकर उत्साह के साथ एक-दूजे को रंग लगाया।

### आजाद चौक में हुआ आयोजन

शहर के प्रमुख आजाद चौक में चंद्रशेखर होली उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य होली उत्सव का आयोजन किया गया, यहां युवाओं और नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। डीजे की धुन और ढोल-नगाड़ों के बीच लोगों ने हवा में जमकर गुलाल उड़ाया और थिरकते हुए पर्व का जश्न मनाया। समिति द्वारा यहां रंगोत्सव के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। आजाद चौक पर हुए इस आयोजन में लोगों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और एक-दूसरे को रंग लगाकर जश्न मनाया।

पेयजल के मुद्दे पर नगर सरकार को घेरा

## नगर परिषद के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़

नगर परिषद कार्यालय के सामने सोमवार को जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में पेयजल आपूर्ति और पचलाना रोड स्थित निजी बावड़ी में कुत्ते की मौत के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया कांग्रेस नेताओं ने नगर परिषद पर लापरवाही,जवाबदेही से बचने और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रहने के आरोप लगाए।

धरना को संबोधित करते हुए आगर के पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े ने कहा कि नगर में पेयजल,स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है प्रशासन गंभीर मुद्दे पर समय रहते ध्यान नहीं दे रहा है जिससे



आम नागरिक परेशान है वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने नगर परिषद को सफल सरकार बताते हुए कहा है कि जनता को शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारीयों ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था गंदगी और अधिकारियों और कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सोपा

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर,मोहनलाल,गौरी शंकर सूर्यवंशी,कैलाश मालवीय आदि नेताओं ने नगर सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

धरना प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहे वही नगर परिषद कार्यालय परिसर के भीतर भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन विफल- भाजपा

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी सहित नगर के भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि कांग्रेस का धरना प्रदर्शन पूरी तरह विफल रहा नगर में नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है बावड़ी में कुत्ते गिरने का सवाल है उसमे कुछ राजनीतिक कारण है जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस थाना कानड़ में की गई है इसकी जांच चल रही है।

## केरल से लापता युवक देवास में मिला

**देवास।** देवास जिले की बीएनपी थाना पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए केरल से लापता एक युवक अजनाश को उसके परिजनों से मिलवाया। युवक पिछले एक माह से अपने घर से लापता था और परिजन उसकी तलाश में परेशान थे। जानकारी के अनुसार, युवक ट्रेन के माध्यम से पहले उज्जैन पहुंचा और फिर देवास आ गया। देवास के सियापुरा में ग्रामीणों ने उसे घूमते हुए देखा और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई।

## भाजपा ने गाय के नाम पर वोट मांगे, वास्तविकता विपरीत

### जीतू पटवारी बोले- सरकार की मंशा गायों की रक्षा करने की नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने देवास बायपास पर मीडिया से चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। पटवारी ने गौमांस के मुद्दे पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हमेशा गाय के नाम पर जनता से वोट मांगे हैं, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। उन्होंने भोपाल के स्लॉटर हाउस में बड़ी मात्रा में गौमांस पकड़े जाने और देवास में भी गायों के अवशेष मिलने जैसी घटनाओं का जिक्र किया।

### सरकार पर सवाल उठाए

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लगातार गौहत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं। पटवारी ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने गौमांस पर शून्य प्रतिशत टैक्स कर दिया है, जो उनकी मंशा को स्पष्ट करता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जांच में भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं की भी गौमांस प्रकरण में संलिप्तता सामने आई है। इस बीच, एक कांग्रेस विधायक ने इस पूरे मामले के खिलाफ विधानसभा में अध्यादेश लाने की बात कही है। पटवारी के अनुसार, इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार की मंशा गायों की रक्षा करने की नहीं, बल्कि जनता को गुमराह करने की है।

मीनाक्षी हॉस्पिटल के 21 वर्ष पूर्ण होने पर लगा स्वास्थ्य शिविर

## सैकड़ों मरीजों ने शिविर में लिया नि:शुल्क परामर्श

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

शहर के दलवी कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठित चिकित्सीय संस्थान मीनाक्षी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर की स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। सेवा के दो दशकों का सफर पूरा करने की खुशी में आयोजित इस शिविर में सुबह से ही मरीजों का तांता लगा रहा, जहाँ सैकड़ों की संख्या में नगर व जिले भर से आए लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

### दीप प्रज्वलन के साथ हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमेर सिंह गढ़ा ने किया। उन्होंने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश सिंह कुशवाह



एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरूआत की। इस अवसर पर सुमेर सिंह गढ़ा ने मीनाक्षी हॉस्पिटल की 21 वर्षों की अविश्वत सेवा यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

### विशेषज्ञों ने दी नि:शुल्क सेवाएं

शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.एस. कुशवाह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, जनरल सर्जन डॉ. बी.एल. कुशवाह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनमोल बाधवानी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल किशोर मीना, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.एस. कुशवाह एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत सिंह कुशवाह शामिल रहे।

### नि:शुल्क जांचों का मिला लाभ

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, शिविर में न केवल परामर्श बल्कि आवश्यक एक्स-रे और अन्य पैथोलॉजी जांचें भी पूरी तरह निःशुल्क की गईं। डॉ. डी.एस. कुशवाह ने बताया कि दिनभर चले इस शिविर में मरीजों की भारी भीड़ रही, जिन्हें विशेषज्ञ परामर्श के साथ-साथ गंभीर रोगों के उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन भी दिया गया। अस्पताल की इस पहल को

## सेवानिवृत्ति समारोह में पंचायत इंस्पेक्टर रघुवंशी को दी भावभीनी विदाई

**गुना।** जिला पंचायत के शासकीय शुभ विदाई गार्डन में 28 फरवरी को आयोजित एक गरिमामय समारोह में पंचायत इंस्पेक्टर रामवीर सिंह रघुवंशी के सेवा निवृत्ति अवसर पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में श्री रघुवंशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ करने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

In The Court Of II Additional Judge To The Court Of I Additional District Session Judge, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्री कपिल नारायण भारद्वाज**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MIC SUC/0000018/2026)

**धनंजयसिंहदेव द्वारा संरक्षक माता गायत्रीकुंवर---- आवेदक**

**Vs**

**सर्वसाधारण.. अनावेदक**

Process Id-/2026

**पेशी दिनांक: 02/04/2026**

**प्रेषिती**
(1) **सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**
(2) **आम जनता**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनंजयसिंह देव पिता स्व. महेन्द्रसिंह राठौर, उम्र-7 वर्ष, ना.बा. द्वारा संरक्षक माता गायत्रीकुंवर पति स्व. महेन्द्रसिंह राठौर, निवासी-ग्राम मकडावन तह. बडनगर जिला उज्जैन की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदक मृतक ठा. पहाडसिंह का दत्तक पुत्र होकर उनका वैधानिक उत्तराधिकारी एवं वारिस है। मृतक ठा. पहाडसिंह अपने जीवनकाल में उनकी मृत्यु तक आवेदक एवं उसकी संरक्षक माता गायत्रीकुंवर के साथ ही निवास करते थे एवं मृतक ठा. पहाडसिंह का देहांत दिनांक 07/10/2025 को वृद्धावस्था में ग्राम मकडावन जिला उज्जैन में स्थित मकान में हो चुका है। मृतक ठा. पहाडसिंह एवं उनकी धर्मपत्नि का स्वर्गवास हो चुका है तथा उनकी कोई संतान नहीं थी इस कारण उन्होने आवेदक के स्व. पिता महेन्द्रसिंह को दत्तक पुत्र रखा था और महेन्द्रसिंह का विवाह भी स्व. ठा. पहाडसिंह ने अपनी जीवित अवस्था में ग्राम मकडावन में आवेदक की माता गायत्रीकुंवर से दिनांक 11/03/2011 को करवाया था । आवेदक स्व. महेन्द्रसिंह का पुत्र है और आवेदक का सम्पूर्ण पालन पोषण पुत्रवत स्व. ठा. पहाडसिंह द्वारा किया गया। मृतक ठा. पहाडसिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की वादग्रस्त भूमि ग्राम मकडावन तह. बडनगर जिला उज्जैन में भूमि कुल किता 6 रकबा 22.6100 हेक्टयर स्थित है। मृतक ठा. पहाडसिंह द्वारा अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा स्वयं की हस्तलिखि के द्वारा आवेदक के हित में दिनांक 21/03/2025 को साक्षीगण पी. एस. राठौर निवासी नारेलाकला एवं मुकेश की उपस्थिति में अपनी स्वेच्छा से वसीयतनामा निष्पादित किया था। उक्त वसीयत अनुसार आवेदक एक मात्र ठा. पहाडसिंह का उत्तराधिकारी है। आवेदक पता ने मृतक ठा. पहाडसिंह पिता ठा. चंद्रभानसिंह राठौर निवासी ग्राम मकडावन जिला उज्जैन की उक्त दिनांक 21/03/2025 को संपादित वसीयत के आधार पर प्रोबेट प्रमाण पत्र हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 02 अप्रैल 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 02 अप्रैल 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

यह आज तारीख 02 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(कपिल नारायण भारद्वाज)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश उज्जैन न्यायाधीश उज्जैन के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश उज्जैन (म.प्र)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## न्यूज कॉलम

### कनाडा में पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियाना।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि नैंसी की बहन ने दावा किया है कि नैंसी की हत्या उसके घर में नहीं हुई बल्कि उसके घर से 45 मिनट की दूरी पर एक पेशेंट के घर के बाहर हुई है। नैन्सी का जन्म हरियाणा में हुआ लेकिन बाद में उनका परिवार लुधियाना शिफ्ट हो गया। अब उसकी मां जालंधर में रहती है। नैन्सी अपने यूट्यूब वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती थी। जिसमें वह खुलकर खालिस्तानियों से लेकर अकाल तख्त जत्थेदार और डेरा ब्यास मुखी तक की आलोचना करती थी। टीम रात में पहुंची, अस्पताल में दम तोड़ दिया: कनाडा पुलिस के अधिकारी पियर्स ने बताया कि हमले की सूचना मंगलवार (3 मार्च) की रात को मिली थी। इसके बाद पुलिस और पैरामेडिक्स रात करीब साढ़े 9 बजे तक टॉड लेन के 2400 ब्लॉक में पहुंचे। इसके अलावा एसेक्स-विंडसर इमरजेंसी मेडिकल टीम के मेंबर भी मौके पर पहुंचे।

### हादसे में घायल बीजेपी नेता की एंबुलेंस के फर्श पर गिरने से मौत

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना के खिमलासा में सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान भाजपा नेता की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने आरोप लगाया था कि 108 एम्बुलेंस के ड्राइवर और ईएमटी ने भाजपा नेता हनुमत सिंह ठाकुर को ले जाते वक्त गंभीर लापरवाही बरती। पहले घायल को मालथौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए फिर रेफर करने पर उन्हें साढ़े तीन घंटे सागर पहुंचने में लगे। इतना ही नहीं जब एंबुलेंस सागर के निजी अस्पताल पहुंची तो बीजेपी नेता स्ट्रेचर से एंबुलेंस के फर्श पर गिरे हुए थे। परिजनों का आरोप है कि 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने जो लापरवाही बरती उससे उनकी ज्यादा तबीयत बिगड़ गई थी और तीन दिन बाद इलाज के दौरान हनुमत सिंह ने दम तोड़ दिया। भाजपा नेता के शव को लेकर परिजन थाने पहुंच गए और प्रदर्शन के बाद पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के दोनों कर्मचारियों व बाइक चालक पर मामला दर्ज किया गया है है। एक मार्च को भाजपा के खिमलासा ग्रामीण मंडल के महामंत्री व आरएसएस के संयोजक हनुमत सिंह ठाकुर अपने गांव सेमरा गनपत से खिमलासा के लिए निकले थे। खिमलासा के मंडी गेट के पास उनकी बाइक को यूपी के बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी थी। इसके बाद उन्हें 108 एंबुलेंस के ईएमटी हेमराज पटेल और ड्राइवर पुष्पेन्द्र अहिरवार पहले मालथौन फिर वहां से रेफर करने पर सागर ले गए। घायल को सागर के अस्पताल में उतारते समय परिजनों ने देखा कि एंबुलेंस का गेट खुला है और घायल गेट से अटके हुए थे और खून से लथपथ थे। वे एंबुलेंस की फर्श पर पड़े थे, जिसके देख परिजनों ने ड्राइवर पुष्पेंद्र की पिटाई भी कर दी थी।

### पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किए जाने को एक 'कड़वा मजाक' करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक पत्र में पटवारी ने राज्य के कृषि और उससे जुड़े विभागों में हजारों खाली पदों का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया है कि प्रदेश का कृषि तंत्र सरकारी उदासीनता के कारण दम तोड़ रहा है। पटवारी ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश कृषि विभाग में स्वीकृत 14,537 पदों में से 8,468 पद खाली पड़े हैं। इसका मतलब है कि विभाग का लगभग 60% अमला अनुपस्थित है। उन्होंने सीधा सवाल उठाया कि जब सरकारी तंत्र ही आधा खाली हो, तो क्या केवल 'खाली कुर्सियों' के भरोसे किसानों का कल्याण होगा? विशेष रूप से 'ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी' जैसे महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने से फसल नुकसान सर्वे और सॉइल हेल्थ कार्ड जैसी योजनाएं जमीन पर प्रभावी नहीं हो पा रही हैं। जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चौहान दो दशकों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने संस्थागत क्षमता निर्माण के बजाय केवल घोषणाएं कीं। पटवारी ने आरोप लगाया कि वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उसी 'घोषणाओं की खेती' को आगे बढ़ा रहे हैं, जबकि प्रशासनिक जमीन बंजर पड़ी है।

### पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कैंडी की होटल में महिला स्टाफ से की छेड़छाड़

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम एक नए विवाद में घिरती नजर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम के एक खिलाड़ी पर श्रीलंका के कैंडी स्थित होटल में महिला कर्मचारी के साथ कथित छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। घटना के बाद टीम प्रबंधन ने मामले को आंतरिक स्तर पर संभालने की कोशिश की और संबंधित खिलाड़ी पर जुमार्ना भी लगाया गया। हालांकि खिलाड़ी की पहचान अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इस घटना ने पाकिस्तान क्रिकेट की छवि पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह घटना श्रीलंका के कैंडी स्थित गोल्डन क्राउन होटल में हुई, जहां पाकिस्तान टीम टी20 वर्ल्ड कप के दौरान ठहरी हुई थी। बताया जा रहा है कि श्रीलंका के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले से पहले टीम का एक खिलाड़ी होटल की महिला हाउसकीपिंग कर्मचारी के साथ कथित तौर पर बदसलूकी करने लगा। महिला कर्मचारी ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिसके बाद होटल स्टाफ मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। होटल स्टाफ ने इस घटना की जानकारी तुरंत पाकिस्तान टीम के मैनेजर नावीद चीमा को दी। रिपोर्ट के मुताबिक होटल प्रबंधन खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा कदम उठाना चाहता था, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने खिलाड़ी की ओर से माफी मांगी।

## एमपी में टैक्स फ्री हुई 'शतक: संघ के 100 साल', मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया बड़ा ऐलान

# विधायक, बीजेपी नेताओं के साथ फिल्म देखने पहुंचे सीएम मोहन यादव





दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

देशभर में होली का उल्लास चरम पर है। मस्ती मूड छाया हुआ है। लोग एक दूसरे को गुलाल लगा रहे हैं, रंगों की बौछारों में सराबोर हो रहे हैं और डीजी की धुन पर थिरक रहे हैं। सीएम मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। इससे पहले मंगलवार देर रात वे फिल्म देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानि आरएसएस की एक शताब्दी की सेवा यात्रा पर निर्मित फिल्म शतक देखी। बाद में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संघ संस्थापकों ने राष्ट्र सर्वोपरि के भाव को सशक्त करने और भविष्य के बेहतर भारत की कल्पना की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पबद्ध प्रत्येक नागरिक को फिल्म शतक जरूर देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि फिल्म शतक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा टैक्स फ्री घोषित किया गया है।

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिल्म शतक** : संघ के 100 वर्ष को एक प्रेरक फिल्म बताया है जो राष्ट्र के लिए कर्म प्रधान भूमिका का आहवान करती है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास के अध्ययन और अतीत से अवगत होकर संघ संस्थापकों और पदाधिकारियों ने राष्ट्र को सर्वोपरि मान बाहरी शक्तियों के कृत्यों के विरुद्ध मजबूती से मुहिम चलाई।
- **मंगलवार रात को सीएम मोहन यादव शतक** : संघ के 100 वर्ष फिल्म देखने भोपाल के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर स्थित दृष्टि कॉम्प्लेक्स पहुंचे थे। भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा और बीजेपी नेता राहुल कोठारी, रविंद्र यति सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ उन्होंने पूरी फिल्म देखी।

### एक शताब्दी की सेवा और समर्पण भरी यात्रा दिखाई

फिल्म शतक में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गठन 1925 से लेकर पूर्ण हुई एक शताब्दी की सेवा और समर्पण भरी यात्रा दिखाई गई है। फिल्म के प्रदर्शन के अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फिल्म का कथानक, समाजोपयोगी संदेश और सांस्कृतिक उत्थान के महत्व को रेखांकित करने के कारण प्रदेश में इसे कर मुक्त घोषित किया है।

### अभिनेता अजय देवगन ने स्वर दिया

शतक : संघ के 100 वर्ष फिल्म के निर्देशक आशीष मल्ल हैं। फिल्म की विशेषता यह भी है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत ग्राफिक्स का उपयोग कर स्वातंत्र्य वीर सावरकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्व पर्दे पर जीवंत किए गए हैं। फिल्म में अभिनेता अजय देवगन ने स्वर दिया है। शतक के निर्माता वीर कपूर हैं। फिल्म के महत्व को देखते हुए मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्य सरकारों ने भी इसे टैक्स फ्री कर दिया है ताकि अधिक से अधिक युवा इसे देख सकें।

## शासकीय नालियां और सड़क तोड़कर किया जा रहा अतिक्रमण, वार्डवासियों में भारी आक्रोश

- हनुमान मंदिर चैक से मल मोहल्ला गली एवं जसवंत के मकान तक अतिक्रमण
- सीएमओ को सौंपा शिकायती आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित अर्जुन नगर कॉलोनी में शासकीय नालियों एवं आरसीसी सड़क को तोड़कर किए जा रहे अतिक्रमण का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। कॉलोनी के कुछ रहवासियों द्वारा अपने-अपने मकानों के सामने चबूतरे एवं शौचालय का निर्माण कर सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किए जाने से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

वार्डवासियों के अनुसार यह स्थिति हनुमान मंदिर से शुरू होकर मल मोहल्ला वाली गली तक और जसवंत के मकान तक बनी हुई है। इस पूरे मार्ग में जगह-जगह नालियां तोड़ दी गई हैं और सड़क की चैड़ाई कम कर दी गई है, जिससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जल निकासी व्यवस्था ठप, सड़क हुई संकरी- स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शासकीय धन से निर्मित नालियां और आरसीसी सड़क आमजन की सुविधा के लिए बनाई गई थीं, लेकिन निजी स्वार्थ के चलते उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया। नालियों के टूटने से जल निकासी व्यवस्था बाधित हो गई है और बारिश के समय पानी सड़कों पर भरने की आशंका बढ़ गई है।

सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध निर्माण से मार्ग इतना संकरा हो गया है कि दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सीएमओ को सौंपा गया आवेदन- मामले की गंभीरता को देखते हुए वार्डवासियों ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को लिखित शिकायती आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत एवं सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की गई है।

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो समस्या और विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वे उच्च स्तर पर शिकायत कर आंदोलन भी करेंगे।

फायर ब्रिगेड के लिए चुनौती बना अतिक्रमण- भविष्य में अगर इस वार्ड नंबर 01 अर्जुन नगर में आगजनी होती है। तो प्रशासन चाह कर भी आग पर काबू नहीं पा सकेगा क्योंकि कहा से अंदर जायेगी फायर ब्रिगेड सड़कों पर तो अतिक्रमण कर रखा है।

## गल्फ कंट्रीज के एमपी वासियों के लिए हेल्पलाइन जारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच खाड़ी देशों में रह रहे मध्य प्रदेश वासियों की सहायता के लिए मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में की सरकार ने कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है। खाड़ी देशों में इजराइल-ईरान तनाव के बीच आपातकालीन स्थिति में मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क करने के लिए कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर और ईमेल पर संपर्क करके मदद ली जा सकेगी।

24x7 कंट्रोल रूम से इन माध्यमों से कर सकते हैं संपर्क

दूरभाष: 011-26772005

व्हाट्सएप: 9818963273

प्रदेश शासन ने खाड़ी देशों में रह रहे सभी मध्यप्रदेश वासियों से अपील की है कि आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराए गए संपर्क माध्यमों का उपयोग करें।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. **PARKING-RTM-99** अनुबंध का प्रकार - पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. -**PARKING-RTM-DADN-FW-59-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar FW), PARKING-RTM-MDS-FW-84-26-1 (Mandsaur FW), PARKING-RTM-BCH-TW-40-22-3 (Bercha TW), PARKING-RTM-DADN-MX-60-24-1 (Dr. Ambedkar Nagar FW),** अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **18.03.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

Apex/4/1/493

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड पता-थर्ड फ्लोर जोन-4 विश्व विद्यालय मार्ग देवास उज्जैन मार्ग माधव नगर क्रोमा इलेक्ट्रोनिक शोरूम के उपर उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि संपत्ति क्रमांक-1 भूखण्ड क्रमांक 58 नया, पुराना क्रमांक 6/60 अमर सिंह मार्ग फ्रिगंज उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 42.70 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में -पोर्च जमीन फुटपाथ बाद अमरसिंह मार्ग में, पश्चिम मे -दिलीप नरहरि येवले का भवन, उत्तर में- गली एवं दक्षिण में- अन्य का भवन स्थित हैं। उक्त संपत्ति जिसका कुल क्षैत्रफल 16.10 वर्गमीटर रमेशचंद्र पोरवाल पिता शिवनारायण पोरवाल ने इसके पूर्वस्वामी गोरी बाई पति श्री बालूसिंह राजपुत द्वारा मुख्तयारआम प्रेमसिंह पिता उत्तमसिंह राजपुत एवं जगदीश एवं अमरसिंह तथा छगनसिंह एवं बनेसिंह पुत्रगण बालूसिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2962 दिनांक 11/08/2008 के माध्यम से क्रय कि। एवं अन्य भाग जिसका कुल क्षैत्रफल 26.60 वर्गमीटर रमेशचंद्र पोरवाल पिता शिवनारायण पोरवाल ने इसके पूर्वस्वामी गोरीबाई पति श्री बालूसिंह आदि से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2829 दिनांक 29/07/1999 को क्रय कि।

संपत्ति क्रमांक -2 भूखण्ड क्रमांक 57 नया, पुराना क्रमांक 6/602 स्थित अमरसिंह मार्ग फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 80.01 वर्गमीटर। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में -पोर्च के बाद रोड़, पश्चिम में -कॉमन पैसेज एवं चंद्रकांता का भवन, उत्तर में- बाबूलाल राधेश्याम का भवन एवं दक्षिण में- विष्णुमल सिंधी का भवन स्थित हैं। एवं उक्त संपत्ति गणेशचंद्र, गोपाल कृष्णा एवं गोपाल ने विभाजन पत्र क्रमांक 2 दिनांक 02/04/1993 के माध्यम से रमेशचंद्र प्रदान कि थौ । एवं रमेशचंद्र पोरवाल का स्वर्गवास दिनांक 01/01/2026 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के उत्तराधिकारी अर्चना पति राजेन्द्र, वंदना पति गोविन्द प्रसाद तथा अंजलि पति सुनिल कुमार पोरवाल एवं आंनद उक्त संपत्ति के स्वामी हुये। तथा अर्चना आदि द्वारा हकत्याग आनंद पोरवाल के हित में किया जाना प्रस्तावित है।आंनद पोरवाल ने उक्त दोनों संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्तियों में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्तियों पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्तियों के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्तियों पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेन्स कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3, तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर, चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**


## स्कूल के विवाद में चाकू मारा

### पुलिस ने दो नाबालिक आरोपियों को पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

शहर स्थित सांदीपनि विद्यालय के दो छात्रों पर स्कूल में हुए पुराने विवाद को लेकर चाकू मारा गया। यह हमला सिटी थाना क्षेत्र के पचोर रोड पर होना बताया गया। मिली जानकारी अनुसार प्रिंस जाटव एवं श्रेयांश पुरबिया निवासी चितोडा पर बुधवार की सुबह नाबालिक आरोपियों ने चाकू से जानलेवा हमला किया, जिससे श्रेयांश को कमर में और प्रिंस को कोहनी में चोटे आई, दोनों घायल छात्रों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार घायलों व नाबालिक आरोपियों के बीच पूर्व में विवाद हुआ था, इसी के चलते रंजीशवश हमला किया गया। पुलिस ने दोनों नाबालिक आरोपियों को पकड़ लिया।


**जाहिर - सूचना का प्रतिवाद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री घनश्याम सोनी एडवोकेट द्वारा उनके पक्षकार क्रमशः श्री आनंद दशोरा, अवधेश दशोरा पुत्रगण श्री शरदचन्द्र दशोरा निवासीगण- नवाखेड़ा, इंदौर द्वारा साजिद एहमद पिता सुल्तान एहमद, निवासी - 26, वीर दुर्गादास मार्ग, गली नं. 06 बिलोटीपुरा, उज्जैन से उनके कथित स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 2886 रकबा 23000 वर्गफीट ग्राम जियापुरा तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि अदा कर यदि किसी व्यक्ति या अन्य किसी को भी इस संव्यवहार में आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस में आपत्ति करने बाबत् प्रकाशित करवाई है, जिसके खण्डन हेतु मुझे मेरे पक्षकारगण शुभ्रा भार्गव पति संजय भार्गव, प्रोप्रायटर अल्का ऑटो मोबाईल्स ने अधिकृत किया गया है जिनके निर्देश पर उक्त प्रतिवाद निम्नानुसार प्रकाशित करवाया जा रहा है। यह कि उक्त भूमि मेरे पक्षकारगण के एकमात्र स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि है जिसे उसके मूल स्वामी साजिद एहमद पिता सुल्तान एहमद से मेरे पक्षकार द्वारा बजरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.09.1998 के माध्यम से दस्तावेज क्र. 3411, अल्का ऑटो मोबाईल के नाम से क्रय कर लिया गया है एवं उक्त दिनांक से उक्त भूमि के स्वामी एवं आधिपत्यधारी मेरे पक्षकारगण है, जिसके संबंध में दीवानी वाद उज्जैन न्यायालय में लंबित है। उक्त भूमि को उक्त साजिद एहमद द्वारा पुनः बेचने का प्रयास किया जा रहा है, उक्त तथ्य की पुष्टि मुझ अभिभाषक से मेरे कार्यालय में आकर दस्तावेजों का अवलोकन करने पर की जा सकती है। अतः इस जाहिर सूचना के प्रतिवाद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, संस्थानों, बैंक आदि उक्त साजिद एहमद पिता स्व. सुल्तान एहमद से उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें अन्यथा भविष्य में होने वाले परिणामों का दायित्व संबंधितों का स्वयं का होगा। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

इति दिनांक : 05.03.2026

**अजहर दानिश खान** (एडवोकेट)
79, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग-2, उज्जैन (म.प्र.)
मोबा.: 9425946142, 8770811515



**कार्यालय मण्डल प्रबंधक**
**मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.**
**मण्डल कार्यालय उज्जैन**

14/34, प्रथम तल विक्रम मार्ग देसाई नगर उज्जैन, दूरभाष नं. 0734-3557759 E-mail:-ujjainzm2023@gmail.com

**वाहन किराये पर लेने हेतु अल्पावधि निविदा सूचना**

म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, मंडल कार्यालय उज्जैन द्वारा पंजीकृत डीजल/पेट्रोल/सी.एन.जी.ए.सी/Indigo/Bolero/Nexon/Ertiga के व्यवसायिक परमिट वाले चलित वाहन मासिक आधार पर किराये पर लेने हेतु दरे आमंत्रित की जाती हैं। वाहन का रजिस्ट्रेशन जनवरी-2024 के पूर्व का न हो। निविदा संबंधित दस्तावेज एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में दिनांक 20.02.2026 से 27.02.2026 तक किया जा सकता हैं। निविदा फार्म का मूल्य रुपए तीन सौ मात्र (300/-) हैं। निविदा दिनांक 02.03.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक क्रय की जा सकती हैं। निविदा दिनांक 04.03.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक जमा की जा सकेगी। प्राप्त निविदा उसी तिथि को 3:00 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।

किन्तु होली का पावन त्यौहार हेतु 04.03.2026 को सामान्य अवकाश घोषित होने के कारण 05.03.2026 तक खेली जाना थी किन्तु अपरान्ह 1:00 बजे तक कोई निविदा फार्म जमा नहीं होने के कारण अवधि में एक सप्ताह वृद्धि की जाती है दिनांक 13.03.2026 तक निविदा क्रय की जा सकेगी। दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक जमा की जावेगी। प्राप्त निविदा उसी तिथि को 3:00 बजे उपस्थित निविदाकताओं के समक्ष खोली जावेगी।

**मण्डल प्रबंधक**
**उज्जैन (म.प्र.)**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री सोमपाल सिंह पिता श्री गजराज सिंह, निवासी ग्राम उंडासा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 620/1/4 (एस) रकबा 0.2270 हेक्टेयर में से 3200 वर्गफीट स्थित ग्राम उंडासा, पटवारी हल्का नं. 96, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा भूमि स्वामी से तय किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूमि के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यार नामा आम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 3 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

यह दिनांकित है

**डॉ. एसके शर्मा**
**एडव्होकेट-उज्जैन**
**ऑ.नं. 02 तल मंजिल, 33, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो.नं. 9300707767**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1- रितेश सुनेरिया पिता श्री बद्रीलाल सुनेरिया जाति सुतार (गेर आदिवासी) निवासी 3/4, श्रीराम कालोनी अन्कपात मार्ग महेश नगर के पास उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) 2-श्रीमती रोशनी सूर्यवंशी पति श्री विशाल सूर्यवंशी (गेर आदिवासी) निवासी 55, लोहे का पुल महाकाल रोड़ तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1282/1 रकबा 0.08 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-1282/2 रकबा 0.07 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.15 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम घट्टिया पटवारी हल्का नम्बर-107 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो। दिनांक-05.03.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत**
**सर्विस प्रोवाईडर ::-सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 98268.87494**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने बालाराम पिता श्री अम्बाराम निवासी ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 316/2/1 रकबा 0-300 हेक्टर स्थित ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित एवं उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांकः 05/03/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाइडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.) बंसल टाइपिंग**
**सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने संदीप पिता श्री बाबूलाल निवासी ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 316/2/2 रकबा 0-100 हेक्टर स्थित ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित एवं उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांकः- 05/03/2026 उज्जैन कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाइडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.) बंसल टाइपिंग**
**सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

## न्यूज-कॉलम

### सुमित बैरागी जिलाध्यक्ष व गोविंद बैरागी जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**मंदसौर।** श्री वैष्णव बैरागी चतुः संप्रदाय मध्य प्रदेश की मंदसौर जिला इकाई की युवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की गई हैं। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से सुमित बैरागी (अघोरिया) को युवा जिला अध्यक्ष और गोविंद बैरागी (चिरमोलिया) को युवा जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों पर समाज के संरक्षक मंडल, चारों प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों और संस्थापक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेश बैरागी ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष सुमित बैरागी ने बताया कि समाज को संगठित करने और युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिए जल्द ही मंदसौर में एक विशाल युवा महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। नवीन पदाधिकारियों को अजय बैरागी, राधेश्याम बैरागी, पंकज बैरागी, विवेक बैरागी, आर.डी. बैरागी आदि ने बधाई दी।

### लहराते हुए मोटर साइकिल चलाने से मना करने पर तलवार मारी

**मंदसौर।** जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र में लहराते हुए मोटरसाइकिल चला रहे आरोपी को मना किया तो उसने फरियादी पर तलवार से हमला कर दिया जिससे फरियादी को सिर में चोंट आई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी व उसके साथी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि यह मामला 3 मार्च का है। घटनास्थल बड़ा महादेव रोड़ बाना साहेब की दरगाह के पास भानपुरा का है। पुलिस ने फरियादी श्रीनाथ (52) पिता गोविन्द निवासी भानपुरा की रिपोर्ट पर मन्नान उर्फ अश्विन निवासी गुर्जर मोहल्ला भानपुरा व एक अन्य आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### सड़क हादसे में युवक घायल, अज्ञात कार चालक पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** स्थानीय अभिनंदन कॉलोनी के साई मंदिर के पास एक सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु सिविल हॉस्पिटल मंदसौर भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार यह घटना 4 मार्च की दोपहर की है। जिसकी रिपोर्ट मंदसौर कोतवाली पर फरियादी अनिल पिता गोपाल पालीवाल निवासी जनकूपुरा लखारा चौक मंदसौर ने की है कि अज्ञात कार चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके पुत्र हर्षित पालीवाल को टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोंटे आई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

### खिड़की माता मेले हेतु समिति गठित, माया भावसार बनीं सभापति

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद द्वारा आगामी 10 मार्च को आयोजित होने वाले 17वें श्री खिड़की माता मेले के लिए मेला समिति का गठन किया गया है। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने पार्षद श्रीमती माया नीलम चंद भावसार को समिति का सभापति मनोनीत किया है। समिति में सदस्य के रूप में पार्षद रेखा राजेश सोनी, पिंकी विनय दुबेला, गोवर्धन कुमावत और पिंकी कमलेश सोनी को शामिल किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने बताया कि यह नवगठित समिति मेले के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कार्य करेगी।

### नगर पालिका नीमच का साधारण सम्मेलन आज

**नीमच!** नगर पालिका परिषद नीमच का साधारण सम्मेलन कल ६ मार्च शुक्रवार को प्रातः 1.30 बजे बंगला नंबर 60 पुरानी नगर पालिका स्थित परिषद हाल में आहुत किया गया है! साधारण सम्मेलन में वर्ष 2026-27 का बजट पारित करने हेतु प्रस्तुत किया जाएगा !उक्त जानकारी नगर पालिका के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैयालाल शर्मा ने एक प्रेस नोट में दी!

**ढूंढ उत्सव श्रद्धा के साथ संपन्न।**
**रतलाम।** श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी समिति के तत्वावधान में समाज का परंपरागत ढूंढ उत्सव मनाया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# धुलेंडी का पर्व शहर में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया

### अलकापुरी चौराहे पर महापौर का डांस बना आकर्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

बुधवार को धुलेंडी का पर्व शहर में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही गली-मोहल्लों से लेकर प्रमुख सड़कों तक रंगों की बौछारें नजर आईं। बच्चों से लेकर युवाओं और बड़ों तक सभी में होली खेलने का उत्साह दिखाई दिया। सुबह 11 बजे के बाद शहर पूरी तरह रंगों में सराबोर हो गया।

**अलकापुरी चौराहे पर रंगारंग आयोजन**

अलकापुरी चौराहे पर महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा विशेष रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। पानी की बौछारों और रंग-गुलाल मशीन से उड़ते रंगों के बीच महापौर ने फिल्मी गीतों पर जमकर डांस किया, जिससे वहां मौजूद युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोलियां ढोल की थाप पर थिरकती नजर आईं।



**अमृतसागर कॉलोनी में जैविक होली**

अमृतसागर कॉलोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने अनूठे अंदाज में जैविक मिट्टी के साथ होली खेली। करीब 15 बाय 30 फीट का गड्ढा खोदकर उसमें जैविक मिट्टी और पानी डाला गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बाल्टियों से एक-दूसरे पर मिट्टी डालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए होली मनाई।

**समाजों की गैर और पारंपरिक उल्लास**

धुलेंडी के अवसर पर विभिन्न समाजों द्वारा गैर निकाली गई। पंचान अग्रवाल समाज ने बैंड-बाजों और ढोल-ढमाकों के साथ नाचते-गाते गैर निकाली। शहर में लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। गली-मोहल्लों में बच्चों और युवाओं की टोलियां पिचकारियों के साथ घूमती रहीं। बाजारों में रंग और पिचकारियों की दुकानें भी खुली रहीं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। सड़क पर हंगामा करने, नशे में वाहन चलाने और तीन सवारी बैठाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। अलग-अलग चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और तीन पहिया वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की गई।

शहर में 10 से अधिक अस्थायी चौकियां बनाई गईं। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी गई। पूरे शहर में करीब एक हजार पुलिसकर्मी तैनात रहे, जबकि कंट्रोल रूम में रिजर्व फोर्स भी अलर्ट मोड पर रही। पुलिस अधिकारी लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। धुलेंडी का पर्व सौहार्द और उल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# फोरलेन पर श्रद्धालुओं को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, एक बुजुर्ग की मौत, दो घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

रतलाम से राजस्थान के राजसंमद जिले के प्रसिद्ध चारभुजा नाथ जी की यात्रा पर पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को रतलाम-मंदसौर फोरलेन पर पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। जिन्हें रतलाम में उपचार के लिए भर्ती किया है।

हादसा जिले के ढोढर व परवलिया के बीच ग्रीन होटल के सामने बुधवार दोपहर करीब 3.45 बजे हुआ है। रतलाम निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला (76), मनोहर मूंदड़ा व भगवती काबरा तीनों 3 मार्च को रतलाम से चारभुजा नाथ जाने के लिए पैदल यात्रा पर निकले थे। रात में जावरा के हसनपालिया में रुके थे। बुधवार सुबह वह आगे की यात्रा के लिए पैदल रवाना हुए।

**वाहन समेत फरार हुआ आरोपी चालक**

दोपहर में फोरलेन पर ढोढर व परवलिया के बीच ग्रीन होटल के सामने आयशर ट्रक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने उक्त तीनों घायलों को जावरा सरकारी अस्पताल भिजवाया।

हादसे की जानकारी मिलने पर रतलाम से परिजन, रिश्तेदार, परीचित कपिल व्यास, संदीप व्यास, अनिल पोरवाल आदि जावरा पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने नरेंद्र कुमार शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। जावरा में पीएम के बाद शव को रात में रतलाम लाकर मेडिकल कॉलेज की मच्युर्री में रखा गया। जहां गुरुवार सुबह परिजन शव लेकर घर जाएंगे।

जावरा में प्राथमिक उपचार के बाद घायल मनोहर मूंदड़ा को रतलाम में प्राइवेट हॉस्पिटल व भगवती काबरा को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया है। ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया अज्ञात ट्रक चालक टक्कर मार फरार हो गया है। हमें भी अस्पताल से घटना की जानकारी मिली। ढोढर टोल प्लाजा के सीसीटीवी फूटेज चैक किए जा रहे है। ट्रक की तलाश में टीम लगाई है।

**एमपीईबी से रिटायर्ड थे**

मृतक नरेंद्र कुमार शुक्ला मप्र विद्युत मंडल से रिटायर्ड अनुविभागीय अधिकारी थे। इनके एक बेटा मोहित शुक्ला व एक बेटी सुनीता है। परिवार के संदीप व्यास ने बताया कि हर साल चारभुजा नाथ की पैदल यात्रा पर यह सभी लोग जाते थे। रंग पंचमी तक चारभुजा नाथ पहुंचते थे। लेकिन इस बार एक सदस्य के परिवार में शादी होने के कारण लेट निकले थे। 12-13 मार्च तक वहां पहुंचने का था।

### विधायक विपिन जैन ने पत्रों के माध्यम से उठाई अफीम किसानों और गेहूं उपार्जन की समस्याएं

**मंदसौर।** क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने अफीम उत्पादक



किसानों और गेहूं बेचने वाले किसानों के हित में संबंधित विभागों और प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखे हैं। विधायक जैन ने अफीम की फसल की कटाई और डोडा तोड़ने की प्रक्रिया के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए उप नारकोटिक्स आयुक्त नीमच को पत्र लिखकर मांग की है कि सीपीएस पद्धति के तहत किसानों को स्वयं डोडा तोड़कर मुखिया की उपस्थिति में वजन दर्ज कराने की अनुमति दी जाए, जैसा कि पिछले वर्ष किया गया था। उन्होंने कहा कि जब तक डोडा नहीं टूटता, किसानों को खेत पर कड़ी रखवाली करनी पड़ती है। विभाग की टीम के समय पर न पहुंचने से चोरी का डर बना रहता है। स्वयं डोडा तोड़ने की अनुमति मिलने से किसानों को इस मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति मिल सकेगी। इसके साथ ही, विधायक श्री जैन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि (7 मार्च) को आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने की तकनीकी समस्याओं और होली के अवकाश के कारण जिले के हजारों किसान अपनी उपज का पंजीयन कराने से वंचित रह गए हैं। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ाना आवश्यक है।

# नगर भ्रमण पर निकलेंगे तलाई वाले बालाजी, तैयारी बैठक कल

**मन्दसौर।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आगामी 1 अप्रैल को च्तलाई वाले बालाजी की भव्य च्वीर हनुमान यात्राज निकाली जाएगी। जिसके अंतर्गत पहली बार तलाई वाले बालाजी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस आयोजन की व्यापक तैयारियों और रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए 7 मार्च, शनिवार को शाम 6.30 बजे रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा रोड़ में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक में भागवत प्रवक्ता आचार्य देवेंद्र शास्त्री सहित अन्य धमार्चार्य उपस्थित रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बालाजी के विग्रह को एक अत्यंत आकर्षक और सुसज्जित रथ में विराजमान किया जाएगा। यात्रा मार्ग को भगवा ध्वजों, स्वागत द्वारों और फूलों से सजाया जाएगा। यह यात्रा तलाई वाले बालाजी मंदिर से शुरू होकर गांधी चौराहा, बड़े बालाजी बस स्टैंड, घंटाघर, शुक्ला चौक, नयापुरा, कालाखेत, दयामंदिर रोड़ होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के समापन पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महाआरती का भव्य आयोजन होगा।

# फूल मंडी के पास बुधवार रात करंट लगने से एक गाय की मौत

**रतलाम।** संत रविदास चौक फूल मंडी के पास बुधवार रात करंट लगने से एक गाय की मौत हो गई। हिंदू संगठनों को इस बारे में जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में क्षेत्र में पहुंच गए। बिजली कंपनी के खिलाफ खुले तार छोड़ लापरवाही का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया। पदाधिकारी ठेला गाड़ी पर गाय के शव को रख बीच सड़क पर दो घंटे तक बैठे रहे। जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जय, जय श्री राम, भारत माता की जय, गौ माता के हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाने लगे। नगर निगम के खिलाफ भी आक्रोश जताया। पदाधिकारियों को कहना था कि क्षेत्र में कंपनी द्वारा बिजली के तार काफी नीचे हैं। कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया। लेकिन कोई सुनता नहीं है। माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे बल के साथ मौके पर पहुंचे। समझाने की कोशिश की। सभी एमपीईबी के जिम्मेदारों को बुलाने की मांग पर अड़ गए और कार्रवाई की मांग करने लगे।

### केंद्र सरकार के सचिव श्री मिश्रा ने किया स्कूलों का निरीक्षण, शैक्षणिक स्तर और तकनीकी कौशल को सराहा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड के सचिव अंजन कुमार मिश्रा ने गुरुवार को मंदसौर जिले के शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम श्री शासकीय कन्या हाई स्कूल (बूढ़ा) और केंद्रीय विद्यालय मंदसौर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर अदिति गर्ग और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान सचिव श्री मिश्रा ने विशेष रूप से स्कूल की भौतिकी, रसायन और गणित प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनके प्रयोगात्मक कार्यों के बारे में जानकारी ली। कंप्यूटर लैब में कोडिंग कर रहे विद्यार्थियों को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और ए.आई. की आधुनिक शिक्षा में उपयोगिता पर बच्चों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के युग में तकनीक के साथ कदम मिलाना अनिवार्य है।

स्कूल की खेल सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि स्कूलों को च्फिट इंडियाज अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए ताकि बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने स्कूल परिसर में स्थित हर्बल गार्डन के पौधों की टैगिंग करने और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मिड-डे मील (मध्यान्ह भोजन) की गुणवत्ता की जांच की और किचन स्टाफ से भोजन के मीनू और स्वच्छता को लेकर बात की। सचिव ने स्कूलों में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

# विक्रम सीमेंट वर्क्स में 55वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

जिले के प्रसिद्ध सीमेंट उत्पादक कपनी विक्रम सीमेंट वर्क्स खोर में ५५ वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ श्री अवास मिश्रा एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संरक्षा ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ । श्री दशरथ सुथार (संविदा कर्मचारी) द्वारा संरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। तत्पाश्चात श्री राहुल बारगल (संरक्षा अधिकारी ) ने स्वागत उद्बोधन मे राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह की प्रासंगकिता को बताया तथा सप्ताह भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो से अवगत कराया ।

उन्होनें समस्त कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनायें । उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक सामूहिक उत्तरदायित्व है तथा हम सब को मिल कर शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्ति के लियें प्रयास करने होंगे। ।

इस अवसर पर कारखाने में जगह - जगह सुरक्षा बैनर लगायें गयें। तथा कर्मचारियों द्वारा संरक्षा वार्ता और संरक्षा कविता का आयोजन भी किया गया।





संस्थान प्रमुख श्री अवास मिश्रा ने अपने भाषण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कारखानें में काम करने वाला हर व्यक्ति स्वयं सुरक्षा के सभी नियमों एवं रोको - टोको का पालन करें तभी हम अपनें शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो सकेगें। उन्होंने समस्त कर्मचारियों से अनुशाशन में रहते हुए सुरक्षा के नियमों का शतप्रतिशत पालन करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित कामगार न केवल अपनी जिंदगी की सुरक्षा करता है , बल्कि वह दूसरों की भी सुरक्षा करता है। और कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी भी कार्य को करने से पहले हम उसके खतरों की पहचान कर सुरक्षित कार्य विधि बना ले तथा उसके अनुसार कार्य करे तो हम शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्त कर सकते है।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रगति में सुरक्षा का विशिष्ट महत्व है। अगर हमे कारखाने में उत्पादकता को बढ़ाना है, तो सुरक्षा के उच्च मापदंड स्थापित करने होंगें। इसके लिए आवश्यक है, सुरक्षा के नियमों का पालन, सुरक्षित आदतों का विकास, अनुशासन तथा कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता। इसके साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि हम अपने सुरक्षा स्तर का समय समय पर मूल्यांकन भी करें कि हमारे प्रयास इस दिशा में कितने सार्थक हुए हैं । सुरक्षा के प्रति जागरूकता इसमें बहुत महत्व रखती है। आप सभी से अनुरोध है कि इस दौरान आयोजित होने वाली सुरक्षा गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाये।

मैं आप सभी को सुरक्षा दिवस के अवसर पर शुभकामनायें देता हूँ तथा आशा करता हूँ कि आप सभी सुरक्षित आदतों का विकास कर कारखाने में एक सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति विकसित करेंगे , जिससे कि हम अपने शुन्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त कर संस्थान को सुरक्षा में अग्रणी बनाएंगे । प्रबंधन की सुरक्षा के प्रति वचनबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा प्रबंधन सुरक्षा के सभी संसाधन हमेशा उपलब्ध कराता रहा है तथा भविष्य में भी इसके लिए वचनबद्ध है।



### घेराबंदी कर वाहन चोर को दबोचा, चोरी की 3 मोटरसाइकिलें बरामद

**मन्दसौर।** दलौदा थाना पुलिस टीम ने वाहन चोरी के आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दलौदा और मंदसौर कोतवाली क्षेत्र से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दलौदा थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से दो पहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं। जिसको लेकर गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्रित किया। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी विक्रम उर्फ हवलदार (26 वर्ष) पिता रामबीर सिंह बंजारा निवासी जिला काशीराम नगर (उत्तर प्रदेश), हा. मु. अभिनंदन नगर मंदसौर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। आरोपी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी है और वर्तमान में मंदसौर में रहकर इन वारदातों को अंजाम दे रहा था।

### योग साधकों ने उत्साह के साथ मनाया गया धुलेंडी पर्व




**मंदसौर।** स्थानीय नूतन स्टेडियम स्थित दशपुर योग शिक्षा संस्थान के योग भवन में गुरूवार को धुलेंडी का पर्व हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर योग साधकों ने न केवल गुलाल से होली खेली, बल्कि ढोल की थाप पर नृत्य कर और गीत-संगीत के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह गायत्री मंत्र और ऊँ के गुंजन के साथ हुई, जिसके बाद सभी उपस्थित अतिथियों और साधकों ने सूक्ष्म क्रियाएं संपन्न कीं।इस दौरान योग गुरु सुरेंद्र जैन ने कहा कि होली का पर्व आपसी कड़वाहट और बैर भाव को मिटाकर प्रेम बांटने का त्योहार है। उन्होंने योग और रंगों के बीच गहरा संबंध बताते हुए कहा कि जिस प्रकार योग का अर्थ च्जोड़नाज होता है, उसी तरह होली के रंग भी हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में प्रीति जैन, कृष्णा पाटीदार और शांकी कश्यप ने मनमोहक नृत्य पेश किए। वहीं जितेश फरक्या, विजय पलोड़, धर्मदास संगतानी, लतेश हाड़ा, घनश्याम पांडे, राजकुमार अग्रवाल, सुमन रावल, नीलम जैसवानी सहित अन्य साधकों ने हास्य व्यंग्य, कविताएं और गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन संस्था सचिव लोकेंद्र जैन ने किया।

### विधायक ने समर्पण निधि भेंट की



**जावरा** ।विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय नें भारतीय जनता पार्टी की समर्पण निधि में 21 हजार रुपए का चेक समर्पित कर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की,। यह राशि पार्टी के संगठनात्मक कार्यों की मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदान की गई, । इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अशोक आंटिया, नंदकिशोर महावर, महामंत्री अनिल धारीवाल, मनीष ऊटवाल, प्रांजल पाण्डेय, विनोद चौरसिया उपस्थित थे ।

### पीजी कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन आज

**मंदसौर।** शहर के राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज 6 मार्च को जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन होने जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से श्री कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में प्रारंभ होगा।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि इस संसद के माध्यम से जिले के युवाओं को अपनी बात रखने का एक सशक्त मंच मिलेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी के अनुसार, इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अपनी 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड और स्थानीय निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभागी की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उनका च्माय भारतज पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण होना आवश्यक है। युवा संसद के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को च्आपातकाल के 50 वर्ष-लोकतंत्र के लिए सबकज्ज विषय पर अधिकतम 3 मिनट का भाषण प्रस्तुत करना होगा। भाषण की गुणवत्ता और समय सीमा के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

### पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी अरोड़ा का निधन

**जावरा** । कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष ,भूमि विकास



बैंक के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व लायंस क्लब अध्यक्ष हरि नारायण अरोड़ा की धर्मपत्नी समाजसेवी पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी अरोड़ा के निधन से नगर गहरे शोक में डूबा। लायंस क्लब द्वारा सहमति पश्चात नेत्रदान हुआ। रजनी अरोड़ा एक आदर्श ग्रहणी रही ।बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा ।वह लायंस क्लब एवं ओजस क्लब की चार्टर अध्यक्ष लायनेस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लिनेश क्लब अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर समाज सेवा में निरंतर कार्य करती रही ।समाज सेवा के प्रति उनकी उदारता ऐसी रही कि वह जाते-जाते भी दो व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान कर गई । रजनी अरोड़ा के निधन पर नगर की कई सामाजिक संस्थाएं ,महिला कांग्रेस ,कांग्रेस नेताओं ,विभिन्न धार्मिक संस्थाएं, गणमान्य नागरिकों, युवाओं आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट की।



## गुरु-निश्रा में हुआ पोस्टर का विमोचन

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश युवक महासंघ की अगुवाई में पूरे भारतवर्ष में 11 मार्च को प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ दादा के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में गत दिवस युवक महासंघ के प्रदेश इकाई अध्यक्ष अनिल दसेड़ा (जावरा) फाल्गुनी तेरस के अवसर पर श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम किला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पधारे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 11 मार्च को दादा आदिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक दिवस को उत्साह, उमंग एवं भक्ति भाव से मनाने हेतु सभी श्रावक-श्राविकाओं एवं युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुवर्या परम पूज्य शासन ज्योति श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में महोत्सव के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

## विधानसभा क्षेत्र महिदपुर में विकास कार्यों का लोकार्पण



**महिदपुर।** दिनेश जैन बोस ने विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के ग्राम खजूरिया मंसूर में स्कूल बाउंड्री वॉल निर्माण एवं ग्राम लसुड़िया मंसूर में शांतिधाम सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बोस की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार, खजूरिया मंसूर में स्कूल बाउंड्री वॉल का निर्माण 5.42 हजार रुपये की राशि से तथा लसुड़िया मंसूर में शांतिधाम सड़क निर्माण कार्य 10.56 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच राकेश परमार एवं सचिव पर्वतलाल अजमेरिया ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने संबोधन में कहा कि इन विकास कार्यों से गांव की आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी तथा आमजन को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास करने की बात भी कही।

## महिदपुर गंगावाडी मेले का हुआ समापन, व्यापारियों को किया पुरस्कृत




**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा आयोजित 103वां गंगावाडी मवेशी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान एवं नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका सीएमओ राजा यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने कहा कि गंगावाडी मेला अति प्राचीन और ऐतिहासिक मेला है। इस वर्ष हजारों लोगों ने मेले में भाग लेकर इसे सफल बनाया। उन्होंने नगर पालिका द्वारा की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आदर्श व्यापारियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए।

## रईस पठान फिर बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष

**शुजालपुर।** संगठन में विश्वास जताते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने एक बार फि र रईस पठान को शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति जीतू पटवारी के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं प्रदेश सह सचिव रचना जैन की अनुशंसा पर रईस पठान को पुनः शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शरीफ पठान, पार्षद बल्ला सोनी, पूर्व पार्षद अन्नू पठान, पूर्व पार्षद महेन्द्र नाहर, पूर्व शहर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग शाजापुर जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रईस पठान को बधाई दी। समर्थकों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शहर में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और पार्टी गतिविधियों को गति मिलेगी।



## सुसनेर : मोड़ी रोड पर हादसा, बिजली पोल से टकराई बाइक

**सुसनेर।** मोड़ी रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक सवार अजय 24 वर्ष निवासी नादना गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सुसनेर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।



### ग्रामीण अंचल में मची धुलेंडी की धूम

# गुलाल और हर्बल रंगों से खेली होली, नागरिकों ने पक्के रंगों से बनाई दूरी







दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

रंगों के महापर्व होली की धूम मंगलवार को नगर में जमकर देखने को मिली। सुबह से ही गली-मोहल्लों में होली का रंग चढ़ने लगा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर इस पर्व का आनंद लिया। खास बात यह रही कि इस बार लोगों ने हानिकारक पक्के रंगों से दूरी बनाकर हर्बल गुलाल और सूखे रंगों से होली खेली। बच्चों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला। पुराने कपड़े पहनकर तैयार हुए बच्चे रंग-गुलाल उड़ाते रहे। माता-पिता ने भी बच्चों को खुलकर त्योहार मनाने दिया। हालांकि कई कक्षाओं की परीक्षाएं भी चल रही हैं। अभिभावकों का कहना था कि बच्चों को तनावमुक्त रखने के लिए उन्हें होली का आनंद लेने दिया गया। हालांकि बच्चों में पानी और पिचकारियों का क्रेज कम नहीं हुआ। वे रंग-बिरंगे गुब्बारे और पिचकारियों से होली खेलते नजर आए। युवा टोली ढोल-ढमाके के साथ नगर में घूमी और होली की मस्ती में झूमते हुए एक-दूसरे को रंग लगाया। कुल मिलाकर, इस बार की होली रंगों के साथ-साथ जागरूकता का संदेश भी लेकर आई जहां लोगों ने पर्यावरण और सामाजिक परंपराओं का भी पूरा ध्यान रखा।

#### गमी वाले परिवारों के घर पहुंची समाजों की टोली

नगर में परंपरा के अनुसार इस वर्ष जिन परिवारों में गमी हुई थी वहां फूल माली समाज, ब्राह्मण, गुर्जर, कुमार, मेघवाल, सोनी सहित अन्य समाज के लोग रंग डालने पहुंचे। मान्यता के अनुसार, इससे परिवार का सूतक समाप्त हो जाता है और वे फिर से सभी शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं। नगर की कई समाजों की टोली इन परिवारों तक पहुंची और उन्हें सांत्वना देकर होली के रंगों से जोड़ने का प्रयास किया।

#### मंदिर में उमड़ी मातृशक्ति

होली के अगले ही दिन मंगलवार को धुलेंडी पर महिलाओं द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई। नगर के मेला ग्राउण्ड स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह मातृशक्ति मैया को शीतल जल अर्पित किया। जिससे मंदिर परिसर में सुबह के समय विशेष रौनक देखी गई। धुलेंडी से शीतला सप्तमी तक सात दिनों तक महिलाओं द्वारा शीतल जल चढ़ाने की परंपरा निभाई जाती है। सप्तमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ शीतल भोग अर्पित किया जाता है।

#### प्रशासन रहा मुस्तैद

होली के उल्लास के बीच नगर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। एसडीओपी देवनारायण यादव, थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस सहीत पुलिस अधिकारी लगातार पेट्रोलिंग करते रहे।

**खाचरौद**

नगर में घुलेंण्डी पर्व पर मोहल्लो में होलीरंग गुलाल लगाकर धुमधाम से परिवारजनो द्वारा मनाया गया। नगर में प्रमुख एकदिवस पहले नाथुराम की शव यात्रा बेण्डबाजे के साथ रथ पर नाथुराम का पुतला को बैठाकर हॅसी ठिठोली के पात्र बनाकर में मस्करी करते हुवे शव यात्रा निकाली गई। चबुतरा चैराहे पर यात्रा का समापन के साथ दाल बॉटी का भोजन किया गया। होली पर्व पर चबुतरे पर सुबह से ही रंग गुलाल में युवा पट गये होकर पानी से होली खेल गानो पर झुमे। गणेशदेवली पर भी परिवारजन अपने पड़ोसीयो के साथ जमके होली खेली गई। युवा बच्चे आदि रंग गुलाल लगाकर मस्ती की गई। खब्बावास में भी युवाओ द्वारा दर्जनो कट्टे गुलालरंग के साथ होली पर्व मनाया गया। नगर में कही भी कोई ऐसी बात नही हुई। धुमधाम से होली पर्व मनाया गया।

**बड़नगर**

फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सोमवार की रात 12.50 बजे भद्रा के समाप्त होते ही शहर सहित अंचलों में होलिका दहन शुरू हुआ। एक अनुमान के अनुसार तहसील में 100 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया गया।

होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। पर्व को लेकर प्रमुख चौराहे पर सूखी लकड़ी से होलिका का ढांचा तैयार कर फूल, हल्दी, रोली, अक्षत, गुड़ और नारियल से सजाया गया था। भगवान विष्णु, भक्त प्रह्लाद और अग्नि देव की पूजा कर मंत्रों का जप करते हुए होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई और परिवार के साथ परिक्रमा करते हुए नारियल या गेहूं की बालियां अग्नि में अर्पित की गई। अब घर में गंगाजल छिड़ककर, दीपक जलाकर और सकारात्मक ऊर्जा ग्रहण करते हुए पूजा समाप्त की जाती है, जिससे घर और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

**कानड़**

सोमवार की रात्रि को नगर के विभिन्न चौराहो,मोहल्लों में होलिका की महिलाओं द्वारा पूजन अर्चन की गई, उसके पश्चात मंगलवार को अल सुबह होलिका का दहन हुआ ।सुबह से ही रंग पिचकारीयों की दुकाने सज कर तैयार थी,जहां सुबह से ही रंग पिचकारी खरीदने वालों की भीड़ नजर आई पिचकारीयों कि तरह-तरह की वैरायटी बाजार में उपलब्ध है,जोकि दुकानों पर से ही बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

नगर के विभिन्न चौराहो पर होली उत्सव समिति द्वारा पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए इस वर्ष कंडो की होली बनाई गई। कंडो से बनी होलिकाओ को आकर्षक रूप से डेकोरेशन किया गया था ।नेताजी कॉलोनी चौराहे पर और नगर के बजरंग मोहल्ला स्थित होली समिति द्वारा युवाओं द्वारा होली की सजावट आकर्षण का केंद्र रही जहां लाइट डेकोरेशन के साथ साथ बलून डेकोरेशन भी किया गया था।

### हार्वेस्टर मशीन से गेहूं निकालते वक्त

# अचानक मशीन के नुकीले दांते पेट में घुसने से व्यक्ति गंभीर रुप से घायल

#### उपचार हेतु गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय पहुंचाया

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय में एक व्यक्ति गंभीर हालात में इलाज के लिए पहुंचा। जहां सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम ने बिना समय गवाए मरीज को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 3 बजे भोपाल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। यदि समय रहते मरीज को उपचार नहीं मिलता तो काई अनहोनी घटना भी घटित हो सकती थी।



उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की पहचान सदगुरू सिंह पिता अवतारसिंह 40 वर्ष निवासी पंजाब के रूप में हुई है, वे खिलचीपुर में हार्वेस्टर मशीन से गेहूं निकालने का कार्य कर रहे थे, कार्य के दौरान अचानक मशीन के नुकीले दांते उनके पेट में फंस गए। इस घटना में सदगुरू के पेट की आंते तक बाहर निकल गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। तत्काल अन्य मजदूरों ने काम रोककर घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम भी तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंची। जहां घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया। मशीन के दांते नुकेले होने के कारण सदगुरू का पूरा पेट कट गया था। जिस पर तुरंत घांव की रिपेयरिंग कर 30 टांके लगाए गए। रात करीब 3 भोपाल रेफर कर दिया गया।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि यदि समय रहते सीनियर सर्जन डॉ. राजेन्द्र कठेरिया व उनकी टीम द्वारा मरीज का उपचार नहीं किया जाता तो अत्यधिक खून के रिसाव से उसकी जान भी जा सकती थी। यह हादसा खेतों में भारी मशीनरी के उपयोग के दौरान बरती जानी वाली असावधानियों को दर्शाता है। फिलहाल मरीज का उपचार जारी है और चिकित्सक उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन 13 से होंगे शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के अंतर्गत गैर-अनुदान प्राप्त मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश की ऑनलाइन प्रक्रिया घोषित कर दी गई है। अधिक जानकारी देते हुए बीआरसी बीएल वर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के अभिभावक 13 मार्च से आवेदन कर सकते हैं। पात्र बच्चों के अभिभावक निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के दौरान अभिभावकों को अपने ग्राम, वार्ड एवं आसपास स्थित निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में से न्यूनतम 3 एवं अधिकतम 10 विद्यालयों का चयन करना होगा। ऑनलाइन पंजीयन के लिए समग्र आईडी दर्ज कर आधार सत्यापन अनिवार्य रहेगा।

#### इस प्रकार रहेगी प्रक्रिया

बीआरसी वर्मा ने बताया कि 9 मार्च को पोर्टल पर स्कूलों एवं उपलब्ध सीटों का प्रदर्शन होगा। जबकि 13 से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार किया जा सकता है। वही 14 से 30 मार्च 2026 तक जनशिक्षा केंद्र स्थित सत्यापन केंद्रों पर दस्तावेज सत्यापन कराना होगा। 2 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस से सूचना दी जाएगी। 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक आवंटित विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

## डॉ श्रवण जाट जिला अध्यक्ष बने



**महिदपुर।** भारतीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोहा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठींगला ने हंसराज जाट जिला प्रभारी के अनुसार युवा जिला अध्यक्ष के पद पर महुडी महिदपुर के श्रवण जाट को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति से उज्जैन जिला जाट संगठन में खुशी की लहर है इनकी नियुक्ति पर समाजजनो के साथ अन्य समाज के गणमान्य पदाधिकारीयों ने स्वागत कर बधाई दी। उक्त जानकारी संजय जाट जिला मिडिया प्रमुख युवा संगठन उज्जैन ने दी।

## गुजराती सेन समाज ने रंगों के साथ सामाजिक एकता का दिया संदेश



**तराना।** नगर में गुजराती सेन समाज की गैर निकाली गई।गेर पेट्रोल पंप चौपाटी से प्रारंभ हो नगर के गमी वाले परिवार के घर पहुंची, तथा रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर गुलाल लगाकर, मृत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, तथा इस दुख की घड़ी में परिवार को सांत्वना प्रदान करी। इस अवसर पर पूनम चंद वर्मा, देवेंद्र वर्मा,दिलीप वर्मा सत्यनारायण वर्मा प्रेम नारायण वर्मा मनोज भाटी घोटू वर्मा माखन वर्मा सुनील वर्मा श्याम पहलवान जितेंद्र वर्मा अरविंद वर्मा अनिल नेता शैलेंद्र वर्मा संजीव वर्मा कमल वर्मा ओर महिला मंडल सदस्याये उपस्थित रही।

## 14 को वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत, मिलेगी विशेष छूट

**सारंगपुर।** विद्युत चोरी और अनियमितताओं के पुराने मामलों में फंसे उपभोक्ताओं के लिए राहत की बड़ी खबर है। आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस कैलेंडर वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बंपर डिस्काउंट का ऐलान किया है। शासन के निर्णयानुसार, बिजली चोरी के मामलों में उपभोक्ताओं को न केवल अदालती कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी, बल्कि उनके बकाया पर लगने वाले ब्याज को शत-प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। विद्युत कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह अवसर उन उपभोक्ताओं के लिए है जो कानूनी पेचीदगियों को खत्म कर अपना बकाया चुकाना चाहते हैं। इसके लिए संबंधित बिजली जोन, वितरण केंद्र और विजिलेंस कार्यालयों को समन्वय के निर्देश दिए गए हैं।

# सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों, बच्चों ने धधकते अंगारों से भरी चूल से निकल कर हर-हर महादेव के नारे लगाते हुए की पूजा अर्चना

अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

बुधवार को धुलेडी पडवी को अलग-अलग गांवों में मनाते हुए शिव मंदिरों में आयोजित चूल के आयोजनों में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चे धधकते अंगारों से भरी चूल में गुजर कर भगवान शिव की पूजा अर्चना कर उन्हें कलश का जल चढ़ाया।





प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झरावदा झुटावद तथा इसन खेड़ी गांवों में चूल के आयोजन संपन्न हुए जहां मंदिरों के पुजारियों ग्राम पटेल आदि ने पूजा-अर्चना कर धधकते अंगारों पर चले। धुलेंडी पर चंद्र ग्रहण से सूतक होने से इस वर्ष चूल का आयोजन एक दिन बाद हुआ।

**इंगोरिया**

धुलेंडी के दूसरे दिन मन्नत पूरी करने श्रद्धालु

प्रति वर्ष गणेश मंदिर प्रांगण में चूल का आयोजन किया जाता है। गांव में सुबह पारंपरिक गैर निकलती है और शाम 4 बजे से ग्रामवासी मंदिर में चूल देखने एकत्रित हो जाते हैं। चूल से निकलने वाले श्रद्धालु पूजन कर श्रद्धा भाव से नंगे पैर अंगारों पर चल कर भगवान शिव के प्रति आस्था प्रगट करते हैं। इस वर्ष भी बच्चे, महिलाएं, युवकों और बालिकाओं ने चूल से निकल कर मनौती पूरी की।

सलमान खान के पिता सलीम खान इन दिनों हॉस्पिटल में भर्ती हैं। पहले से उनकी तबीयत बेहतर है। इसी बीच सलमान खान के कुछ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें वह ह्यबैटल ऑफ गलवांह्न फिल्म के सेट पर नजर आए।

## पिता की खराब तबीयत के बीच 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग पर पहुंचे सलमान

### वायरल फोटो में मुस्कुराते नजर आए भाईजान







सलमान खान इन दिनों मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं, उनके पिता सलीम खान की तबीयत पिछले दिनों खराब हुई। अभी तक वह हॉस्पिटल में हैं। कई बार सलमान खान को हॉस्पिटल के चक्कर लगाते हुए देखा जा सकता है। लेकिन इसी बीच वह अपने काम को लेकर भी समर्पित नजर आ रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आईं, जिन्हें ह्यबैटल ऑफ गलवांह्न के सेट का बताया जा रहा है। कई फैंस के साथ सलमान खान फोटो में नजर आ रहे हैं, वह इन तस्वीरों में मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। देखें सलमान खान की वायरल तस्वीरें।

### तस्वीरों में अलग दिखा सलमान खान का लुक

सोशल मीडिया पर सलमान खान की जो तस्वीरें वायरल हैं, उनमें वह क्लीन शेव लुक में दिख रहे हैं। कई क्रू मेंबर्स के साथ फोटो क्लिक करवा रहे हैं। एक तस्वीर में उनके आसपास के लोग होली के रंग से रंग नजर आ रहे हैं। इस फोटो में सलमान खान मुस्कुरा रहे हैं।

### कब रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म?

फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की कहानी भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच गलवां घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सलमान खान के अलावा चित्रांगदा सिंह भी नजर आएंगी। उन्हें सलमान खान के अपोजिट साइन किया गया है। फिल्म को अपूर्व लाखिया ने निर्देशित किया है।

## 'वृषकर्मा' की खास झलक में दिखा खौफनाक मंजर, राक्षसी शक्ति का नाश करते नजर आए नागा चैतन्य



एक्शन-एडवेंचर फिल्म के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू की रहस्यमय थ्रिलर फिल्म 'वृषकर्मा' की पहली झलक सामने आ चुकी है। झलक में एक अंधेरी अलौकिक दुनिया को दर्शाया गया है, जहां एक रहस्यमय रेखाचित्र वास्तविकता में तब्दील हो जाते हैं, जो राक्षसी शक्तियों की ओर इशारा करते हैं।

**फिल्म की खास झलकः** इस फिल्म की खास झलक की शुरूआत एक डरावने सीन से होती है। एक कमरे में स्पर्श श्रीवास्तव एक अजीब चित्र बनाते नजर आते हैं और फिर अचानक उनके मुंह से चमगादड़ निकलता नजर आता है। इस सीन से पते चलता है कि यह फिल्म काफी डरावनी और रहस्यमयी पहलुओं पर बनी है।

### नागा चैतन्य की एंट्री

जब नागा चैतन्य की धमाकेदार एंट्री होती है। वे एक ऐसे खजाना खोजने वाले के रोल में हैं, जो पुरानी अंधेरी शक्तियों और रहस्यों से लड़ता है। उनका किरदार किसी राक्षसी ताकत का सामना करने के लिए चुना गया लगता है। कहानी में भाग्य और धर्म का कनेक्शन दिखता है। नागा चैतन्य का नया लुक और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

**कैसा है मीनाक्षी का रोलः** इस फिल्म में नागा के अलावा मीनाक्षी चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में मीनाक्षी एक आर्कियोलॉजिस्ट के रोल में हैं और साथ ही इसकी कहानी के बड़े रहस्य को खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।

**फिल्म 'वृषकर्मा' के बारे में:** 'वृषकर्मा' एक रहस्यमयी थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक दांडू ने डायरेक्ट किया है। इसकी झलक में पौराणिक कहानियां, सुपरनैचुरल हॉरर और एक्शन का मजेदार मिश्रण है। इस फिल्म को बीवीएसएन प्रसाद ने बनाया है और सुकुमार ने पटकथा लिखी है। इसमें ब्रह्माजी, जरीन वहाब और जयराम जैसे कलाकार भी हैं।

## फिल्म रिव्यू

### क्या देखने लायक है 'सूबेदार'? कैसा है अनिल कपूर का एक्शन



'दलदल' और फिर 'द ब्लफ' के बाद एक बार फिर प्राइम वीडियो ने अपने दर्शकों को निराश किया है। इस दफा अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' के जरिए। फिल्म पूरी तरह से अनिल कपूर के कंधों पर टिकी हुई है। किरदार भी सिर्फ उनका ही लिखा गया है बाकी सब जबरन के ठूंसे गए हैं। विलेन दिखाए बेहद खूंखार जा रहे हैं पर वो कुछ भी खूंखार करते नहीं, सिर्फ हवा बाजी करते हैं और फिल्म की लंबाई बढ़ाते हैं। किरदार कई हैं, कास्टिंग भी अच्छी है पर निर्देशक न जाने क्या ही दिखाना चाहते हैं। खैर, यहां पढ़िए कैसी है फिल्म...

#### कहानी

इस ढ़ाई घंटे लंबी फिल्म की कहानी एक सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द बुनी गई है। अर्जुन अपनी बेटी श्यामा (राधिका मदान) के साथ रहते हैं और उनकी पत्नी (खुशबू सुंदर) की एक एक्सीडेंट में मौत हो चुकी है। बेटी को पिता से शिकायत है कि पिता उस वक्त घर पर नहीं थे जब उसकी मां का निधन हुआ।

जिस शहर में अर्जुन रहता है वहां बबली दीदी (मोना सिंह) का राज है। बबली के पास कई घाट हैं जिनपर वो रेत खनन करती है। कोई भी उसके अवैध काम के बारे में बोलता है तो उसे मार दिया जाता है। बबली खुद जेल में बंद हैं पर उनके छोटे भाई प्रिंस (आदित्य रावल) बाहर खूब गुंडई मचा रहे हैं। प्रिंस और बबली का काम साफ्टी भैया संभालते हैं।

अपने आधा जीवन सरहद पर बिता चुके अर्जुन जब रिटायर होकर घर लौटते हैं तो उनके दोस्त प्रभाकर (सौरभ शुक्ला) उनकी नौकरी प्रिंस के ड्राइवर के तौर पर लगा देते हैं। इसके बाद शुरू होता है असली खेल। अर्जुन को चुपचाप जीवन बिताने के लिए भी कभी भ्रष्ट्राचार तो कभी बबली और प्रिंस के गुंडों से लड़ना पड़ता है। एक रिटायर्ड सूबेदार इनसे लड़ते हुए अपने सम्मान और अपनी बेटी की रक्षा कैसे करता है, बस यही कहानी है।

#### क्या अच्छा

पूरी फिल्म में अगर कुछ अच्छा है तो वो हैं अनिल कपूर और सौरभ शुक्ला। अनिल को इस उम्र एक्शन करते देख वाकई मजा आता है। उनके एक्शन सीन डिजाइन भी बड़े अच्छे से किए गए हैं क्योंकि यही फिल्म की यूएसपी भी हैं। बाकी सौरभ शुक्ला का रोल छोटा है पर उन्होंने फिल्म को आत्मा दी है। लोकल बुंदेलखंडी अच्छी उन्होंने ही बोली है और वो किरदार में पूरे जमे हैं। उन्हें और स्क्रीन टाइम मिलना चाहिए था।

#### अभिनय

अनिल कपूर ने अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया है। उनके एक्शन, इमोशन और एटीट्यूड सबकुछ दिल में उतरता है। बेटी के किरदार में राधिका मदान ठीक ही हैं। गुंडों से जूझने वाले सीन में उन्होंने भी तगड़ा एक्शन किया है। सौरभ शुक्ला तो कमाल करते ही हैं।



टी20 विश्व कप 2026 ने व्यूअरशिप के मामले में नया इतिहास रच दिया है। भारत में इस टूनार्मेंट को अब तक 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने देखा है, जो किसी भी टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा आंकड़ा है। साथ ही जियोहॉटस्टार पर एक समय में 6.05 करोड़ दर्शकों ने मैच देखा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस उपलब्धि की जानकारी दी और उम्मीद जताई कि सेमीफाइनल मुकाबलों के साथ यह रिकॉर्ड और आगे बढ़ेगा।

## टी20 विश्व कप ने रचा इतिहासः व्यूअरशिप में टूटा बड़ा रिकॉर्ड, भारत में 50 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखे मैच



**मुंबई।** टी20 विश्वकप 2026 ने लोकप्रियता के मामले में नया इतिहास रच दिया है। इस टूनार्मेंट को भारत में अब तक 50 करोड़ से अधिक दर्शकों ने देखा है, जिससे यह टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला संस्करण बन गया है।

इस रिकॉर्ड की पुष्टि जय शाह ने सोशल मीडिया के माध्यम से की। उनके अनुसार, इस टूनार्मेंट का उद्देश्य क्रिकेट को पहले से ज्यादा वैश्विक और अधिक दर्शकों तक पहुंचाना था और अब तक मिली प्रतिक्रिया उम्मीद से भी ज्यादा बड़ी रही है।

### जय शाह ने जताई खुशी

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि टूनार्मेंट को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य सफल होता दिख रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत इस लक्ष्य के साथ हुई थी कि इसे क्रिकेट का सबसे वैश्विक और सुलभ टूनार्मेंट बनाया जाए। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत में इस टूनार्मेंट की व्यूअरशिप 50 करोड़ के पार पहुंच गई है, जो टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा है।'

उन्होंने आगे कहा, 'जियोहॉटस्टार पर एक समय में 6.05 करोड़ दर्शकों का आंकड़ा भी बेहद उत्साहजनक है। अब जब नॉकआउट मुकाबले शुरू हो रहे हैं, तो हमें उम्मीद है कि भारतीय फैंस का प्यार और भी नए रिकॉर्ड बनाएगा।' वहीं, आज होने वाले भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि दोनों टीमें मौजूदा समय में शानदार फॉर्म में हैं।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी जबरदस्त उछाल

टी20 विश्व कप 2026 का असर सिर्फ टीवी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी दर्शकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर एक समय में 6.05 करोड़ दर्शकों ने एक साथ मैच देखा, जो डिजिटल क्रिकेट व्यूअरशिप के लिहाज से बेहद बड़ा आंकड़ा माना जा रहा है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती पहुंच ने क्रिकेट को नई पीढ़ी तक तेजी से पहुंचाया है, जिससे टूनार्मेंट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

## पाकिस्तानी खिलाड़ी की शर्मनाक हरकत, महिला स्टाफ के साथ की बदतमीजी



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। टीम सुपर-8 से आगे नहीं जा सकी। विश्व कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम स्वदेश लौट चुकी है। इसी बीच एक ऐसी खबर आई है जिसने मैदान पर लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका के कैंडी में एक होटल में रहने के दौरान एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ने महिला स्टाफ के साथ बदतमीजी की। घटना के बाद टीम मैनेजर ने खिलाड़ी पर जुमार्ना लगाया। यह घटना मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले हुई थी।


### टीम के मैनेजर ने मांगी माफी

रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले, पाकिस्तान विश्व कप टीम के एक खिलाड़ी ने एक महिला हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ बदतमीजी की। स्टाफ ने मदद के लिए आवाज लगाई। होटल के दूसरे स्टाफ ने महिला स्टाफ की रक्षा की और मामले की जानकारी पाकिस्तान टीम के मैनेजर नवेद चीमा को दी। होटल का शीर्ष प्रबंधन चाहता था कि इस मामले को सख्ती से निपटा जाए, लेकिन चीमा ने खिलाड़ी की तरफ से माफी मांगी और उस पर गलत व्यवहार के लिए जुमार्ना लगाया।

### पीसीबी के सामने हो सकती है पेशी

आरोपी खिलाड़ी के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आचार समिति के सामने भी पेश होने की संभावना है और उसे सजा मिल सकती है। पाकिस्तानी खिलाड़ियों और बैकरूम स्टाफ का टूर पर गलत व्यवहार का इतिहास रहा है। युवा बल्लेबाज हैदर अली को पिछले साल मैनचेस्टर पुलिस ने पाकिस्तान शाहीन के इंग्लैंड दौरे पर एक लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया था। हैदर कोर्ट में पेश हुए थे, लेकिन सबूतों के अभाव में उन्हें रिहा कर दिया गया था। आने वाले दिनों में इस मामले में अधिक जानकारी मिल सकती है।

## लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे; हांगकांग के लोंग एंगस को हराया



**बर्मिंघम।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। लक्ष्य ने हांगकांग के लोंग एंगस को हराया।

भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य से पुरुष एकल वर्ग में हांगकांग के लोंग एंगस को हराया। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी और 2022 संस्करण के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने लोंग को राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से हराया। लक्ष्य का सामना अब चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के नहात नगुयेन से होगा।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### एमडी ड्रग के साथ आरोपी गिरफ्तार होली पर 50 बदमाश नजरबंद



**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ड्रोन की मदद से जुआ खेल रहे 8 लोगों को पकड़ लिया। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्रोन उड़ाया गया था। ड्रोन देखकर जुआरी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 6,400 रुपए जब्त किए गए हैं। बुधवार को होली के मौके पर डीसीपी आनंद कल्यादगी के निर्देश पर इलाके में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही थी। इसी दौरान दिग्विजयनगर मल्टी में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विक्रम डाबर, सुनील जाट, सन्नी राठौर, सोहन सीताराम, मंशाराम भील, रोहित शिवा, पंकज राठौर और जीवन डाबर को गिरफ्तार किया। ड्रोन देखकर आरोपियों ने ताश के पत्ते नीचे फेंक दिए थे। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### मां के सामने 5वीं मंजिल से कूदने पर युवक की मौत

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित ताप्ती परिसर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक युवक ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान राज (23) पिता मनोज मकवाना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गर्मी लगने के कारण वह रात में अपनी मल्टी के नीचे टहल रहा था। चौकीदार ने उससे देर रात घूमने की वजह पूछी। इसी दौरान वहां पुलिस की गाड़ी भी पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी ने राज को रोककर पूछताछ की और उसे थप्पड़ भी मारे। परिवार का आरोप है कि इसके बाद राज घबरा गया और पकड़े जाने के डर से मल्टी की पांचवीं मंजिल पर पहुंचकर नीचे कूद गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। शुरूआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि राज मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसका इलाज चल रहा था।

### दस साल पुराने मामले में ईडी ने बंद की जांच, स्पेशल कोर्ट ने तर्क मानकर दी मंजूरी

# मूल अपराध खत्म, तो मनी लॉन्ड्रिंग केस भी खत्म

दैनिक अवन्तिका ⏩ इंदौर

करीब दस वर्ष पुराने सिनर्जी हॉस्पिटल से जुड़े मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश (पीएमएलए) की कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प्रस्तुत खात्मा प्रतिवेदन स्वीकार करते हुए मामले को समाप्त कर दिया है।

दरअसल 31 मार्च 2016 को ईडी ने सिनर्जी हॉस्पिटल के डॉ. सुबोध जैन सहित अन्य के विरुद्ध ईसीआईआर दर्ज की थी। यह कार्रवाई धोखाधड़ी और छल से जुड़े आरोपों के आधार पर की गई थी, जिनकी दो मूल एफआईआर विजय नगर थाना में दर्ज थीं।



#### कोर्ट ने स्वीकार किया था

- बाद में इन दोनों एफआईआर में जांच के बाद खात्मा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे 16 दिसंबर 2023 को जेएमएफसी कोर्ट द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। इसके बाद ईडी ने भी कोर्ट में खात्मा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जब मूल अपराध ही अस्तित्व में नहीं रहा, तो उसके आधार पर दर्ज ईसीआईआर का प्रचलन संभव नहीं है।
- ईडी ने अपने पक्ष में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ के एक महत्वपूर्ण निर्णय का हवाला भी दिया, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि यदि मूल अपराध (प्रेडिकेट ऑफेंस) का अस्तित्व समाप्त हो जाता है, तो मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज मामला भी आगे नहीं चल सकता।
- इन तर्कों को स्वीकार करते हुए विशेष न्यायाधीश (पीएमएलए) संतोष चौहान की कोर्ट ने ईडी द्वारा प्रस्तुत खात्मा प्रतिवेदन मंजूर कर लिया और मामले का निराकरण कर दिया।

# शराब के लिए रुपए नहीं देने पर युवक पर जानलेवा हमला

दैनिक अवन्तिका ⏩ इंदौर

होली के मौके पर पुलिस की सख्ती के दावों के बीच बाणगंगा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात चाकूबाजी की घटना सामने आई है। रामनगर चौराहे के पास छोटू यादव नाम के युवक पर दो बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छोटू यादव अपने दोस्तों के साथ चाय पीने रामनगर चौराहे पर गया था। इसी दौरान वहां उसकी मुलाकात राज यादव और पीयूष डाबी से हुई। आरोप है कि दोनों ने शराब पीने के लिए उससे रुपए मांगे। छोटू द्वारा रुपए देने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। परिजनों के अनुसार विवाद के दौरान राज यादव ने छोटू का हाथ पकड़ लिया, जबकि पीयूष डाबी ने चाकू से वार कर दिया। हमले में छोटू गंभीर रूप से घायल हो गया।

**निजी अस्पताल में भर्ती-** घायल छोटू को तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। परिवार के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि होली के दिन पुलिस ड्यूटी में व्यस्त रहने के कारण बयान लेने तत्काल नहीं पहुंच सकी। हालांकि दोनों आरोपी राज और पीयूष अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# 2 सड़क हादसों में दो की मौत

### बड़े गणपति में बाइक डिवाइडर से टकराई, राऊ में घायल महिला ने दम तोड़ा

दैनिक अवन्तिका ⏩ इंदौर

इंदौर में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मल्हारगंज क्षेत्र के बड़े गणपति इलाके में बुधवार रात बाइक डिवाइडर से टकराने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि राऊ इलाके में तीन दिन पहले कार की टक्कर से घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।




मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक अरुण सोनी (26) पुत्र तेज बहादुर सोनी, निवासी स्कीम नंबर 51, बुधवार रात बाइक से जा रहे थे। बड़े गणपति इलाके में उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार अरुण अपने दोनों बच्चों को लेने ससुराल महेश गाइड लाइन क्षेत्र जा रहे थे। रास्ते में हादसा हो गया। थार में जा रहे कुछ युवकों ने उन्हें शशि नर्सिंग होम पहुंचाया और उनके मोबाइल से परिजनों को सूचना दी।

# एयरपोर्ट परिसर के पास लगी आग

### सूखी झाड़ियों के कारण दूर से दिखाई दे रही थीं लपटें, दमकलों ने काबू पाया

दैनिक अवन्तिका ⏩ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर के पास बुधवार शाम सूखी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दूर-दूर तक धुआं और लपटें नजर आ रही थीं।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना हुई। साथ ही एयरपोर्ट थाना



पुलिस बल भी क्षेत्र में पहुंचा और हालात पर नियंत्रण की कार्रवाई शुरू की। दमकलों ने आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में बड़ी मात्रा में सूखी झाड़ियां फैली हुई हैं। गर्मी और सूखे मौसम के चलते यहां आग लगने की घटनाएं आम हो गई हैं। कुछ दिन पहले भी इसी तरह झाड़ियों में आग भड़कने का मामला सामने आया था। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में

# चाय वाले की शर्मनाक हरकत

दैनिक अवन्तिका ⏩ इंदौर

एमवाय के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक चाय वाले की शर्मनाक हरकत सामने आई है। वार्ड में चाय देने आए युवक ने महिला को देखकर अश्लील इशारे किए और उसका मोबाइल नंबर मांगने लगा। महिला के विरोध करने पर वह झगड़ा करने लगा। मामले में संयोगितागंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक 34 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि उसकी मां सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की चौथी मंजिल स्थित स्टॉक आईसीयू में भर्ती हैं। उनकी देखभाल के लिए वह अस्पताल में ही रह रही है। घटना 4 मार्च की रात करीब 8.45 बजे की है। उस समय वार्ड में छोटू नाम का चाय वाला चाय देने आया था। महिला का आरोप है कि चाय देते समय वह उसे देखकर अश्लील इशारे करने लगा और उसका नाम, पता व मोबाइल नंबर पूछने लगा। जब महिला ने जानकारी देने से मना किया तो आरोपी उससे बहस करने लगा। इसी दौरान आवाज सुनकर अस्पताल का सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंच गया। गार्ड को आता देख आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी छोटू चाय वाला के खिलाफ एफआईआर की है।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com